आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


पेज-12

वैशाख कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-88, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 74,671.28 ▲ +941.12
डॉलर 83.458 ▲ +0.056

**रांची सर्राफा**
सोना (10 ग्राम) 68,450
चांदी (1 किलो) 87,500

**आज के मैच**



समय : 30 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ

## जबरन नहीं तोड़ सकते किसी का घर, चाहे अतिक्रमण ही क्यों न हो : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अवैध अतिक्रमण ही क्यों ना हो। कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाएं बिना घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि राज्य सरकार को लगता है कि याचिकाकर्ता का घर अवैध अतिक्रमण का है तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई कर करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके याचिकाकर्ता का घर नहीं हटाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद 11 मार्च को याचिकाकर्ता ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिए थे। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।




### बिना मुआवजा दिए किसी की जमीन पर सरकारी भवन कैसे बना

झारखंड हाईकोर्ट ने गढ़वा जिले के कांडी थाना भवन को सील करने का आदेश दिया है। दरअसल, जिस जमीन पर थाने का भवन बनाया गया है, उस पर स्वामित्व का दावा जताते हुए अजय कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हुए मौखिक तौर पर कहा कि किसी की जमीन का मुआवजा दिए बगैर उस पर सरकारी भवन का निर्माण कैसे किया जा सकता है? प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने बहस की।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# भाजपा की फितरत हक मांगने पर जेल, अधिकार पर लाठी : कल्पना

## हेमंत जेल में हैं, लेकिन उनकी सोच को चार दीवारी में बंद नहीं किया जा सकता



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कल्पना सोरेन के नामांकन के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड में इंडी गठबंधन ने जनसभा में भाजपा पर सीधा हमला बोला। जनसभा में शिबू सोरेन व सीएम चंपाई सोरेन के साथ इंडी गठबंधन के सभी प्रमुख नेता शामिल हुए। सभा में गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा ही झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया। झारखंड का एक लाख 36 हजार करोड़ रख लिया। जब हेमंत सोरेन ने अपना हक मांगा तो उन्हें जेल में डाल दिया गया। कल्पना ने कहा कि भाजपा की फितरत है, हक मांगने पर जेल में डालने का, अधिकार मांगने पर लाठी मारने का। झारखंड को बचाना है तो राज्य की सभी 14 सीट पर, गांडेय विधानसभा सीट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### 150 भी पार नहीं कर पाएगी एनडीए

जनसभा में सीएम चंपाई सोरेन ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। चम्पाई ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। इसी तरह इस लोकसभा में एनडीए 150 सीट नहीं पार कर सकेगी। इनका बस चलता तो ये 543 सीटों पर जीत का दावा कर देते लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होने वाला है। मुख्यमंत्री से पहले कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं।

### गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन ने भरा पर्चा



गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने झामुमो प्रत्याशी के तौर पर सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस मौके पर झारखंड के सीएम चंपई सोरेन अपने मंत्रिमंडल के पांच सहयोगियों के साथ उपस्थित रहे। इनमें झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, कल्पना सोरेन के देवर और झारखंड सरकार के मंत्री बसंत सोरेन, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बन्ना गुप्ता और सत्यानंद भोक्ता शामिल हैं। बता दें कि इस सीट से झामुमो के विधायक डॉ सरफराज अहमद ने 1 जनवरी 2024 को इस्तीफा दे दिया था। बाद में उन्हें झामुमो ने राज्यसभा भेजा। नामांकन के अवसर पर सरफराज अहमद भी मौजूद रहे।



### यशस्विनी सहाय छह को करेंगी नामांकन

रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय छह मई को नामांकन दाखिल करेंगी। इस मौके पर गठबंधन में शामिल। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और वाम दल के नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सीएम चंपाई इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### खूंटी सीट से किसी ने नहीं लिया नाम वापस, सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में

खूंटी सीट के लिए सोमवार को नाम वापसी के निर्धारित समय तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार स्क्रूटनी के बाद सात प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं। सभी सातों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया। अर्जुन मुंडा-कमल, कालीचरण मुंडा - हाथ, सावित्री देवी, बीएसपी-हाथी, अर्पणा हंस, झापा-फलों की टोकरी, बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी-हॉकी एंड बॉल, संजय कुमार तिर्की - एयर कंडीशनर तथा बसंत कुमार लोंगा-अलमीरा दिया गया है।

### रांची सीट के चुनाव के लिए छह मई तक नामांकन

**रांची।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। इसकी जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को दी। बताया कि अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे। अभ्यर्थी छह मई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अगले दिन सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके दो दिन बाद यानी नौ मई तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी मैदान में डटे उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। 25 मई को मतदान होगा।

## भीषण गर्मी और लू के कारण केजी से वर्ग आठ तक की कक्षाएं स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा।

### शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी करेंगे ये काम

- कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशन, रिर्पोट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन कार्य पूरा करेंगे।
- यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करेंगे।
- विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की केटलागिंग करते हुए इसे संधारित करना सुनिश्चित करेंगे।
- विद्यालय के सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि का अद्यतन संधारण करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए आने वाले विद्यार्थियों का नामांकन का कार्य करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए कक्षावार एवं विषयवार पाठ्य योजना तथा संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करेंगे।
- सभी शिक्षक क्षमता निर्माण के लिए जे-गुरुजी एप्लीकेशन में स्वयं को पंजीकृत कराते हुए उस पर उपलब्ध वीडियो सामग्री का अवलोकन करेंगे।
- सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्व की भांति यथावत संचालित रहेंगे।
- कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य घर के बाहर गतिविधियां संचालित नहीं की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि अभिभावक संघ ने स्कूलों में छुट्टी करने की मांग की थी। इस संबध में झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रधान सचिव को सौंपा था, जिसमें मांग की गयी है कि तापमान में अत्यधिक वृद्धि को देखते हुए सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में छुट्टी दी जाये। इन परिस्थितियों में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावक के लिए चिंतनीय है।

**एक नजर**

### आज जारी होगा जैक इंटर का रिजल्ट

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स सभी का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स व 02 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com, jac.jharkhand.gov.in पर देखा सकते हैं। झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब चार लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

**आजकल**




## पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल गांव के पास सोमवार को अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। इस घटना में कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हजारीबाग बरकट्ठा निवासी लवनाथ सिंह (56) और चतरा निवासी रितिक कुमार (22) के रूप में हुई है। घटना के समय गाड़ी की रफ्तार काफी अधिक थी। दुर्घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। लवनाथ सिंह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में कोलियरी में कार्यरत थे और दोनों कार से हजारीबाग लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी विक्रम कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

### लोहरदगा में सड़क दुर्घटना, दो की मौत, 3 घायल

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग डिपो के समीप हुई सड़क दुर्घटना में आल्टो कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों ने पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल भेज दिया। लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ एनएच 143ए के किनारे खड़ी बॉक्साइड ट्रक से साइड लेने में आल्टो कार अनियंत्रित हो पेड़ से जा टकराई। आल्टो कार लोहरदगा की ओर से सेन्हा की ओर जा रही थी। कार सवार सभी युवक नशे में धुत थे और कार की गति काफी तेज थी। घायलों की पहचान किस्को थाना के अनुज उरांव, सूरज उरांव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा के अनु उरांव, चंदू उरांव तथा अमित उरांव के रूप में हुई है। अस्पताल ले जाने के क्रम में अमित उरांव और अनु उरांव की मौत हो गई।

## 'सत्ता पाने के लिए देश को बांटती रही है कांग्रेस'

### क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई करने वाले गरीब के बच्चे भी बनेंगे डॉक्टर-इंजीनियर

**एजेंसी। मुंबई**
भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोलापुर में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सत्ता पाने के लिए देश को बांटती रही है। इंडी गठबंधन का मकसद किसी तरह सत्ता हासिल कर मलाई खाना है। इसलिए मतदाताओं को इंडी गठबंधन की साजिश से सावधान रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को सोलापुर में कहा कि इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महासंग्राम चल रहा है। अब आप बताइए, क्या आप इतना बड़ा देश किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में देने जा रहे हैं, जिसका नाम नहीं पता, जिसका चेहरा नहीं मालूम? पीएम मोदी ने कहा कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### रैली में बच्ची लहरा रही थी पीएम की तस्वीर

कर्नाटक के बागलकोट में पीएम सोमवार को एक रैली को संबोधित कर रहे थे तभी उनकी नजर एक बच्ची पर पड़ी। जो हजारों की भीड़ के बीच पीएम मोदी की एक तस्वीर दिखा रही थी। पीएम ने अपने सुरक्षाकर्मियों को बच्ची से तस्वीर लाने को कहा। इसके बाद मंच से वह बच्ची से फोटो के पीछे अपना नाम और पता लिखने के लिए बोलते हैं। पीएम मोदी बच्ची से वादा भी करते हैं कि वह उसे चिट्ठी जरूर लिखेंगे। इस पूरे वाकया का 35 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### पीएम ने पत्ता पर फल बेचने वाली मोहिनी से की मुलाकात



कर्नाटक के सिरसी में उन्होंने अकोला की फल विक्रेता मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने स्वच्छता के लिए उनके काम पर मोहिनी का हौसला बढ़ाया।


## ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली सोरेन की याचिका पर नोटिस जारी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने वाली झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने इस पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 6 मई से शुरू हो रहे हफ्ते में मुकर्रर की है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि इस बीच झारखंड हाईकोर्ट के पास इसी मामले को लेकर हेमंत सोरेन की याचिका पर सुरक्षित रखा गया फैसला सुनाने का विकल्प खुला है। दरअसल, हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद झारखंड उच्च न्यायालय में रिट दाखिल की थी, जिस पर 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब तक इसपर कोई फैसला नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एसएलपी में हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि फैसला नहीं आने से वह लोकसभा चुनाव के प्रचार में भाग नहीं ले पा रहे हैं। सोरेन के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से किए गए आग्रह में कहा है कि हाईकोर्ट का फैसला न आने से सोरेन के समक्ष दुविधा की स्थिति है, क्योंकि वह कानूनी उपायों के लिए न तो आगे बढ़ सकते हैं और न ही पीछे जा सकते हैं। सिब्बल ने यह भी कहा कि ईडी के हलफनामे को पूरी तरह से स्वीकार करें, तो भी सोरेन की संलिप्तता नहीं दिखती है।

**इंडिया**

## एक वोट से भी इतिहास रचा जा सकता है


सुनील बादल

***हम*** सरकारों को बदलने पर बहस करते हैं पर चुनाव के दिन वोट देने नहीं जाते कि एक वोट से क्या होगा। चुनाव में एक वोट की अहमियत क्या होती है। एक वोट का क्या महत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ सीपी जोशी ने जाना था। वर्ष 2008 के विधानसभा चुनावों में डॉ सीपी जोशी नाथद्वारा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी थे। डॉ जोशी केवल एक वोट से चुनाव हार गए थे। डॉ जोशी ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि वह एक वोट से चुनाव हार जाएंगे। उनके लिए सबसे बड़े दुख की बात यह रही कि उनकी पत्नी मतदान करने नहीं पहुंच पाई थी। अगर वह मतदान करती तो मामला बराबरी तक तो पहुंच जाता लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चार चुनाव जीतने के बाद पांचवें में 1 वोट से हारे। डॉ सीपी जोशी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के तौर पर राजस्थान की नाथद्वारा विधानसभा सीट से वर्ष 1980, 1985, 1998 में और 2003 में चुने गए थे। पार्टी में सीनियर नेता होन के नाते वर्ष 2008 के चुनावों में सीएम पद के दावेदार भी थे। बड़े जोश से चुनाव मैदान में कूदे लेकिन जो अनहोनी हुई, उसके बारे में किसी ने सोचा तक नहीं था। डॉ जोशी खुद स्वीकार किया कि उनकी पत्नी और बेटी मंदिर गए थे। ऐसे में वह समय पर मतदान करने नहीं पहुंच सकी थी। डॉ जोशी भाजपा प्रत्याशी कल्याण सिंह चौहान से महज एक वोट से चुनाव हार गए। हाईकोर्ट ने रद्द किया चुनाव लेकिन 5 साल विधायक रहे कल्याण सिंह एक वोट से चुनाव हारने के बाद कांग्रेस नेता सीपी जोशी ने हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए मतदान में धांधली का आरोप लगाया। डॉ जोशी का आरोप था कि बीजेपी प्रत्याशी कल्याण सिंह चौहान की पत्नी कल्पना कंवर ने दो बूथों पर मतदान किया। बूथ संख्या 39 और 40 पर मतदान करने का आरोप लगाया था। लम्बे समय तक मामला कोर्ट में चला। आखिर वर्ष 2017 में राजस्थान हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया और चुनाव को रद्द कर दिया। बाद में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ कल्याण सिंह सुप्रीम कोर्ट चले गए। ऐसे में 5 साल का वक्त निकल गया और कल्याण सिंह पांच साल तक विधायक रहे। 2017 में गुजरात की तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था। एक सीट पर कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल लड़ रहे थे। कांग्रेस के ही दो विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी जिससे अहमद पटेल की जीत मुश्किल हो गई थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले दो एमएलए यह भूल गए थे कि वे वोट करते वक्त भी कांग्रेस के सदस्य थे और वे पोलिंग बूथ पर खड़े होकर अपनी बदली हुई वफादारी का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकते। इससे उनके वोट रद्द हो गए जिससे जीतने के लिए वोटों की संख्या 43.5 हो गई। अहमद पटेल को 44 वोट मिले थे, इस तरह वह आधे वोट से जीत गए। कर्नाटक विधानसभा के 2004 के चुनाव में एआर कृष्णमूर्ति जनता दल सेक्युलर के टिकट पर लड़े थे। उनके प्रतिद्वंद्वी ध्रुवनारायण को 40752 वोट मिले जबकि उनको 40751। वह विधानसभा चुनाव में एक वोट से हारने वाले पहले नेता बन गए थे।1876 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रदरफॉर्ड बी.हेज और टिलडन के बीच मुकाबला था। टिल्डन 2,50,000 के अंतर से पॉप्युलर वोट जीत गए थे। लेकिन जब इलेक्टोरल वोट की बारी आई तो उनको सिर्फ 184 वोट मिले थे जबकि रदरफॉर्ड 185 वोट जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई। मजबूत लीडर के तौर पर उभरीं मारग्रेट थैचर एक वोट ने इंग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मारग्रेट थैचर की जिंदगी में अहम भूमिका निभाई। साल 1979 की बात है। उन दिनों थैचर विपक्ष की नेता थीं। लेबर पार्टी सत्ता में थी और प्रधानमंत्री जेम्स कैलहैन थे। थैचर ने पीएम जेम्स कैलहैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के पक्ष में 311 और खिलाफ 310 वोट पड़े। यानी एक वोट से प्रस्ताव पास हुआ। उसके बाद चुनाव में जीत के साथ मारग्रेट थैचर मजबूत नेता के तौर पर उभरीं। हिटलर के खिलाफ एक वोट1919 में नाजी पार्टी की स्थापना हुई थी। 1921 में हिटलर ने नाजी पार्टी की कमान संभाली थी। नाजी पार्टी की कमान संभालने से पहले पार्टी के कई सदस्य हिटलर के खिलाफ थे। उनका मानना था कि वह बहुत महत्वाकांक्षी है और इस वजह से उनलोगों ने हिटलर की शक्तियों को सीमित करने की कोशिश की। इससे नाराज होकर हिटलर पार्टी छोड़कर चला गया। फिर उनलोगों को अहसास हुआ कि हिटलर जैसे प्रभावशाली इंसान के जाने से पार्टी पर असर पड़ेगा। इसके नतीजे में हिटलर पार्टी में लौटा तो सही लेकिन अपनी शर्तों पर। 29 जुलाई को हिटलर को पार्टी का चेयरमैन चुनने के लिए वोटिंग हुई। कुल 554 सदस्यों में से सिर्फ एक सदस्य ने हिटलर के खिलाफ वोट दिया। ऐसे समय में जब सारे सदस्य हिटलर के साथ खड़े थे, एक का उसके खिलाफ जाना वास्तव में ऐतिहासिक और साहसिक कदम था। आवश्यकता है सोशल मीडिया पर चल रहे दुष्प्रचार को समझने की जो निराशा फैलाना चाहते हैं। हमें अपने एक वोट से एक चेतना जागृत करनी है।



## एक नजर

### मेकॉन फुटबाल टीम का चयन ट्रायल 5 मई को

**रांची।** मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब द्वारा मेकॉन फुटबॉल टीम के लिए 5 मई को चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को 5 मई को मेकॉन के पुराने फुटबॉल मैदान में सुबह 6:30 मेकॉन स्पोर्ट्स क्लब के फुटबॉल विंग के सचिव सिद्धार्थ बेले को रिपोर्ट करने को कहा गया है। खिलाड़ियो की न्यूनतम आयु सीमा 16 वर्ष होना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ियों को स्टाइपेंड दी जाएगी।

### गिरिडीह में 18 लाख नकद और चार किलो गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस नशा के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी दीपक शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ पुलिस ने मिजार्गंज बाजार स्थित सुरेन्द्र साव के दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में बड़े पैमाने पर सुरेन्द्र साव के दुकान और घर से 18 लाख 18 हजार 700 नगद रुपए, चार किलो गांजा, 680 पीस बोंगा और बोंगा बनाने वाली 12 पैकेट समाग्री और गांजा और खैनी का मिश्रण भी 1.66 किलो ग्राम पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### अपराधी अमन साव गिरोह के दो गुर्गे की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** कुख्यात अपराधी अमन साव गिरोह के गुर्गे चंदन कुमार साव और वारिश अंसारी उर्फ मूसा की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर एटीएस की विशेष अदालत में सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रिज्वाइंडर फाइल करने के लिए समय की मांग की । इस पर अदालत ने समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह मई निर्धारित की है। दोनों पर एटीएस के पूर्व डीएसपी नीरज कुमार और उनकी टीम पर फायरिंग करने का आरोप है। मुठभेड़ के दौरान आरोपितों ने डीएसपी पर 17 जुलाई 2023 को फायरिंग कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। दोनों आरोपितों ने 26 अप्रैल को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। फिलहाल दोनों आरोपित जेल में है।

### साहिबगंज में 25 घर जलकर राख, दो साल की बच्ची की मौत

**साहिबगंज।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी के हाजी टोला में सोमवार को अचानक लगी आग से 25 घर जलकर राख हो गये। इस दौरान घर में सो रही एक दो वर्षीय बच्ची की झुलस कर मौत हो गयी, वहीं एक महिला घायल हो गयी है। बताया जाता है कि किसी एक घर से चूल्हे से निकली चिंगारी से घर जलने लगा। इसके बाद देखते-ही-देखते आग ने तकरीबन दो दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी घर धू-धू कर जलने लगे। काफी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों की मानें, तो इस हादसे में करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो रहा था।

---

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी का नामांकन आज

# नामांकन में जेबीकेएसएस सदस्य होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय कुमार मेहता 30 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता उनके नामांकन सभा में बड़ी संख्या में शामिल होगी । यह बात 29 अप्रैल को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कही । उन्होंने कहा की हजारीबाग के माटी के नवनिर्माण एवं सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित और समर्पित जेएलकेएम प्रत्याशी संजय कुमार मेहता गांधी मैदान हजारीबाग में होते हुए सुबह 11:00 बजे पैदल मार्च करते हुए नामांकन स्थल की ओर बढ़ेंगे । इसमें झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सभी लोग हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे । क्योंकि बीते 3 वर्षों से झारखंडी जनमानस के हक अधिकार की लड़ाई लड़ी जा रही है और इसी उड़हश्य से पार्टी का गठन हुआ है । इस पार्टी के तहत यह अपना नॉमिनेशन करवाएंगे । इस पार्टी के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो हैं जो झारखंड के शोषित, पीड़ित, वंचित, दबे, कुचले, गरीब, मध्यम वर्ग के लोगों की आवाज हैं । कहा की उनके नामांकन के शुभ घड़ी सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संजय मेहता के नामांकन में शामिल होंगे ।

### बीचा मुखिया महेश बेदिया की हत्या के आरोप में साहिल को उम्रकैद

**रामगढ़ ।** पतरातू प्रखंड के बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्याकांड में साहिल उर्फ सिद्दीकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे की अदालत ने किया सजा सुनाई। अदालत ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं एक अन्य धारा के तहत आरोपी को सात वर्ष सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देने से पूर्व जांच अधिकारी सहित सभी गवाहों की गवाही और लोक अभियोजक परमानंद यादव के बयान के आधार पर दोषी पाया था।

### पिकअप वैन की टक्कर से महिला की मौत, आठ घायल

**दुमका।** पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के समीप पिकअप वैन की टक्कर में रविवार देर रात एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर हो गए। सभी को इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां इलाज के दौरान रखसाना बीवी (46) की मौत हो गई। मृतका साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र के करमा गांव की रहने वाली थी और भतीजी की शादी में उत्तरप्रदेश के मऊ जिले के बख्तावरगंज से आई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के चचेरे भाई हबीउल्ला अंसारी ने बताया कि 27 अप्रैल को बहन की बेटी की बरहेट के हरवाडीह गांव में शादी थी। शादी में मऊ जिले से बहन रुखसाना बीवी भी आई थी। शादी के दो दिन बाद 28 की रात में सभी लोग वापस लौट रहे थे। रविवार को बहन के अलावे घर के आठ सदस्य पाकुड़ के हिरणपुर स्थित रामपुर गांव में बीमार एक रिश्तेदार को देखने के लिए ऑटो से जा रहे थे। बरमसिया गांव के पास पिकअप वैन की ऑटो से टक्कर हो गई।

### 30 अप्रैल से जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट विमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेंट का शुभारंभ

# टूर्नामेंट में 11 जिला के खिलाड़ी होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट विमेंस अंडर-15 टी 20 टूर्नामेंट 2023-24 का शुभारंभ 30 अप्रैल से बोकारो में होने जा रहा है। जिसमे झारखंड के 11 जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। हजारीबाग टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में सलोनी कुमारी पिता छोटन राणा ग्राम कुंडवा बरही, बॉयज मिडिल स्कूल बरही, नयाशा गुप्ता पिता मनोज कुमार, ग्राम धनबाद रोड डीवीसी बरही, इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर, माही सिंह पिता मोती कुमार सिंह, ग्राम बरहीडीह, डीएवी पब्लिक स्कूल बरही, असुमिता कुमारी पिता उमेश यादव, ग्राम बुंडू, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही, दिव्या सिंह पिता रंजीत कुमार सिंह ग्राम बरहीडीह, यूपीजी मिडिल स्कूल बरहीडीह, आलिशा भारद्वाज पिता रंजीत कुमार, डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग, कुमारी संस्कृति सिंह पिता अनुज कुमार सिंह, माता रूबी सिंह ग्राम कटीयौन श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा, तानिया कुमारी पिता ध्रुवनारायण सिंह, ग्राम हजारी धमना, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तृप्ति गुड़िया पिता प्रकाश कुमार ग्राम रसोईया धमना, रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल रसोईया धमना, कुमारी वर्षा रानी पिता डब्लू प्रसाद, लुंदरू स्कूल, दून सेंट्रल स्कूल हजारीबाग, आष्टिका गुप्ता पिता आशीष कुमार, ग्राम कटकमदाग, एसटी स्टीफन स्कूल शामिल है। उक्त जानकारी एचडीसीए के कार्यकारिणी सदस्य सह बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने दिया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि खेल को ग्रुप ए जिसका वेन्यू पाकुड़ है व ग्रुप बी जिसका वेन्यू बोकारो है। हजारीबाग टीम को ग्रुप बी शामिल किया गया है, जिसका वेन्यू बोकारो है। जिसका पहला मैच 1 मई को जमशेदपुर टीम से, 2 मई को खुटी टीम से, 3 मई को लोहरदग्गा टीम से, 5 मई को गिरिडीह टीम से, 7 मई को बोकारो टीम से होगा। 9 मई को दोनो ग्रुप के शीर्ष चार टीमों के साथ सेमीफाइनल एवं 10 मई को फाइनल मैच खेला जाएगा।

# युवती ने फंदे में झुलकर की आत्महत्या




**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
मुरी ओपी क्षेत्र के छोटा मुरी बजार के समीप रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मुरी ओपी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी मुकुन्दं शर्मा की पत्नी संध्या देवी उम्र 25 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने कमरे को बंद करके पंखे में अपने दुपट्टा के सहारे फंदे से लटक गई। काफी देर होने के बाद जब दरवाजा नहीं खोला गया तो ग्रामीणों की मदद से दरवाजा को तोड़ दिया गया। देखा गया की महिला फंदे से लटक रही है आनन फानन में उसको फंदे से उतार कर सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सुचना मुरी ओपी पुलिस को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस से पुछने पर बताया की हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### एसवीएम में शिशु बाल, किशोर तरुण एवं कन्या भारती का गठन

**रामगढ़।** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में लोकतांत्रिक तरीके से नवीन सत्र 2024-25 के लिए शिशु-बाल, किशोर तरुण एवं कन्या भारती का गठन विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुआ । प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बताया कि विद्या भारती द्वारा संचालित शिशु मंदिरों में शिशु-बाल, किशोर-तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इससे विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती है। भैया-बहनों के नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। यहां अध्ययन करने वाले भैया-बहन सर्वगुण संपन्न हो, इसी उद्देश्य को लेकर शिशु मंदिरों में शिशु, बाल, किशोर, तरुण एवं कन्या भारती का गठन किया जाता है। इस दौरान चयनित पद ?ाधिकारियों के साथ विद्यालय की व्यवस्था में छात्र-छात्राओं की भागीदारी के लिए विभित्र विभाग जैसे-वंदना, सांस्कृतिक स्वच्छता, अनुशासन, चिकित्सा, शारीरिक, योग, खेलकूद, खोया-पाया, जल, बागवानी, पुस्तकालय आदि का दायित्व भैया-बहनों के बीच आवंटन किया गया।

### झारखंड चैंबर ने व्यापारियों की समस्या व उसके समाधान पर की समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
व्यापार जगत के बीच वर्तमान में बनी हुई समस्या और उसके समाधान के लिए सोमवार को चैंबर भवन में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की एक समीक्षा बैठक हुई। गुमला और नेतरहाट में जिले के व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई के लिए विभागीय अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया। बैठक में चैंबर की उपसमितियों की गतिविधियों को सक्रिय बनाने के साथ ही आगामी माह में अन्य जिलों के दौरों पर भी वार्ता की गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि गुमला, गढ़वा, बंशीधरनगर, गोड्डा, रामगढ़ समेत विभिन्न जिलों के व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याएं और सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। मंगलवार को चैंबर भवन में ट्रैफिक एसपी के साथ आयोजित होने वाली बैठक पर भी चर्चा की गई। सह सचिव शैलेष अग्रवाल और अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि शहर को जाममुक्त बनाने के लिए चैंबर द्वारा हाल ही में ट्रैफिक एसपी को अपने सुझावों से अवगत कराया गया था।

# बूथ पर वरिष्ठ व दिव्यांगजनों की मदद करेंगे वालंटियर्स



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त वालंटियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने की। मालूम हो कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में वरिष्ठ व दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान हेतु प्रत्येक मतदान केंद्र पर 14 वर्ष से ऊपर एवं 18 वर्ष से कम उम्र के चार वालंटियर की प्रतिनियुक्ति निर्वाचन आयोग के आदेश पर की गई है। प्रशिक्षण में सभी वालंटियर को वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं को किस तरह से सहयोग करना है इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा खलारी प्रखंड के सभी मतदाताओं से अपील किया गया कि मतदान केंद्रों पर सभी तरह की मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए वालंटियर भी प्रतिनियुक्त हैं, ऐसे में सभी मतदाता 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। बताया गया इस बार मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मनोज कुमार व पूजा कुमारी द्वारा वालंटियर्स को उनके दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदित्यनाथ झा, जनसेवक, योगेशप्रसाद योगेश, कंप्यूटर आपरेटर, सभी बीएलओ एवं सभी वालंटियर उपस्थित थे।

### तलाशी — पुलिस अधीक्षक ने चलाया लगातार छापेमारी अभियान

# 14 वर्ष से फारार चल रहे वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधकर्मियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ० बिमल कुमार द्वारा लगातार चलाये जा रहे छापामारी अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि गोव (एफ) केस नं-373/2010 मेमो नं 142-143, दिनांक-04-03-2024 में 14 वर्षों से फरार चल रहे अभि० सोमर मुण्डा उर्फ सोमर पाहन उम्र करीब 60 वर्ष, पे०-स्व० दुखन पाहन उर्फ दुखन मुंडा, सा० ग्राम जराद (केन्दुडिपा), थाना-बासल, जिला-रामगढ़ अपने घर में चोरी छुपे रह रहें है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा पुअनि कैलाश कुमार थाना प्रभारी बासल के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा अभियुक्त के घर से 14 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त सोमर मुंडा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त अभियुक्त के विरूद्ध माननीय न्यायालय से कुर्की अधिपत्र निर्गत किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ० बिमल कुमार के दिशा-निर्देश में पिछले दिनों रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न थाना/ओपी में दर्ज पुराने से पुराने कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।
गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पता : सोमर मुण्डा उर्फ सोमर पाहन उम्र करीब 60 वर्ष, पे०-स्व० दुखन पाहन उर्फ दुखन मुण्डा, सा०-ग्राम जराद (केन्दुडिपा), थाना-बासल, जिला-रामगढ़ छापेमारी दल में पुअनि कैलाश कुमार बासल थाना प्रभारी, पुअनि निमिर हेस्सा बासल थाना, पुअनि जॉनी कुमार बासल थाना सहित बासल थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अपराधियों ने व्यवसायी को मारी गोली, पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

**नवीन मेल संवाददाता। छतरपुर**
छतरपुर थाना के बगल में कन्या मध्य विद्यालय के समीप अज्ञात अपराधियों ने 48 वर्षीय संतोष कुमार साव, पुत्र गनौरी साव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें तत्काल इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार संतोष हर रोज की तरह अपने दुकान बंद करके अपने घर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। चिकित्सकों ने इनकी नाजुक स्थिति को देखते एमएमसीएच रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद भीड़ उग्र होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छतरपुर-मेदिनीनगर मुख्य पथ को थाना के सामने जाम कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है।

### सिल्ली में आजसू पंचायत प्रभारियों का सम्मेलन संपन्न

**सिल्ली।** आजसू पार्टी की ओर से सिल्ली के सुलुमजुड़ी स्थित द विलेज रिसोर्ट में सोमवार को विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सभी पंचायत प्रभारियों के साथ संगठन के मजबूती को लेकर चर्चा की। वहीं उन्होंने पौचायत प्रभारियों को ग्राम प्रभारियों एवं चुल्हा प्रमुखकों का पुनर्गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार संजय सेठ को विजयी बनाने के लिए रूपरेखा की चर्चा की। वहींउन्होंने कहा आगामी 2 अप्रैल को रांची लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार के नामांकन ऐतिहासिक होगी। इसके लिए सभी पंचायत प्रभारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एकजुट हो कर एवं समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क हादसे में दो घायल



**मांडर।** थाना क्षेत्र के मुड़मा चौक के निकट सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार रांची मधुकम निवासी हर्ष कुमार और विकास शर्मा बाइक से मांडर से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। इस बीच मुड़मा के जयवंत शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निकट एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

### धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक 'अंधा युग' का हुआ मंचन

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में धर्मवीर भारती के कालजयी नाटक 'अंधा युग' का मंचन किया गया। मौका था कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कल्चरल फेस्ट का। इस बहुमुखी कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, नृत्य और क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और हुनर को प्रदर्शित किया। इस दौरान कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर एलेक्स एक्का एसजे, उपप्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, परीक्षा नियंत्रक प्रो बीके सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा एसजे और अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो ने विभाग के विभिन्न क्लबों के लोगो का भी अनावरण किया। उप प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज एसजे ने अंग्रेजी विभाग द्वारा की गई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने परीक्षा का दवाब होने के बावजूद लगन और परिश्रम के साथ जो प्रयास किया है, वह सराहनीय है और यही संत जेवियर्स कॉलेज की विशेषता भी है। रेक्टर फादर एलेक्स एक्का एसजे ने कहा कि अंग्रेजी विभाग कॉलेज के अग्रणी विभागों में से एक है और विभाग द्वारा नाट्य परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास सुखद है।

### लोकसभा चुनाव में मतदान करने को लेकर बच्चों ने अपने अभिभावकों को लिखा पत्र

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में विशेष पहल के तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है । जिला प्रशासन द्वारा जिन बच्चों द्वारा प्रभावी तरीके से अपने अभिभावकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2020 के दौरान मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर पत्र लिखा जा रहा है उनके पत्र को जिला प्रशासन रामगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से पोस्ट किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार के महत्व को समझ कर आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बिना किसी भय, लोभ अथवा किसी भी चीज के प्रभाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हों। पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू की सुनैना कुमारी ने अपने अभिवावक को लिखा है।

### अर्थशास्त्र विभाग ने पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग ने मतदान जागरूकता फैलाने के संबंध मे पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया। जिसमे स्नातक एवम स्नाकोत्तर के छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिता होते रहनी चाहिए ताकि नागरिको को अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होते रहे और अपनी उजवल भविष्य कि ओर अग्रेषित होते रहे। विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा किसी भी लोक तांत्रिक देश के लिए मतदान बहुत ही जरूरी है। देश मे देश के नागरिक के द्वारा शाशक का चयन करना मतदान कि प्रक्रिया के वजह से ही होता है। मतदान कि वजह से ही आम आदमी अपने इच्छा अनुसार ईमानदार और नेक प्रतिनिधि को चुन सकता है और देश को अच्छी सरकार मिल सकती है। इस मौके पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ.निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका पंचायत स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 2 ग्रुप में बांट कर किया गया । सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर अरुण कुमार, द्वितीय स्थान पर आशिक कुमार दोनों के पिता छोटी प्रसाद तथा तृतीय स्थान पर सूरज राणा पिता फूलचंद राणा रहे। जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सागर कुमार पिता शंभू मोदी ,द्वितीय स्थान पर उत्कर्ष कुमार पांडेय पिता सुरेश कुमार पांडेय ,तृतीय स्थान पर सरताज अंसारी पिता जहीर अंसारी ने प्राप्त किया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया ।निदेशक ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में कक्षा पांचवी से ही बच्चों को जीपीएससी,यूपीएससी लेवल का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रत्येक माह आयोजित करवाते हैं, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ सके। संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बताया की वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक तौर पर बच्चों को तैयार करने के लिए विद्यालय समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित करता है ताकि बच्चों को पढ़ाई में रुचिकर बना रहे।

# गर्मी की छुट्टियों से पहले रेलवे चला रहा समर स्पेशल ट्रेनें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां जल्द होने वाली हैं। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से इस दौरान समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है, जिससे राज्य के यात्री छुट्टी मनाने अलग-अलग स्थानों पर जा सकते हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त एक दर्जन समर स्पेशल ट्रेनें हैं, जिसमें सीट मिल सकती है। अधिसंख्य गाड़ियों को जून के अंतिम सप्ताह तक परिचालित किया जाएगा।

### समर स्पेशल ट्रेनों में मुख्य रूप से ये शामिल



- ट्रेन संख्या 08624 रांची-इस्लामपुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटानगर पटना स्पेशल प्रत्येक शनिवार को टाटानगर एवं पटना से चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या 02839 और 02840 शालीमार-पुरी स्पेशल शालीमार से प्रत्येक रविवार और पुरी से प्रत्येक सोमवार चलेगी।
- ट्रेन संख्या 07223 और 07224 सिकंदराबाद-संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार और संतरागाछी से प्रत्येक शनिवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 07225 और 07226 सिकंदराबाद-शालीमार स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक सोमवार और शालीमार से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 02863 और 02864 हावड़ा-यशवंतपुर स्पेशल हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को और यशवंतपुर से प्रत्येक शनिवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 06507 और 06508 एसएमवीटी बेंगलुरु-खड़गपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और खड़गपुर से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 06081/06082 कोचुवेली-शालीमार स्पेशल, कोचुवेली से प्रत्येक शुक्रवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 02847 और 02848 संतरागाछी-दीघा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को संतरागाछी और दीघा से हर रविवार को चलाई जाएगी।
- ट्रेन संख्या 03465/03466 मालदा टाउन-दीघा स्पेशल मालदा टाउन से हर शनिवार और दीघा से हर रविवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 06585/06586 एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और हावड़ा से प्रत्येक शनिवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 07221/07222 सिकंदराबाद संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक मंगलवार और संतरागाछी से प्रत्येक बुधवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची- स्पेशल रांची से प्रत्येक गुरुवार को और भागलपुर से प्रत्येक शुक्रवार को जाएगी।
- ट्रेन संख्या 08103/08104 टाटानगर-वाराणसी स्पेशल टाटानगर से प्रत्येक गुरुवार को और वाराणसी से प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी।
- ट्रेन संख्या 08483/08484 पुरी-शालीमार स्पेशल पुरी से प्रत्येक रविवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार को चलेगी।

## ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों में अंकित लकड़ा और नितीन खलखो शामिल हैं। दोनों लालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 6.13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यों की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रही लगातार छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सुप्रभात रांची



अनूठा राज्य है झारखंड। यहां मखमली हरीतिमा है, झरनों का कलरव गान है। कोयल की कूक है, हाथियों की चिंघाड़ एवं शेरो की दहाड़ है। नदियां जीवनदायिनी हैं। पुराने शैलों में देश का गौरवमयी इतिहास छिपा है। ऐसे सुंदर राज्य में शिक्षा, विशेषकर उच्चतर शिक्षा में गिरावट आ रही है। शिक्षा सामाजिक गतिशीलता प्रदान करती है। शिक्षा त्वरित विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। श्री विष्णु पुराण कहा गया है 'साविद्या या विमुक्तये', यानी विद्या वही है, जो मुक्त करे। राष्ट्रीय प्रगति और रोजगार पैदा करने के लिए शिक्षा को लेकर आंदोलन होना चाहिए। परंतु, विडंबना है कि राज्य में औसत साक्षरता अन्य राज्यों से पीछे रही है। इस राज्य में कुछ शहरी क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर, राष्ट्रीय औसत से अच्छा है। इस कारण यहां के कुछ छात्रों का नामांकन देश के नामी संस्थानों में न सिर्फ होता है, बल्कि वे अत्यंत सफल भी होते हैं। कई प्राइवेट विश्वविद्यालय भी हैं, पर पर्याप्त नहीं। यहां शिक्षा का स्तर नहीं सुधरा है, और यही कारण है कि लोग यहां से पलायन कर रहे हैं। अतः यह आवश्यक है कि कौशल विकास को मध्य में रखकर शिक्षा का एक नया प्रारूप तैयार किया जाए, ताकि रोजगार पैदा हो सके और पलायन रुक सके।

डॉ सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व कुलपति वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, पूर्व विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांर्ची

# विहिप 12 मई से मनाएगा सीता नवमी महोत्सव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप), रांची महानगर की जिलास्तरीय बैठक सोमवार को राजधानी के किशोरगंज स्थित प्रांत कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में विहिप के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में विगत कार्यक्रमों अंबेडकर जयंती, श्रीरामोत्सव, श्री हनुमान जन्मोत्सव की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तय किया गया आगामी 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसमें मातृशक्ति-दुर्गा वाहिनी की बहनें सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगी। साथ ही, सभी नगरों में दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति का गठन किया जाएगा। जून माह में होने वाले परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति-दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता वर्ग में प्रशिक्षण लेने जाएं, इसके लिए प्रखंड के अध्यक्ष एवं मंत्री को सूची बनाने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित में मतदान का प्रतिशत अधिकतम हो, इस दृष्टि से सभी कार्यकर्ता लोक जागरण का कार्य अपने-अपने क्षेत्र में रहकर करेंगे। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी ने की। संचालन महानगर सहमंत्री विश्वरंजन ने किया। बैठक में धर्म प्रसार प्रांत परियोजना प्रमुख रेणु अग्रवाल, मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख डॉ ज्योतिका श्रीवास्तव, विभाग सह मंत्री रविशंकर राय, महानगर संयोजक दीपक साहू, धर्म प्रसार प्रमुख रतन केसरी, महानगर कोषाध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, राजेश अग्रवाल, शंकर प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिन इलाकों में सालों भर रहती है पानी की कमी, वहां बढ़ी लोगों की परेशानी

**अमित कुमार। रांची**

वैशाख अभी शुरू ही हुआ है और राजधानी रांची के लोग जेठ की तपिश झेल रहे हैं। गर्मी का यह हाल है कि लोग घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। राज्य सरकार ने सोमवार को अगले आदेश तक वर्ग 1 से 8 तक की कक्षाएं स्थगित कर दी है। गर्मी का यही हाल रहा तो, पांच-सात दिन में ही पानी के लिए हर तरफ परेशानी दिखने लगेगी। कुआं तथा बोरिंग का पानी सूखना शुरू हो जाएगा। तालाब मैदान बन जाएगा। यह कल्पना करना भयावह है कि इस गर्मी में उन गली-मुहल्लों की स्थिति क्या होगी, जहां पानी को लेकर सालों भर परेशानी बनी रहती है। इन इलाकों का अप्रैल में ही खराब हाल है। इन क्षेत्रों में एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन पानी के लिए आबादी के अनुसार व्यवस्था सही नहीं है। ऐसे में एक बड़ी आबादी पूरे परिवार के साथ रतजगा कर पानी के जुगाड़ में लगी रहती है।



### हरमू रोड स्थित वाल्मीकि नगर

वाल्मीकि नगर में तकरीबन 300 से अधिक परिवार रहते हैं। इन परिवारों के लिए गर्मियों में पानी एक बड़ा चैलेंज बन जाता है। पानी के लिए सभी परिवार वाटर सप्लाई पर निर्भर हैं। पिछले दिनों ही पानी की सप्लाई दो दिनों के लिए रुक गई थी और इससे वहां के लोगों की जिंदगी थम-सी गई थी। ऐसे में एकमात्र सहारा सिर्फ एक चापानल था। जहां दिनभर परेशान हो कर लोग किसी तरह एक-दो बाल्टी पानी भर पा रहे थे। जिंदगी केवल एक-दो बाल्टी पानी के इर्द-गिर्द घूमकर रह जा रही थी।

### हरमू फारुकी स्ट्रीट नीचे बस्ती

यहां तकरीबन 1500 से अधिक की आबादी निवास करती है। इतनी बड़ी आबादी के लिए मात्र एक मिनी एचवाईडीटी की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। इससे यहां रह रहे पूरे परिवार को पानी मिलना संभव नहीं है। यहां पर पिछले साल ही सभी घरों में नल का कनेक्शन कर दिया गया है, लेकिन एक साल से लोग पानी का इंतजार ही कर रहे हैं।

### सुखदेव नगर थाना के सामने

यहां पर काफी बड़ी सोसाइटी को बसाया गया है। यहां तकरीबन 500 से अधिक लोग रहते हैं। यहां 40 से अधिक फ्लैट बने हुए हैं। प्रत्येक तीन टावर पर एक बोरिंग है। लेकिन, इसमें से अधिसंख्य बोरिंग खराब हो चुकी हैं। अब यहां 12 से 13 टावर पर एक बोरिंग रह गई है। ऐसे में सभी को पानी नहीं मिल पाता है। पानी के लिए वहां के सभी परिवार टैंकर के भरोसे हैं।

> मधुकम स्थित खादगढ़ा में कुल 42 परिवार को बसाया गया था। तब सभी की पानी की जरूरतें पूरी हो जाती थीं। लेकिन, अब वहां पर 200 से अधिक परिवार रहने लगे हैं। इसकी सूचना निगम के पास नहीं है। ऐसे में पानी की खपत अचानक बढ़ गई है। बावजूद इसके, किसी तरह पानी की आपूर्ति की जाती रही है।
>
> सोनी परवीन, पूर्व वार्ड पार्षद, वार्ड 29, रांची।

> निगम द्वारा कई क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है। उन क्षेत्रों में समय-समय पर टैंकरों द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में पानी नहीं है, वहां से सूचना मिलते ही टैंकर भेजवा दिया जाएगा।
>
> अमित कुमार, आयुक्त, रांची नगर निगम।

## न्यूज बॉक्स

### मेडिका रांची के डॉ. विजय मिश्र 'इंस्पायरिंग इंटेंसिविस्ट ऑफ इंडिया' सम्मान से सम्मानित



**रांची।** मेडिका हॉस्पिटल, रांची के क्रिटिकल केयर विभाग के निदेशक डॉ विजय मिश्र को उनकी मेहनत, जिम्मेदारीपूर्ण कार्यप्रणाली और सामाजिक भागीदारी के लिए टाइम्स ग्रुप द्वारा 'इंस्पायरिंग इंटेंसिविस्ट ऑफ इंडिया' के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ मिश्र को उनकी उत्कृष्टता और चिकित्सा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया है। सम्मान समारोह दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि फ्रांस की यूनिवर्सिटी पेरिस-सैकले में थेरेप्यूटिक्स और क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रोफेसर जीन-लुई टेबौल थे। समारोह में देश-विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियों सहित कई गण्यमान्य उपस्थित थे। डॉ मिश्र की इस उपलब्धि पर मेडिका के एवीपी, अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, डॉ विजय मिश्र और मेडिका के सभी चिकित्सक अपने-अपने क्षेत्र में धुरंधर हैं और समाज तथा देश के प्रति गहरी समर्पण भावना रखते हैं।

### मारवाड़ी कॉलेज पासआउट विद्यार्थियो के लिए आयोजित करेगा स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम




- 2 मई से होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन
- 1000 रुपया है रजिस्ट्रेशन शुल्क

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल और अनुदीप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पासआउट बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएसी, एमकॉम के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा हैं। यह अवसर वर्ष 2021, 2022, 2023 और 2024 के पासआउट उन विद्यार्थियों के लिए है, जिनका प्लेसमेंट अभी तक नहीं हो पाया है। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि इस प्रोग्राम में रजिस्ट्रेशन के लिए इच्छुक विद्यार्थी अपना बायोडाटा मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल में आफिस असिस्टेंट रीता सिंह के पास 2 से 8 मई 2024 जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ऑफिशियल वेबसाइट के प्लेसमेंट सेल के पेज पर जाकर 2 मई से किया जा सकता है। चयन ऑफलाइन टेस्ट, इंटरव्यू राउंड और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर होगा।

### पारस हॉस्पिटल ने धूमधाम से मनाई दूसरी वर्षगांठ

**रांची।** एचईसी स्थित पारस हॉस्पिटल अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल ने दो साल की उत्कृष्टता का जश्न मनाया। वर्षगांठ समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर हुई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों का स्वागत किया गया। 'जर्नी ऑफ पारस' शीर्षक से एक विशेष रूप से तैयार किए गए वीडियो में हॉस्पिटल के उल्लेखनीय विकास, मील के पत्थर और समुदाय पर इसके प्रभाव की एक झलक को दिखाया गया। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल निदेशक डॉ नितेश कुमार ने बताया कि पारस हॉस्पिटल ने सफलता के दो साल पूरे कर लिए है। इन दो सालों में हॉस्पिटल ने सैकड़ों मरीजों का इलाज कर उनको मुस्कान दी है। यहां कई अनुभवी डॉक्टरों और कर्मियों की टीम है, जो मरीजों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। हॉस्पिटल के मुख्य परिचालन अधिकारी, वित्त निदेशक और निदेशकों सहित अन्य लोगों ने पारस अस्पताल की यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य के दृष्टिकोण को दर्शाते अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पारस हॉस्पिटल में समर्पण और कड़ी मेहनत

### पुरुष वर्ग में राणीसती सुपर किंग्स और महिला वर्ग में रांची वारियर्स बना चैंपियन

**रांची।** सीएपीएल-2024 में पुरुष वर्ग में राणीसती सुपर किंग्स और महिला वर्ग में रांची वारियर्स फीमेल ने खिताब पर कब्जा जमाया। सीएपीएल-2024 राजधानी रांची के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा आयोजित क्रिकेट श्रृंखला है। क्रिकेट श्रृंखला यूनाइटेड एशिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित की गई थी और प्रेमसंस मोटर्स से पॉवर्ड थी।

सीएपीएल-2024 में पुरुष वर्ग के फाइनल में राणीसती सुपर किंग्स और रांची चैलेंजर्स के बीच भिड़ंत हुई। सुपर किंग्स ने रांची चैलेंजर्स को नौ विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। महिला वर्ग के फाइनल में रांची वारियर्स ने सुविधा सुपरनोवास को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया।

### बीएयू में 'मैत्री' प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन, मिला प्रमाणपत्र

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के पशुचिकित्सा महाविद्यालय में भारत सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत ग्रामीण भारत के बहुउद्देशीय कृत्रिम गर्भाधान टेक्नीशियन (मैत्री) का एक माह का प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। इस 15वें बैच का प्रशिक्षण 27 मार्च को प्रारंभ हुआ था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची, बोकारो, गढ़वा, जामताड़ा, गुमला, पाकुड़, गिरिडीह और चतरा जिले के कुल 37 लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन पर बीएयू के पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद तथा डेयरी टेक्नोलॉजी कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ आलोक कुमार पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। साथ ही, उन्हें अपना आगे का कार्य गंभीरतापूर्वक करने का परामर्श दिया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि मई 2022 में यह परियोजना प्रारंभ हुई थी और विभिन्न बैच में अबतक झारखंड के लगभग 500 युवाओं को मैत्री प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# मोरहाबादी मैदान के पास संचालित शराब दुकानें हटाई जाए : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मोरहाबादी मैदान, धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार व शराब दुकानों को अविलंब स्थानांतरित करने की मांग की। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने शराब दुकानों और बार के चलते मोरहाबादी के समीप हुई कई अप्रिय घटनाओं के साथ आमजनों और वीवीआईपी आवासीय परिसर में रहने वाले विशिष्ट जनों को होने वाली समस्या की ओर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित शराब दुकानों के कारण असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े से इस क्षेत्र की सुरक्षा में सेंध लगने की संभावना से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही, कहा कि आसपास स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों और खेल परिसरों में अभ्यास करने वाले सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच भी असुरक्षा का भाव रहता है।



**प्रतिनिधिमंडल ने रांची उपायुक्त को मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा**

**धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के पास से भी हटाएं शराब की दुकानें**

युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह ने कहा कि रांची में कई बार व शराब दुकानें धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बेहद करीब संचालित हो रही हैं। ये बार और शराब दुकानें राज्य सरकार की नियमावली की अवहेलना भी करते हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जानी चाहिए। युवा नेता वेदांत कौस्तव ने कहा कि धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के पास खुलेआम शराब बिक रही है।

# रांची पुलिस ने 1200 दागियों से भरवाया बांड

## लोस चुनाव को लेकर अलर्ट, संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस अलर्ट है। उसने रांची और इसके आसपास के इलाकों से वैसे 1200 लोगों को चिह्नित किया है, जो प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से किसी विवाद में शामिल रहे हैं। उन सभी लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजकर थानों में बुलाया। चुनाव के दौरान माहौल नहीं बिगाड़ेंगे और न बिगड़ने देने का सभी से बांड भरवाया गया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरवरी माह में ही जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिया था कि माहौल बिगाड़ने वालों वैसे लोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं, उन्हें चिह्नित कर उनकी सूची बनाकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराएं। सभी थानेदारों ने अप्रैल माह में सूची तैयार कर एसएसपी को सौंपी। इसी आधार पर थानेदारों द्वारा भेजे गए नामों की सूची की जांच की गई। इसमें से 1200 लोगों को चिह्नित किया गया। उन सभी को थाना स्तर से पहले नोटिस भेजा गया। उसके बाद उन्हें थाना बुलाकर बांड भरवाया गया है। वहीं, दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ भी रांची पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत जिलेभर में 23 सौ लोगों को सीआरपीसी की धारा 107 के तहत नोटिस किया गया है। इसमें अधिकतर संदिग्ध चरित्र के लोग शामिल है। एसएसपी चंदन सिन्हा ने रविवार की देर रात तक राजधानी रांची के सभी थानेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बताया कि जिला में होने वाले लोकसभा चुनाव को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए दबंग, दागी तथा संदिग्ध चरित्र के लोगों को चिह्नित करके उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। बूथवार भी लोगों को चिह्नत किया जा रहा है, जो पहले हुए चुनाव के दौरान माहौल खराब कर चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि बांड भरने के बाद अगर कोई व्यक्ति आशांति फैलाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा, सभी थाना प्रभारी को वारंटी की गिरफ्तारी, नशे के सौदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक वारदातों पर पूरी तरह से नकेल कसने की हिदायत दी गई है।



*रांची लोकसभा क्षेत्र में बूथवार लोगों को किया जा रहा चिह्नित*

*पहले हुए चुनावों में माहौल खराब कर चुके लोगों पर कड़ी नजर*

### एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने उल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

# हम एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े रहें : रेखा जैन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने अपना वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर के मुख्य अतिथि अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) तथा रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीपक जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वार्षिक दिवस उत्सव का विषय 'उत्सव : द ज्वॉय ऑफ सेल्फ डिस्कवरी' था।

सभा को संबोधित करते हुए, रेखा जैन ने कहा कि स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब अपनी विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है, जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण यानी वंचितों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि। सदस्यों के संयुक्त प्रयासों के कारण क्लब द्वारा सभी पहल की गई है।

रेखा जैन ने सदस्यों के लिए कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं सहित पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने सदस्यों को एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े होने और आसपास के समाज पर स्थायी प्रभाव डालने का आह्वान किया। रेखा जैन ने अपने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ की कि 'हम बदलाव बनें, हम समाज में बदलाव देखना चाहते हैं।'




इस कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों, बच्चों और कर्मचारियों की भारी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गईं, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। विभिन्न प्रश्नोत्तरी और इंटरैक्टिव खेलों का आयोजन किया गया, और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीजीएम (एचआर) रजनीश रस्तोगी, जीएम (इंफ्रा), डी श्रीखंडे, जीएम (टीएस), एस पांडेय, जीएम (सीएंडएम), उपाध्यक्ष, शिखा रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव, टी परमेश्वरी, परिवार के सदस्यों और गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर 30 अप्रैल को आएंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को आ रहे हैं। वह 30 अप्रैल को धनबाद जाएंगे। वहां से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होंगे और अपराह्न 3:00 बजे प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। शाम 7:00 बजे रांची पहुंचकर मारवाड़ी धर्मशाला हरमू में प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम रांची में होगा। एक मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हजारीबाग जाएंगे, जहां वे एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे और हजारीबाग के तर्जन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शर्मा देर शाम रांची से लौट जाएंगे। भजनलाल शर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी रहेंगे।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 30 अप्रैल को आएंगे

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 30 अप्रैल को रांची आएंगे। रांची से वे हेलीकॉप्टर द्वारा जमशेदपुर जाएंगे। वहां एनडीए प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के नामांकन में सुबह 11 बजे शामिल होंगे। शेखावत साकची में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय भी रहेंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई 30 अप्रैल को लोहरदगा और गुमला जाएंगे। डॉक्टर बाजपेई गुमला और लोहरदगा में पार्टी द्वारा आयोजित बैठक एवं स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वाजपेई के साथ प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह भी उपस्थित रहेंगे।



# झारखंड का कांग्रेस-झामुमो ने की सौदेबाजी एक ने बेचा तो दूसरे ने खरीदा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी लोकसभा के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस-झामुमो पर निशाना साधते कहा कि कांग्रेस पूरी तरह विकास विरोधी और झारखंड विरोधी है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तो झारखंड आंदोलन के नाम पर सौदेबाजी और इसे बेचने का काम किया। 50-60 वर्ष के शासनकाल में भी कांग्रेस ने अलग झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा ने अलग राज्य का वादा किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अलग राज्य दिया। कांग्रेस से झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में आप सिर्फ सांसद नहीं, भारत सरकार के मंत्री को चुनेंगे। आपके एक-एक वोट से फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मरांडी ने कहा कि भारत विकसित होगा।



खूंटी में 31 हजार गरीबों को मिला पीएम आवास

उन्होंने कहा कि सिर्फ खूंटी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 31 हजार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मिला है। 70 हजार 960 लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन मिला। चूल्हा मिला, अनाज मिला। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल में गरीबों की मदद की। हर गरीबों के खाने की व्यवस्था की और पांच किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया। यदि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनती है, तो अगले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि 17 लाख से अधिक लोगों को अनाज मिल रहा है। गरीब आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज करा सकते हैं। नौ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है। मोदी हमेशा गरीबों के खाने और इलाज की चिंता करते है। दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है, उतना काम किसी भी प्रधानमंत्री ने झारखण्ड या देश के लिए नहीं किया है। देश के प्रधानमंत्री जब हमारी इतनी चिंता करते हैं, तो हमारा भी दायित्व है कि हम अपना वोट देकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। कांग्रेस के लोग यहां के लोगों की भावना का सम्मान नहीं करते।

आमने सामने

# ढुल्लू अपराधी, फिर भी दूध का धुले, हम आदिवासी इसलिए लगा रहे आरोप : बसंत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इस मौके पर सीएम चंपई सोरेन सहित झामुमो के कई मंत्री और विधायक मौजूद रहे। नामांकन के बाद एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने हेमंत सोरेन को जेल भेजने पर भारी नाराजगी जताते हुए निर्दोष बताया और केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा को ही मुख्य रूप से निशाने पर लिया। हेमंत सोरेन के छोटे भाई और मंत्री बसंत सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते कहा कि यह चुनाव इस राज्य की दशा व दिशा तय करेगा। कौन हमलोगों के लिए कितना सोचता है यह आकलन करने का विषय है। बसंत सोरेन ने कहा कि जितना आरोप लगाना है लगा लें, सभी आरोप हमें स्वीकार है । बसंत सोरेन ने कहा कि सभी आरोप हम इसलिए स्वीकार कर रहे हैं क्योंकि हम आदिवासी, मूलवासी और अल्पसंख्यक हैं।




रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी कल्पना : आलमगीर

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन ने ऐतिहासिक काम किया है। जब केंद्र ने पीएम आवास बंद कर दिया तो अबुआ आवास योजना लाया गया। आज लोगों को इस आवास योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को जनता आशीर्वाद देगी और गांडेय में भारी मत कल्पना को मिलेगा। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा 10 वर्ष से झूठ का नारा ही चलता रहा। न तो अच्छे दिन आए और न ही एक भी वादा पूरा हुआ। केंद्र की एक भी योजना धरातल पर नहीं उतरी। सांसद आदर्श गांव के नाम पर कई गांव को गोद लिया, लेकिन किसी का विकास नहीं हुआ। मंत्री हफिजुल अंसारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांडेय विधानसभा सीट पर खड़ी कल्पना सोरेन को रिकॉर्ड मत से जीताना है। कहा कि देश दुनिया के हालात देखते हुए लोकसभा में मतदान करना है। जनसभा को मंत्री मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, महुआ माजी, दुमका लोकसभा प्रत्याशी नलिन सोरेन, गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो विधायक विनोद सिंह, अनूप सिंह, इरफान अंसारी, सुदिव्य कुमार, पूर्व विधायक गौतम सागर राणा, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह समेत कई नेता ने भी संबोधित किया।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे छह माह की कार्य अवधि का विस्तार मिलने के बाद बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) की ओर से फिर से काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का विस्तार देने के खिलाफ दायर संजय कुमार तिवारी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।
याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था लेकिन हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता निलेश कुमार ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल जुलाई 2023 में समाप्त हो गया था। इसके बाद उसे छह माह का और कार्य अवधि विस्तार दिया गया था, जो जनवरी 2024 में समाप्त हो चुका है। इसके बाद बार काउंसिल आफ इंडिया ने पत्र जारी कर स्टेट बार काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का अवधि विस्तार दिया है, जो गलत है।

### निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई तीन मई को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद हैं। उन्होंने निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने पर हाई कोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

### एकाउंटेंट हत्याकांड के आरोपी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मामले में सुशीला कुजूर की ओर से 27 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसका भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार की ऑफिस से घर लौटने के दौरान शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट ने मानव तस्कर की पत्नी की जमानत याचिका खारिज की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनीता देवी ने 12 अप्रैल, 2022 को एनआईए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सुनीता पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी थी। इसके बाद उसने जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता पर 15 साल में पांच हजार बच्चों का सौदा कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। झारखंड की बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली-मुंबई समेत बड़े शहरों में बेचने के मामले में तीन जुलाई, 2019 को ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया था।

### झारखंड में एनडीए का समर्थन करेगी जदयू : खीरू महतो

**रांची।** बिहार की तरह झारखंड में भी जनता दल यू भाजपा का समर्थन करेगी । अबतक कोई स्पष्ट फैसला नहीं हो पाने के कारण जनता दल का नेता-कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे, लेकिन बिहार के सीएम नीतीश कुमार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बीच साकरात्मक बातचीत होने के बाद समर्थन करने का फैसला लिया गया है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत होने के बाद सोमवार को रांची प्रेस क्लब में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो के ने जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की. जिसमें उपस्थित सभी प्रदेश नेताओं ने सर्वसम्मति से सीएम नीतीश कुमार के निर्देश पर मंगलवार से अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में झंडा-बैनर लेकर प्रचार में शामिल होंगे। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वे गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी का भी समर्थन करेंगे।

चतरा में कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन आज

# हजारीबाग व धनबाद के प्रत्याशी का नामांकन 1 मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चतरा से कांग्रेस कांग्रेस प्रत्याशी केएन



त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन करेंगे, जबकि हजारीबाग के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल और धनबाद के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह 1 मई को अपना-अपना नामांकन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने यह जानकारी दी। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि चतरा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी कल दिनांक 30 अप्रैल 2024 को चतरा समाहरणालय में अपराह्न 2 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। इसके पूर्व छात्र कॉलेज के सामने मैदान में 11:00 से आम सभा होगी। जबकि 1 मई 2024 को हजारीबाग कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल हजारीबाग समाहरणालय में अपराह्न 12:30 नामांकन दाखिल करेंगे। इसके बाद 1 बजे से जिला स्कूल मैदान हजारीबाग में आम सभा होगी। 1 मई को ही धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह अपराह्न 1:00 बजे धनबाद समाहरणालय में नामांकन दाखिल करेंगी ।इसके बाद 2:30 बजे से गोल्फ ग्राउंड धनबाद में आम सभा होगी। उपरोक्त सभी नामांकन कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम भी उपस्थित रहेंगे।

# झामुमो-कांग्रेस से झारखंड को बचाने के लिए आगे आना होगा : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि साढ़े चार साल से सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस ने राज्य का बड़ा नुकसान किया है। झामुमो से इस राज्य को बचाने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। लोकसभा चुनाव में एनडीए की सभी सीटों पर जीत के बाद से ही झामुमो की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से प्रेरित होकर कई समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों ने सुदेश महतो के समक्ष थामा पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने



कहा कि यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों चुनावों में हमें संगठनात्मक मजबूती के आधार पर जीत हासिल करनी है। पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी समाज के हर वर्ग की चिंता करने के साथ और उनके विचार, भावना को साथ लेकर चलती है। आप सभी के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में क्षेत्र में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य तमाड़ पूर्वी विजय सिंह मनकी,जिला परिषद सदस्य बुंडू परमेश्वरी सांडिल , तमाड़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रामदुर्लभ सिंह मुंडा, खूंटी लोकसभा प्रभारी श्री रमेश सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, दीनबंधु प्रामाणिक उपस्थित रहें।

### केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में राज्य सरकार विफल : अर्जुन मुंडा

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड (खूंटी) के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि देशभर में रहने वाले किसान, महिला, युवा, गरीब, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा, लेकिन उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है। लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है।

### एससी से निलंबित पूजा सिंघल की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उनकी याचिका पर सोमवार को हुई सुनवाई और बहस के बाद अदालत ने उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया। पूजा सिंघल को झारखंड के खूंटी में मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके पहले एजेंसी ने उनके आवास सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवास से 20 करोड़ रुपए नकद बरामद किए थे। जेल भेजे जाने के बाद झारखंड सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। कोर्ट ने उन्हें पुत्री के इलाज के लिए कुछ दिनों के लिए जमानत दी थी, लेकिन बाद में उन्हें फिर सरेंडर करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद सिंघल ने 12 अप्रैल 2023 को रांची ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर किया था।

# रांची में 25 लाख मतदाता, छह तक प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन

*12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता, तृतीय लिंगी वोटर 68*

*अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची लोकसभा सीट के लिए सोमवार को मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। रांची में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में दी। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामांकन के लिए पर्चे दाखिल करने कार्य शुरू हो गया। उपायुक्त ने बताया कि अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-




ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11 बजे से दोपहर तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रांची जिला में मतदाताओं की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल तक रांची में कुल मतदाता 24 लाख 88 हजार 715 हैं, जिनमें 12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता है। थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 68 है। सिन्हा ने एक बार फिर से रांची वासियों से वोट अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी द्वारा लोकतंत्र के पर्व में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश गढ़ने में 25 मई को अपने बूथ में जाकर अवश्यक मतदान करें। उन्होंने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद 29 अप्रैल तक कुल 1754.54 लाख मूल्य के प्रतिबंधित वस्तुओं एवं नकद की जब्ती की गयी है। 16 मार्च 2024 से 29 अप्रैल 2024 तक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 06, जिला बदर से संबंधित 44 एवं निरुद्धादेश से संबंधित 02 मामले दर्ज किये गये।

### अधिसूचना जारी होने के पहले दिन 08 नामांकन बिका, एक पर्चा दाखिल

**रांची।** लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी होने के पहले ही दिन ही रांची संसदीय क्षेत्र से 08 अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र खरीदा गया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ, निर्दलीय मनोरंजन भट्टाचार्य, एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट) के मिंटू पासवान, एपीआई के रामहरि गोप, भारतीय जनतंत्र मोर्चा के धर्मेन्द्र तिवारी, लोकहित अधिकार पार्टी (झा) के हरिनाथ साहू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के पंकज कुमार रवि, निर्दलीय मनोज कुमार ने नामांकन पर्चा खरीदा है। जबकि एक अभ्यर्थी ने नामांकन भी दाखिल कर दिया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया।

### नियंत्रण कक्षों के लिए दिनेश यादव वरीय पदाधिकारी नियुक्त

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला में विभिन्न स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। पोल डे में पी-1 से पोलिंग डे अंतर्गत उपायुक्त के सभा कक्ष कमरा संख्या- 207 में एक अस्थाई नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी, जो क्रमशः चतुर्थ एवं छठा चरण में कार्य करेगी। ज्ञातव्य है कि जिला में 247 कंपोजिट कंट्रोल रूम 22 मार्च से कार्यरत है। व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग के द्वारा भी नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो क्रियाशील है। आदर्श आचार संहिता एवं सी- विजिल कोषांग के सुचारू क्रियान्वयन हेतु 247 नियंत्रण कक्ष का गठन किया जा चुका है। उप विकास आयुक्त, रांची को सभी प्रकार के कार्यरत नियंत्रण कक्ष के लिए वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

# लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना : के. रवि कुमार

*झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भी मिलें*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड वोटर अवेयनेस कॉन्टेस्ट के माध्यम से मतदाताओं तक चुनाव आयोग की पहुंच बढ़ी है। कॉन्टेस्ट में रील्स, शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरूकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु सार्थक पहल करने की अपील की। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।




### चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नगद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। उपरोक्त चार कैटेगरी, अलग-अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा नगद, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# देश में भ्रष्टाचार का विद्यालय चला रहे हैं पीएम मोदी : राकेश सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रधानमंत्री मोदी पर आरोप लगाते कहा कि पीएम मोदी इस देश में भ्रष्टाचार का विद्यालय चला रहे हैं, जिसकी शाखाएं उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में खोल रखी है, कांग्रेस मीडिया प्रभारी कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा।
संवाददाता सम्मेलन मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला सुमेर चरण प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति, जगदीश साहू उपस्थित थे।
**केरल में पांच एयरपोर्ट अदाणी को मिला :** राकेश सिंहा ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने शासनकाल में हुए प्रत्येक घोटाले का जवाब जनता को देना चाहिए केरल के पांच एयरपोर्ट बिना किसी अनुभव के अदानी को ठेके पर



देना, गुजरात में अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए ?1 में 14305 एकड़ जमीन का आवंटन, नोटबंदी के दौरान अहमदाबाद के सहकारी बैंक जिसमें निर्देशक अमित छात्र उसे पांच दिनों में 745 करोड रुपए कैसे जमा हुए मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार में बुंदेलखंड के 3860 करोड़ का पैकेज घोटाला बजट घोटाला, बजरी घोटाला, बिटकॉइन घोटाला सहित सैकड़ो घोटाले भाजपा शासित राज्यों में और केंद्र सरकार के शासनकाल में हुए हैं, इन सभी का जवाब प्रधानमंत्री से जनता मांग रही है और प्रधानमंत्री को पूरे देश के सामने इनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी के केंद्र में मंगलसूत्र, हिंदू-मुसलमान और पाकिस्तान है। झारखंड की धरती से इन्हें सरना धर्मकोड के बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वैभव शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। मणिपुर में महिलाओं हुए अत्याचार और मणिपुर के हिंसा पर दो शब्द नहीं बोलते, महीनों किसान धरने पर बैठे रहे लेकिन किसानों के हित की कोई बात प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की।

## एक नजर

### टोंगी में मंडा पूजा को लेकर हुई बैठक

**गिद्दी।** टोंगी स्थित महादेव मंडा घर में सोमवार को मंडा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्व सहमति 9 जून को धूमधाम के साथ मंडा पूजा मनाने और मेला के आयोजन करने का निर्णय लिया। बैठक में इसकी तैयारी को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अरूण कुमार बेदिया और संचालन कुलदीप बेदिया ने की। बैठक में राजेश बेदिया, गजेंद्र बेदिया, जागेश्वर बेदिया, हीरालाल, मुन्ना करमाली, संजय, आशिक, राजेन्द्र, महेश पाहन, शनिनाथ, गोपाल, दिलीप, रवि, बजिया, जगदीश असमा आदि उपस्थित थे।

### नलकारी नदी सूखने से तालाटांड़ गांव की जलमीनार हुई बेकार

**पतरातू।** नलकारी नदी में पानी सूखने के कारण तालाटांड़ गांव का जलमीनार बेकार हो चुका है। तालाटांड़ गांव में पिछले सप्ताह से जलापूर्ति ठप हो गया है। जिसके कारण इस गांव के लगभग 300 घरों में जलापूर्ति बाधित है। इससे गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। दूसरी ओर टोकीसूद फिल्ट्रेशन प्लांट से कई पंचायतों में किए जाने वाला जलापूर्ति सप्ताह में दो-तीन दिन छोड़-छोड़ कर जलापूर्ति किया जा रहा है। वहीं गर्मी से पतरातू के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत हो गई है। क्षेत्र के चापानल हांफने लगे हैं। वहीं बांध, कुआं और तालाब सूखने के कगार पर हैं। जिसके कारण मनुष्य तो क्या पशु पक्षी भी पानी के लिए बेहाल हैं।

### एंबुलेंस बाइक व कार को टक्कर मार पेड़ से जा टकराई 2 की मौत, 5 घायल

**मांडू।** मांडू प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप एनएच 33 पर रविवार की शाम एम्बुलेंस ने बाइक और कार को टक्कर मरते हुए पेड़ से जा टकराई। जिसमें दो लोगों की मौत व पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची मांडू पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। जहां केंद्र के चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। साथ ही मृतक को भी सदर शव गृह भेज दिया। रांची रिम्स से पिता महादेव यादव (मृतक) का इलाज करवाकर पुत्र मनोज यादव (मृतक) और अरविंद यादव सभी कोडरमा (कुसाना) निवासी एंबुलेंस संख्या जेएच12एफ/5844 में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे।

### निलंबित प्रधान लिपिक के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** एक सप्ताह के बाद एक बार फिर मांडू सीएचसी के निलंबित प्रधान लिपिक के खिलाफ एफआईआर के लिए मांडू थाना में आवेदन दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में पदस्थापित महिला दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह ने शनिवार को माण्डू थाना में एक लिखित शिकायत देते हुए सीएचसी के निलंबित प्रधान लिपिक सैयद नक्की अहमद पर करवाई की मांग की है। चिकित्सक के दिए गए लिखित शिकायत पर रात करीब 11 बजे कांड संख्या 106/24 दर्ज किया गया।

### दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

## एक सुर में सभी ने मतदान करने की ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों को लेकर जागरूकता रैली निकाली। एम्फी थियेटर (झील परिसर से) जागरूकता रैली सुबह 9 बजे प्रारंभ हुई व त्रिमूर्ति चौक में समाप्त हुई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में दिव्यांगजन मौजूद रहे। रैली के दौरान सभी मतदाताओं को 20 मई के दिन हजारीबाग लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा रैली में मौजूद सभी दिव्यांजनों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। साथ ही आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के दिन अपने-अपने मत का प्रयोग करने के लिए सभी से अपील की। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

## बच्चे मेहनत करेंगे तो जीवन के हर मोड़ पर मिलेगी सफलता : सत्येंद्र



- बच्चों को सही दिशा देने की जिम्मेदारी शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी होती है
- अभिभावक कम से कम एक घंटे का समय अवश्य निकालें और यह देखें कि बच्चे किस प्रकार अध्ययन कर रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में सोमवार 29 अप्रैल को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बच्चों में काफी प्रतिभा है, जरूरत है उन्हें सही दिशा देने की। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को सही दिशा देने की जिम्मेवारी शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी होती है। इसलिए आप सभी प्रतिदिन घर में अपने बच्चों के लिए कम से कम एक घंटे का समय अवश्य निकालें और यह देखें की बच्चे किस प्रकार अध्ययन कर रहे हैं। उनके अध्ययन में कुछ कमी नजर आती हो तो हमें बताएं हम उसका निराकरण करने का प्रयास करेंगे। वही, संगोष्ठी के दौरान बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल जारी किया गया। जिसको लेकर बच्चों में उत्साह का माहौल था। वार्षिक परीक्षाफल जारी करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि यदि बच्चे ईमानदारी के साथ मेहनत करेंगे तो जीवन के हर मोड़ पर उन्हें सफलता मिलेगी। इसलिए बच्चे पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत करें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर सहायक शिक्षक अनिल कुमार रवि, कर्मवीर प्रसाद, बिनय कुमार सिंह, विनोद बिहारी, बृंजो देवी, पवन कुमार मुंडा सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

### जिले में चढ़ा पारा, गर्म हवाओं से बचने की प्रशासन ने की अपील

# धूप में अनावश्यक बाहर नहीं निकलें, गर्म हवा से बचें : डीसी



**उपायुक्त से की स्कूलों में छुट्टी करने की अपील**

समाजसेवी बाबर ने उपायुक्त से की स्कूलों में छुट्टी करने की अपील की। इस मौके पर बाबर कुरैशी समाजसेवी ने उपायुक्त से अपील की है की गर्मी बहुत ज्यादा है 38, 39 डिग्री सेल्सियस तापमान चल रहा है छोटे-छोटे मासूम बच्चे इस गर्मी में स्कूल जा रहे हैं, जिससे लू लगने का बहुत ज्यादा खतरा है इसलिए इस भीषण गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द स्कूल की छुट्टी दे दी जाए ताकि बच्चों को राहत मिल सके।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है । इस मौसम में बच्चों से लेकर वृद्धजन को बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, मिर्गी का दौरा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सांस व दिल की धड़कन तेज होना समेत उल्टी आना जैसी परेशानी हो सकती है। आमजनों को लू से बचने के लिए, खानपान से लेकर आवाजाही में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उपायुक्त नैंसी सहाय ने तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवा को लेकर जिलावासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति सावधान रहने की अपील की है। उन्होने कहा है कि लू और अत्यधिक गर्मी में घर से बाहर निकलना आपके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। जरा सी लापरवाही लू की चपेट में आने का कारण हो सकता है, इसके गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से संपर्क करें। सभी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पाउडर व अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध है। लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी या हृदय, गुर्दे या यकृत की बीमारी से पीड़ित व्यक्ति जो तरल पदार्थ-प्रतिबंधित आहार पर हैं या जिन्हें द्रव प्रतिधारण की समस्या है, उन्हें तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

### डॉन बास्को के बच्चों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा जवाहरनगर स्थित न्यू डॉन बास्को एकडमी में जल संरक्षण विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ निदेशक अंगद राय ने किया। मौके पर जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अंगद राय ने कहा कि पानी के बगैर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए इसका संरक्षण निहायत ही जरूरी है। उन्होंने बच्चों को पानी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि हमारी एक छोटी सी पहल से कई प्राणियों की प्यास बुझ सकती है। आगे विद्यार्थियों ने जल संरक्षण का संकल्प दोहराते हुए इस संदर्भ में औरों को जागरूक करने का नारा बुलंद किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हैंड वॉश का सही तरीका बताया गया। साथ ही कार्यक्रम में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान हरियाण की ओर से ली गई परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहा परवीन, साक्षी मिश्रा, प्रेरणा कुमारी, अनीश कुमार आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगदान दिया।

### गुलमोहर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ वाटरमेलन डेका प्रोग्राम



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हर साल की तरह गुलमोहर पब्लिक स्कूल में वाटरमेलन डेका कार्यक्रम स्कूल प्रबंधन के द्वारा आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 2 तक के बच्चों ने भाग लिया। जीएम बच्चों को तरबूज की विशेषता बताई गई, उनसे ड्राइंग करवाया गया। डांस प्रोग्राम करवाए गए तथा उन्हें तरबूज भी खिलाया गया। कार्यक्रम में बच्चों को गर्मी में तरबूज क्यों खाना चाहिए तथा इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस पूरे कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए शिक्षिका अंकिता,फूल कुमारी कंचन सृष्टि जैन, नमिता सिंहा,इलियास,रिजवाना सिमौन समेत अन्य शिक्षकों ने भाग लिया ।विद्यालय की प्राचार्य ने भी बच्चों के साथ खूब मस्ती कर कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को उत्साहित करते हैं और बच्चों को एक साथ मिलजुल करके कार्यक्रम में भाग लेने की ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। स्कूल की कोशिश रहती है कि वह हर महीने बच्चों के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करें ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ और भी प्रैक्टिकल जानकारी मिले।

**एसडीओ व एसडीपीओ ने चलाया डोर टू डोर मतदाता जागरूकता अभियान**

## बिना लोभ-लालच के भयमुक्त वातावरण में करें वोट : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
18वीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 20 मई को हजारीबाग, कोडरमा और चतरा संसदीय क्षेत्र में होना निर्धारित है. चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है. इसी उद्देश्य से अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुड्डू व एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने सोमवार को सीआरपीएफ बटालियन के साथ तीखी व चिलचिलाती धूप में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया. इस क्रम में दोनों अधिकारियो ने केवाल, श्रीनगर, बरियठ्ठा, बरसोत आदि विभिन्न गांवों का डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक किया. मतदान का महत्व बताते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में शत प्रतिशत भाग लेने की बात कही. एसडीओ ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाताओं की सुविधाओ का पूरा ध्यान रखा जायेगा. एसडीपीओ ने बताया की बूथ पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम होंगे. इस दौरान दोनो अधिकारियों ने मवि केवाल, श्रीनगर सहित बरियठ्ठा विरहोर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक किया. मौके पर मौजूद बच्चो के बीच टॉफियां भी वितरित किया. अभियान में बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, आलोक कुमार (एसडीओ बॉडीगार्ड), नवीन पांडेय (एसडीपीओ बॉडीगार्ड) आदि सहित सीआरपीएफ के दर्जनों जवान मौजूद थे।

### आईसेक्ट विवि में वाद-विवाद व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# विद्यार्थियों का समावेशी विकास विवि की प्राथमिकता : डॉ मुनीष गोविंद

**विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर रखे अपने विचार**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को युवा और राजनीति नेताओं के समर्थन और आलोचना के बीच संघर्ष पर वाद-विवाद एवं शिक्षा और समाज, विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा व प्रयोजन्मूलक शिक्षा के बीच संबंधित विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आगामी 16 मई को विश्वविद्यालय का 9वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं करायी जा रही है। इसी के तहत सोमवार को वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में युवाओं और राजनीति को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली की भूमिका में डॉ रोजीकांत, डॉ पूनम चंद्रा व प्रभात किरण जबकि निबंध प्रतियोगिता में अजीत कुमार, संजय दांगी व पंकज प्रज्ञा ने निर्णायक मंडली की भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल वाद-विवाद, निबंध या अन्य प्रतियोगिताओं से ना केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी जागृत होती है। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मेंहदी, चित्रकला, 01 मई को गायन, 02 मई को नृत्य, 03 मई को फैशन शो और 04 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को आगामी 16 मई के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में सेक आबिद, सर्वजीत कुमार, मनीष कुमार, सार्थक कुमार, समर्थ कुमार, अंकित कुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं जबकि निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में ओम सिंह, तृशा कुमारी , डॉली कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंकित कुमार, सहिस्ता परवीन (बीए राजनीति विज्ञान), जेपी सिंह, अनु प्रतिभा (एमएससी, गणित), रिया कुमारी सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

### दिवंगत पत्रकार टीपी सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग प्रेस क्लब में दिवंगत पत्रकार टीपी सिंह और शाद्वल कुमार की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उपस्थित पत्रकारों ने टीपी सिंह और शाद्वल कुमार के द्वारा पत्रकारिता जगत में किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया। बारी बारी से सबों ने दोनों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा की टीपी सिंह और शाद्वल कुमार ने हजारीबाग में पत्रकारिता को नया आयाम दिया था। दोनों निर्भीक होकर जनसमस्याओं को उठाते थे। सचिव विस्मय अलंकार ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है ऐसे निर्भीक पत्रकार के बारे में बोलने के लिए। उन दोनों ने कई ऐसे मौकों पर पत्रकारिता का लोहा मनवाया है। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता ने कहा हम पत्रकारों ने अपना मार्ग दर्शक और साथी खोया है जिसका भरपाई संभव नहीं। मौके पर भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, अनूप कुमार वर्मा, अर्जुन सोनी, सुबोध मिश्रा, दीपक सिंह, उमेश पांडे, राजकुमार गिरी शानू, सागर कुमार, सुनिल श्रीवास्तव, आशीष कृष्णन,गौरव प्रकाश, संजय विश्वकर्मा, सुशांत सोनी, राजेश दुबे, सुमन सिन्हा समेत कई पत्रकार उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जिप सदस्य ने शौचालय निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, अनियमितता का लगाया आरोप



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों जलपथ विभाग हजारीबाग के द्वारा कई विद्यालय में शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसकी निविदा राशि नौ लाख आवंटित है, जिसमें छः शौचालय का निर्माण कार्य होना है। सोमवार को कार्यस्थल पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया ने कार्य की गुणवत्ता में ढेर सारी अनियमितता बरतने और निर्माण कार्य में प्रयोग हो रहे लोकल ईंट की सूचना दूरभाष पर उपायुक्त, कार्यपालक अभियंता एवं उप विकास आयुक्त को दिया। जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नही होगा। मौके पर कार्यपालक अभियंता राहुल महलो ने इंट की जांच कर लोकल इट को जबरन बढ़िया बताया। साथ ही जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया ने बताया कि 8969905060 नं0 से दूरभाष पर फोन किए, फोन को जिप प्रतिनिधि सी के पाण्डेय ने उठाया तो उन्हे धमकी देते हुए कहा कि आपने उपायुक्त मैडम से शिकायत क्यों किया। हमलोग इसी तरह से कार्य करेंगे। जहां शिकायत करना है करो। लोकल ईंट से ही काम होगा। उक्त सभी सूचनाएं जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने उपायुक्त नैंसी सहाय व डीडीसी से की है।

### नहीं रिपेयर हुआ पंप, ठप है जलापूर्ति

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोलरी के आवासीय कॉलोनी पानी की समस्या दिन-ब-दिन और जटिल होती जा रही है। इसकी वजह प्रबंधन की उदासीनता है। रविवार को दूसरे दिन भी भुरकुंडा में जलापूर्ति व्यवस्था ठप रही। विभाग के लोग पूरे दिन खराब पंप को रिपेयर करवाने के प्रयास में जुटे रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। इधर पानी नहीं मिलने से भुरकुंडा क्षेत्र के लोग परेशान हैं। वहीं सीसीएल पुराने पंप के भरोसे व्यवस्था चलाने को मजबूर दिख रही है। फिलहाल सिविल विभाग पांच सौ जीपीएम के पंप को रिपेयर कर चालू करना चाहती है, जिसका बैलेंस डिस्क खराब हो गया था। हालाकि विभाग के लोगों ने देररात तक पंप चालू कर लेने की बात कह रहे हैं। इधर पतरातू डैम की सप्लाई पर ग्रहण बरकरार है। रिवरसाइड को 24 घंटे में मात्र 7 से 8 घंटे ही पानी मिल रहा है। परिणामस्वरूप कॉलोनियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। कम पानी मिलने के कारण वॉटर सप्लाई सेंटर 48-48 घंटे के अंतराल पर कॉलोनियों को पानी देने को मजबूर है। इधर भुरकुंडा तीन नंबर पोखरिया में लगे पंप के खराब होने का प्रभाव भी रिवरसाइड की जलापूर्ति व्यवस्था पर पड़ी है। डैम पर निर्भरता कम करने के लिए विभाद पोखरिया से पानी लेकर 8 कॉलोनियों को सप्लाई कर रहा था, जो फिलहाल बंद है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या से लोग बेहाल हैं, लेकिन इसे पाटने के लिए सीसीएल के पास कोई विकल्प मौजूद नहीं है, जिससे लोगों में रोष बढ़ रहा है।

### बलकुदरा खदान परिसर में शपथ ग्रहण समारोह

**भुरकुंडा।** कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए दुनिया भर में मनाए जाने वाले विश्व दिवस पर भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खान परिसर में समारोह का आयोजन हुआ। इसमें कोलियरी के खनन क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इसका शुभारंभ खान प्रबंधक सह सुरक्षा पदाधिकारी अविनाश चंद्रा ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेवारी है। इसके लिए सुरक्षा नियमों का पालन निहायत ही जरूरी है। यही वजह है कि समय-समय पर सुरक्षा के उपायों की जांच होती है। समारोह में आगे सभी अधिकारी व कर्मियों ने कार्यस्थल को सुरक्षित रखने की शपथ ली। इसमें बबलू कुमार, अंकुर विश्वनाथ, ऋषभ सिंह, शशिभूषण सिंह, कोफीमयू के शाखा सचिव पप्पू सिंह, एसएन राजकुमार, मनोज राम, ओमप्रकाश, बलवंत कुमार, रामानुज प्रसाद, रामदेव महतो, अरविंद सहाय, उपेंद्र कुमार, बुधनी देवी, शिवकुमार पंकज, सुरेंद्र आदि शामिल थे।

### गोला में ट्रेलर व स्कूटी की टक्कर में मासूम बच्ची समेत तीन घायल

**गोला।** रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर मगनपुर के पास रविवार की दोपहर तीन बजे के करीब ट्रेलर व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी में सवार एक मासूम बच्ची समेत तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पेटरवार थाना क्षेत्र के बुढ़नगोड़ा निवासी रीना देवी 21 वर्ष पति लालमोहन भोक्ता अपनी 5 वर्षीय पुत्री दिया भोक्ता के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने मायके दुलमी प्रखंड के बोंगई कोरिया टांड़ गई थी। लौटते समय रीना की छोटी बहन मीना कुमारी मां-बेटी को स्कूटी नंबर जेएच 24 एल 9217 पर बैठाकर बड़ी बहन को छोड़ने के लिए बुढ़नगोड़ा जा रही थी। इस क्रम में उक्त स्थल पर बोकारो की ओर से आ रहे ट्रेलर नंबर पीबी 06 वी-9764 ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे स्कूटी पर सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भर्ती करा दिया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में कर थाना ले गई।

### मनमानी कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी : अंबर कुमार

भुरकुंडा। सौंदा बस्ती निवासी विस्थापित नेता सह ग्रामीण अंबर कुमार ने आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माइनिंग पर मनमानी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के सयाल परियोजना में कार्यरत कंपनी डीजीएमएस के दिशा-निर्देश के खिलाफ काम कर रही है। इससे सीसीएल के साथ-साथ आम-आवाम को भी खतरा है। अंबर कुमार ने कहा कि सयाल खुली खदान से सटे सैकड़ों घर हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर सीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी गंभीर है। हैवी ब्लास्टिंग के कारण 20 अप्रैल को कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। यही नहीं, कई ग्रामीणों के चोटिल होने की भी खबर है। अंबर कुमार ने कहा कि यदि कंपनी नियमों का पालन करे तो जानमाल नहीं होगा।

### झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के राज्याध्यक्ष बने राम सेवक

**रामगढ़।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के संस्थापक राज्याध्यक्ष के निधन के बाद वरीय उपाध्यक्ष राम सेवक तिवारी को कार्यकारी राज्याध्यक्ष बनाया गया है। झारखंड पेंशनर कल्याण के संविधान के अनुसार निर्देशक मंडल की बैठक तक कार्यकारी राज्याध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। यह जानकारी समाज के राज्य महासचिव चंद्र नाथ झा ने दी है। राम सेवक तिवारी को राज्याध्यक्ष बनाए जाने पर रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज की ओर से बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल है। जिलाध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि रामसेवक तिवारी के नेतृत्व में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज को नई दिशा और पहचान मिलेगी। समाज के गौरव को आगे बढ़ाएंगे।

## एक नजर

### कम मतदान वाले क्षेत्रों में वोटरों के बीच मतदाता मार्गदर्शिका वितरित

**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने,शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील की गयी। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प, सी विजिल एप्प, मतदान की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी गयी और निर्भीक होकर मतदान करने को कहा गया।

### छापेमारी में महुआ शराब बरामद

**कोडरमा।** उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक ने लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने को लेकर जयनगर थानान्तर्गत पिपराडीह, बंदाचक और चंदवारा थानान्तर्गत भुईयां टोला,नीचे बस्ती चंदवारा में अवैध शराब के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में कुल 68 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गयी। जबकि 200 किग्रा अवैध जावा महुआ बरामद कर नष्ट किया गया। उत्पाद एक्ट के तहत अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त जयनगर थानान्तर्गत बंदाचक निवासी महेश रविदास,नारायण कुमार दास को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही चंदवारा थानान्तर्गत नीचे बस्ती चंदवारा निवासी राजू भुईयां, विनोद साव के विरूद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

### हर घर नल जल योजना दम तोड़ रही, पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे लोग

**डोमचांच।** डोमचांच प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में हर घर नल जल योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। बंगाखलार पंचायत के पडरिया में छह माह से अधिक समय से लोगों के घर-घर में लगाए गए नल से पानी नहीं मिल रहा है। इसके कारण लोगों को इस भीषण गर्मी में इधर-उधर चापानल या जलमीनार के पास जाकर पानी लेना पड़ रहा है। हर घर में लगे नल जल योजना सिर्फ शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। पडरिया में सरकारी स्कूल के समीप लगे जलमीनार से ही जल नल योजना के तहत 25 घरों में नल का कनेक्शन दिया गया। शुरूआत में 10 दिन नल से लोगों को पानी भी शुरू हुई। इसके बाद से अब तक करीब छह माह से अधिक समय से घर-घर लगे नल से पानी आना बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीण दुर्गा सिंह ने बताया कि शुरूआत में 10 दिन घर-घर लगे नल से पानी मिला। इसके बाद छह माह से अधिक समय हो गया। लेकिन एक भी दिन अब इस नल से पानी नहीं आता है। विभाग द्वारा सिर्फ खानापूर्ति के लिए घर-घर नल लगा दिया गया।

---

बानो के सोय में बाबूलाल मरांडी ने की चुनावी जनसभा, कहा

# झारखंड राज्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन




**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के सोय पंचायत के इंट भट्ठा बगीचा में भारतीय जनता पार्टी का चुनावी सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने खुंटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में प्रचार करते हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गरीबों की चिंता करती है गरीबों के विकास की चिंता करती है गांव के विकास की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि गरीबों के अन्न और दवा की चिंता करती है आगे कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार बनने के बाद गांव का विकास हुआ है। गांव में सड़क पेयजल स्वास्थ्य जैसी सुविधा बेहतर हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड के लोगों के भावना का सम्मान किया है। कांग्रेस पार्टी होती तो झारखंड अलग राज्य नहीं बनता. कांग्रेस ने 55-60 साल शासन किया देश में लेकिन झारखंड राज्य अलग नहीं बनाया. ।कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड राज्य नहीं बनाया है इन्होने झारखंड के लोगों का भावना का सम्मान नहीं किया है.झारखंड अलग राज्य पुर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी में की देन है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस वाले झारखंड के विरोधी हैं झारखंडियो के विरोधी हैं झारखंड के विकास के विरोधी हैं कांग्रेस वालों ने बालू, पत्थर कोयला को नहीं छोड़ा। आज झारखंड के मुख्यमंत्री जेल में है,उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत विकसित भारत बनाना है इसी को लेकर केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार को बनाना है।

---

दिवंगत बीडीओ के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक

# न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** गढ़वा के विशुनपुरा के दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का अंतिम संस्कार देर शाम सिमडेगा प्रखंड के भवरपानी में किया गया। उनके दफन क्रिया में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी देर शाम शामिल हुए। मौके पर दिवंगत बीडीओ के परिजनों से मिलते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों का ढांढ़स बंधाते हुए परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। वहीं दिवंगत बीडीओ के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक ने परिजनों से दिवंगत बीडीओ के मौत के कारणों की भी जानकारी लेते हुए परिजनों को न्याय दिलाने का अस्वाशन दिया। विधायक ने दिवंगत बीडीओ के निधन पर गहरी शोक संवेदना भी ब्यक्त की। विधायक ने कहा कि वे मामले कि जानकारी मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा जिंदादिल इंसान थे। उनके दिल में सिमडेगा बसता था। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, नगर प्रभारी शशि गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, इम्तियाज हुसैन, उर्मिला केरकेट्टा, इंदुरानी, अनूप मिंज, रवि सुरीन, रवि मिंज भी शामिल हुए।

---

# सिमडेगा के सदर अस्पताल में लू के मरीजों के लिए बनाया गया पांच बेड




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसको लेकर जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है ,जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज की गई वहीं भीषण गर्मी की वजह से सड़के पूरी तरह से वीरान हो जा रही है और लोग बाहर जाने से कतरा रहे हैं। इधर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए अलर्ट मोड पर काम कर रही है। सोमवार को जानकारी देते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गर्मी में लू के चपेट में आने वाले मरीज के लिए सदर अस्पताल में पांच बेड विशेष रूप से बनाए गए हैं, जहां पर लू पीड़ित मरीज के इलाज की जाएगी। वहीं उन्होंने गर्मी को लेकर लोगों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि लोगों को जरूरत हो तो ही घर से बाहर निकले अन्यथा घर में ही रहे उन्होंने कहा कि आवश्यक कार्य हो तो सुबह और शाम जब धूप कम हो तो निकले, उन्होंने हल्के रंग के सूती कपड़े पहने एवं माथे में तौलिया लेने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने ठंडा पेय पदार्थ का सेवन करने की बात कही इसके अलावा तरबूज, खीरा,आम रस सहित अन्य फलों का ज्यादातर सेवन करने की बात कही जिससे कि लू की चपेट में आने से बचा जा सकता है ।

---

लोकसभा चुनाव को लेकर सिमडेगा डीसी व एसपी ने कहा

# सभी प्रत्याशी आचार संहिता का पालन करें




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सिमडेगा डीसी एवं एसपी के द्वारा समाहरणालय सभागार में सोमवार की शाम प्रेस वार्ता का आयोजन कर प्रत्याशियों के संबंध में जानकारी दी। डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 7 प्रत्याशी मैदान में है, जहां पर किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। उन्होंने बताया कि भाजपा से अर्जुन मुंडा कांग्रेस से कालीचरण मुंडा, बहुजन समाजवादी पार्टी सावित्री देवी झारखंड पार्टी से अपर्णा हंस, भारत आदिवासी पार्टी से बबिता कच्छप के अलावे दो निर्दलीय जिसमे पास्टर संजय तिर्की एवं पूर्व विधायक बसन्त कु लौंगा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है और सभी लोग आदर्श आचार संहिता का नियमों का पालन करते हुए चुनाव में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले में 586 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसे सभी मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में जाना जाएगा, जहां पर सभी प्रकार के मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार से परेशानी नहीं हो ।उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले में 80% मतदान का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है जिसमें आम जनमानस सहित सभी लोगों का भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि लोकतंत्र के इस महापूर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सिमडेगा जिले को राज्य भर में 80% मतदान दिलाकर अव्वल स्थान प्राप्त करने में सहयोग करें।

---

# पुलिस बर्बरता : दुर्गा मंदिर मूर्ति चोरी मामले में एक व्यक्ति की जमकर पिटाई की

**पिटाई की वजह से उनके शरीर का हिस्सा पूरी तरह से घायल हो गया है, वह सही रूप से चलने से असमर्थ हैं।**



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** कुरडेग के कदमटोली दुर्गा मंदिर में अष्टधातु की दुर्गा मूर्ति की चोरी मामले में आरोप लगाकर पुलिस के द्वारा गांव के ही सुमंत कुमार सिंह एवं संदीप कुमार सिंह के साथ जमकर मारपीट की है। इधर सुमन्त कुमार को अत्यधिक चोट लगी है जिसका इलाज अस्पताल में चल रही है। जानकारी देते हुए सुमन्त कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा उन्हें मूर्ति चोरी के मामले में आरोपी बताते हुए पूछताछ के लिए बुलाया और वह थाना गए उसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया और अगले दिन उन्हें फिर बुलाया गया और थाना प्रभारी तथा मुंशी के द्वारा उन्हें जमकर मारपीट की गई। मारपीट की वजह से उनका शरीर का पीछे का हिस्सा पूरी तरह से काला हो गया है और उन्हें चलने फिरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । वही सुमंत कुमार सिंह ने बताया कि उसके भाई को संदीप को भी पुलिस हिरासत में ली है और उसके साथ भी मारपीट की है। इधर उन्होंने सिमडेगा पुलिस अधीक्षक से उचित न्याय की मांग की है और साथ ही मूर्ति चोरी मामले में अपने आप को बेकसूर बताया। इधर इस मामले में सिमडेगा एसपी ने कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है और इस मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

---

# अर्श पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने पॉलीटेक्निक में पाई सफलता



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** करियातपूर में संचालित अर्श पब्लिक स्कूल के विशाल कुमार एवं आयुष कुमार नामक दो विद्यार्थियों ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता में सफलता पाई है. प्रतोयोगिते में विशाल कुमार ने सीएमएल रैंक 223 व श्रेणी रैंक 47 तथा आयुष कुमार ने सीएमएल रैंक 740 व श्रेणी रैंक 150 प्राप्त किया है. इस सफलता के लिए विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य शत्रुधन कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय में पढ़ाई के साथ प्रतियोगिताओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है. यह सफलता उसी का परिणाम है. सफल छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है. ज्ञातव्य हो कि विशाल विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य के पुत्र है जो पूर्व में सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा भी उतीर्ण किया है. इस सफलता पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने दोनो छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है.

---

आजादी मिले 76 वर्ष हो गए, लेकिन आज तक गांव में नहीं पहुंची बिजली

# विभाग ने थमा दिया मीटर, आ रहा बिजली बिल



**ग्रामीणों का कहना है कि बिना बिजली पहुंचे मीटर का बिल आने से परेशानी बढ़ती जा रही है, जनप्रतिनिधयों से शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई**

**विकास साहू। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव है जहां पर कई नेता घर-घर जाकर लोगों के बीच वोट मांग रहे हैं और अपने विकास कार्यों को गिना रहे हैं लेकिन कई गांव ऐसे भी हैं जहां पर आज भी लोग ढिबरी युग में जीने पर मजबूर हैं। मामले की जानकारी मिलने पर राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम जिला मुख्यालय से महज 18 किलोमीटर दूर ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार बांडिंग टोली गांव पहुंची, जहां पर आजादी से लेकर आज तक इस गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है लेकिन इसके बावजूद 3 वर्ष पूर्व ग्रामीणों को बिजली का मीटर थमा दिया गया। जिसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युतीकरण के नाम पर यहां पर कुछ भी नहीं हुआ है गांव में बिजली का खंभा और ना ही तार लगा है बस ग्रामीणों को मीटर दे दिया गया है ऐसे में कई ग्रामीण का बिजली बिल आ रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों के अंदर भय का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र जंगल होने के साथ-साथ हाथी प्रभावित है । लगातार कई बार इस क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंचते हैं और बिजली नहीं होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं बिजली नहीं होने की वजह से बच्चों के पठन-पाठन सहित सभी प्रकार के कार्यों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने बताया कि राशन दुकान में उन्हें 1 लीटर किरोसिन की तेल मिलती है जिसके भरोसे महीना चलना संभव नहीं है । ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सरकार आपके द्वारा या फिर जनता दरबार में लिखित आवेदन ग्रामीणों ने दिया लेकिन इस पर किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों को बार-बार कहने के बाद भी आज तक इस गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है जिससे कि ग्रामीण अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बारिश के दिनों में एक जगह पुलिया नहीं होने की वजह से मुख्यालय का संपर्क टूट जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग से आग्रह किया है कि गांव में जल्द से जल्द विद्युतीकरण किया जाए जिससे कि लोगों को बिजली की जटिल समस्या से निजात मिल सके साथ ही उन्होंने कहा कि जिसका भी बिजली बिल आ रहा है उनकी जांच करते हुए उसे बंद किया जाए ताकि लोगों के अंदर जो संसय है वह दूर हो।

---

एसके बागे महाविद्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# समाज से जुड़कर ही युवाओं का विकास संभव : डॉ सुरचित सिन्हा




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** एसके बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पिरामल फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों को जीवन कौशल पर आधारित कार्यशाला आयोजित किया गया। यह कार्यशाला युवाओं को स्वयं के बारे में जानने, अपने डर को दूर करने, अपने सपनों को पहचानने, अपने गांव की समस्याओं पर बात करने पर जोर दिया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. अनूप गुप्ता ने बताया कि वर्तमान युग को युवा युग कहा जाता है जिसमें हमारे समाज के युवाओं को नए नए कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए और समाज में सहयोग देना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरचित कुमार सिन्हा ने बताया की युवाओं के विकास करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए और समाज से जुड़कर ही युवाओं का विकास संभव है। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन कौशल में सुधार और समाज में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अच्छी पहल है। इसमें उपस्थित सभी व्यक्तियों ने युवाओं के विकास के लिए अपना योगदान दिया है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अनूप कुमार गुप्ता एवम आरके शास्त्री, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.सुरजीत सिन्हा, डॉ. रीना जया, डॉ.स्नेहलता सिन्हा एवं सभी छात्र छात्राए उपस्थित थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### ओखरडूबा गांव के जंगल में पेड़ से झूलता युवती का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत ओखरडूबा गांव के जंगल में सोमवार को पेड़ से झूलता हुआ पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया। मृतिका की पहचान ओखरडूबा गांव निवासी इसदौर तिर्की की पुत्री घुटन तिर्की के रुप में हुई। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संबंध में मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन का एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था जिसकी जानकारी परिवार वालों को हुई ,तब जाकर उसे फटकार लगाई और युवक को भी बातचीत करने से मना किया गया । इधर युवक से बातचीत मना करने के बाद मृतिका घर में खाना पीना छोड़ दी थी और अचानक 25 अप्रैल को घर से कहीं चली गई परिवार वाले काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चला इधर सोमवार को पेड़ से झूलता हुआ शव बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

### बोलबा में कांग्रेस पार्टी ने की बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, विधायक हुए शामिल

**बोलबा।** प्रखंड में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ के साथ सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष प्रेम दास के अध्यक्षता में बैठक हुई हुई।बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता दीनबंधु शर्मा और विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि देश में संविधान को छेड़छाड़ करने के लिए वर्तमान सरकार लगातार प्रयास कर रही है जिसे रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी और इंडिया महागठबंधन का प्रयास है ,इसलिए इस बार के होने वाले चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए सभी लोग कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें और संगठन को मजबूत रखें ताकि आने वाले चुनाव में महागठबंधन की जीत हो। विरोधी पार्टी आम जनता को वादा और गारंटी तो बड़ा बड़ा करती है किन्तु पुरा नहीं करती है।इसका जीता जागता उदाहरण है हर खाते में पन्द्रह पन्द्रह लाख रुपए,दो करोड़ युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा आदि। क्या किन्हीं के खाते में पन्द्रह पन्द्रह लाख रुपए आया नहीं आया और जब प्रेस के साथियों ने जानना चाहा तो ये कहा गया कि भाई ये सब तो एक जुमला है दीनबंधु शर्मा ने कहा कि अपने बूथों पर डटकर रहते हुए लूटेरों से बचाना होगा। क्योकि आज इस खुंटी लोकसभा क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे भी लोग चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं जिनका खुद का वजूद ना के बराबर है।

### खरवार भोगता समाज विकास संघ के सदस्यों ने किया क्षेत्र भ्रमण

**सिमडेगा।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर खरवार भोगता समाज विकास संघ दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने सोमवार को खूंटी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सिमडेगा और कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र का भ्रमण किया। भोगता बाहुल्य गांवों में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य उपलब्धियों की जानकारी दी और खूंटी लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा पक्ष में वोट अपील की। कहा कि सनातन संस्कृति और देश की अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में वोट देना है। कहा कि भोगता समाज मोदी सरकार का कर्जदार है। लंबे संघर्ष के बाद भोगता समाज अपने मूल अस्तित्व में आया और इसका श्रेय मोदी सरकार को जाता है। मंगल सिंह भोगता के साथ भोगता समाज के केन्द्रीय महासचिव जगन्नाथ प्रधान, सुदर्शन प्रधान, कृष्णा सिंह, नारायण प्रधान, रूपधर प्रधान, दिलेश्वर प्रधान, घुंसी सिंह आदि ने पालकोट, नाथपुर, लौवाकेरा, कोनबिर, कोलेबिरा, भावंर पहाड़, रसिया, संरगापानी, मुर्गा पानी आदि गांवों का भ्रमण किया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमडेगा जिलान्तर्गत भारी संख्या में मतदान करने हेतु विभिन्न गांवों ,स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बोलबा थानान्तर्गत मुण्डाटोली गॉव में तथा जलडेगा थानान्तर्गत कस्तूरबा आवासिय विद्यालय जलडेगा के छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों तथा छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में बतलाते हुए स्वच्छ और सुरक्षित मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्रों से अपील किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों तथा अपने परिवार जनों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें ।एसपी सिमडेगा के लोगों से सादर अपील है कि 13 मई को ज्यादा से ज्यादा अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करें और इस चुनावी महापर्व को सफल बनायें।

### भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी जयपाल मुंडा झारखंड पार्टी में हुए शामिल

**सिमडेगा।** खूंटी लोस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के लिए नामांकन करने वाले भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा झारखंड पार्टी में शामिल हो गए है। सोमवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जयपाल मुंडा ने झारखंड पार्टी को समर्थन देने की घोषणा करते हुए पार्टी का दामन थामा। पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत, प्रत्याशी अर्पणा हंस, मो शमशाद अंसारी, पवन कुमार आदि ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विदित है कि जयपाल मुंडा का नामांकन पत्र स्कुटनी में रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने झापा को साथ देने की घोषणा की थी। मौके पर जयपाल मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते है। उन्होंने कहा कि स्थानीय एवं सर्व सुलभ नेताओं को मौका मिलना चाहिए। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी के सांसद की कार्यशैली से खूंटी लोस क्षेत्र की जनता नाराज है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी को छह विस के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। राष्ट्रीय पार्टी से उब चुके लोगों के लिए झापा ही विकल्प बना है। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करने वाले राजनीतिक पार्टियों को इस बार कड़ा जवाब मिलेगा।

### डॉक्टर ने की वरिष्ठ पत्रकार के साथ मारपीट यह बर्दाश्त के योग्य नहीं : सुरजीत नागवाला

**हजारीबाग।** कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सुजीत नागवाला ने हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ मारपीट की घटना को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री ,स्वास्थ्य मंत्री , डीजीपी ,डीआईजी, डीडीसी और डीसी को ट्वीट कर पूरे मामले की जानकारी दी है और कार्रवाई करने का आग्रह किया है, विदित हो की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में सुविधा के नाम पर जीरो है लेकिन अगर कोई पत्रकार इस नाकामी को उजागर करने का प्रयास करता है तो डॉक्टर का व्यवहार काफी अपमानजनक होता रहा है और इसी क्रम में आज हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार के साथ डॉक्टर के के लाल के द्वारा मारपीट की घटना की गई है जो किसी भी रूप से बर्दाश्त के योग्य नहीं है, पूर्व में भी डॉक्टर के के लाल हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट रहे हैं और इनके कारनामे जग जाहिर रहे हैं, जहां एक और डॉक्टर का व्यवहार संयमित होना चाहिए और सुविधा क्या अनुरूप अपनी ड्यूटी करनी चाहिए वहीं दूसरी ओर हजारीबाग से भिखारी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ड्यूटी तो ढंग से निभा नहीं पाते हैं गरीबों को तो लाभ दे नहीं पाते हैं और उसके बावजूद अगर कोई पत्रकार लोगों को इस नाकामी को बताने का काम अगर करते हैं तो उनके साथ इस तरह की घटना घटित की जाती है जो कहीं से भी उचित नहीं है।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की मौत

**जगन्नाथपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथपुर स्थित फुटबॉल स्टेडियम के समीप सोमवार को अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से हेसलडीह गांव के 27 वर्षीय वचन हांसदा नामक युवक की मौत हो गई. घटना की सूचना ग्रामीणों ने मृतक के पिता सानू राम हांसदा को दी. दुर्घटना की सूचना जीआरपी पुलिस को मिलने के बाद घाटशिला जीआरपी थाना प्रभारी क तिवारी समाजसेवी कालीराम शर्मा मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया.घटना के संबंध में बनकटी पंचायत के हेसलडीह गांव निवासी पतित हांसदा ने बताया कि मृतक का घर के बगल में रेलवे ट्रैक है. अक्सर गांव के लोग ट्रैक के आसपास बैठते हैं. वचन भी शायद ट्रैक के किनारे खड़ा था अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई होगी. वैसे भी वचन मानसिक रूप से विक्षिप्त था. घाटशिला थाना के एसआई सुभाष चंद्र गागराई घटना की जानकारी लेने अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे।

### तेतुलमारी कोलडंप में लगी आग, मजदूरों में अफरातफरी

**धनबाद।** तेतुलमारी कोलडंप में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई. धुआं देख डंप में कार्यरत मजदूरों में अफरातफरी मच गई. मजदूरों ने घटना की सूचना प्रबंधन को दी. दो घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया. लोगों ने बताया कि जहां कोयला डंप किया गया है, उक्त स्थान पर पहले से ही आग लगी हुई थी, जिसे ओबी गिराकर ढक दिया गया था. जैसे ही मशीन से खुदाई हुई, आग ने धीरे-धीरे कोयले के ढेर को चपेट में ले लिया. मामले को लेकर तेतुलमारी परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि घटना से कोई नुकसान नहीं हुआ है, आग से कोयले का ढेर काफी दूर में है।

### नौकरी लगते ही प्रेमिका ने किया शादी से इंकार प्रेमी पहुंचा थाने

**धनबाद।** जब वो पढ़ती थी तो उसे पढ़ाया, उसके खर्च भी उठाए, नौकरी दिलाने से लेकर हर काम में उसे कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया. लेकिन नौकरी लगने के बाद प्रेमिका बदल गई और शादी से इंकार कर दिया. अब बुरे परिणाम की धमकी भी दे रही है. प्रेमिका की बेवफाई पर प्रेमी ने थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है.धनसार थाने में दी गई शिकायत में पीड़ित पवन ने बताया है कि वह बरमसिया स्थित फ्यूचर प्वाइंट कोचिंग में पढ़ाता है. उसके कोचिंग सेंटर में ही प्रेमिका भी पढ़ती थी. लड़की की मां की वर्ष 2019 में मौत हो गई. तब से उसके पिता ने उसके पढ़ने लिखने के अलावा अन्य कोई भी खर्च नहीं दिया और उससे कोई मतलब भी नहीं रखा. इसे देखते हुए पवन ने उससे पढ़ाई का खर्च नहीं लिया. खुद का पैसा खर्च कर उसकी पढ़ाई पूरी करवाई. तीन साल तक दोनों रिलेशनशिप में रहे. 2022 में लड़की की बिहार पुलिस में नौकरी लग गई. दोनों मार्च 2024 में शादी करनेवाले थे. इसी बीच 19 फरवरी को पवन उससे मिलने बिहार गया था. चार दिन तक उसके साथ रहा।

### चंद्रपुरा में 755 लीटर अवैध शराब व 840 किलो महुआ जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना क्षेत्र जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. टीम ने वहां से 755 लीटर अवैध चुलाई शराब व 840 किलो जावा महुआ जब्त किया. जब्त शराब व निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया. विभाग ने अवैध शराब के धंधेबाज हरिपद महतो व सुरेश महतो के खिलाफ मामला दर्ज किया है. छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## कल्पना सोरेन ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, कहा-

# मजबूत स्थिति में है इंडी गठबंधन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए झामुमो प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद सोमवार की शाम बेंगाबाद में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। यहां पर महिला कार्यकताओं द्वारा कल्पना सोरेन का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की स्थिति मजबूत है। बीते 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय रैली से



ही इंडिया गठबंधन की लहर का पता चल गया है। उन्होंने कहा झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ उपस्थिति दर्ज कराएगी। कल्पना ने कहा देश में सत्ता पलटने वाला है। गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि जनता का भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, मोहम्मद फखरुद्दीन, मंजू मरांडी, विजय सिंह, एनामुल हक, शाहनवाज अंसारी, किशुन मरांडी, नीलकंठ मंडल, जाकिर हसन सहित गठबंधन दल के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बोलेरो ने ओवरटेक के दौरान मारा ऑटो को धक्का, छह घायल

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र के एनएच-19 बायपास बेसिक स्कूल डुमरी के समीप रविवार की देर शाम एक बोलेरो ओवरटेक के क्रम में टेम्पू से जा टकराया। जिससे टेम्पू सवार छह लोग घायल हो गये। जिनका इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। बताया जाता है कि टेम्पू में सवार होकर एक परिवार चेगड़ो से अपने किसी रिश्तेदार के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जरुआडीह जा रहा था। तभी स्थान पर बोलेरो टेम्पू से आगे निकलने के क्रम में टेम्पू से जा टकराया। टक्कर की इस घटना में टेम्पू में सवार चेगड़ो निवासी सवित्री देवी 40 (पति कमल महतो), गायत्री कुमारी 14 (पिता डालेश्वर महतो),अनीता कुमारी 8 (पिता खुबलाल महतो)गीता देवी 40 (पति स्व ईश्वर महतो),प्रिन्स कुमार 6 (पिता नागेश्वर महतो) एवं आशा देवी 25 (पती नागेश्वर महतो) घायल हो गये। सभी का इलाज रेफरल अस्पताल में किया वहीं घटना की जानकारी डुमरी पुलिस को भी दे दी गयी।

# डिजनीलैंड मेला में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

### लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मेले में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वर्ण सिनेमा कैंपस में लगे डिजनीलैंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। तथा इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मेले में पहुंचे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

मौके पर सभी छात्राओं को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।




# 2 मई को अन्नपूर्णा देवी भरेंगी नामांकन का पर्चा

### तैयारी को लेकर हुई बैठक, यूपी के डिप्टी सीएम होंगे शामिल

### अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में तिसरी से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां टिकैत गढ़ में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा से फतह दिलाने और नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया गया। जानकारी दी गई कि आगामी 2 मई को अन्नपूर्णा देवी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेगी। इसके बाद गिरिडीह के सर्कस मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आदि भी शामिल रहेंगे। मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में गावां, तिसरी और धनवार से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।



### भाजपा तिसरी व चंदौरी मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न

**गिरिडीह।** आगामी 2 मई को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारियों को लेकर सोमवार को तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थिति बर्णवाल धर्मशाला में भाजपा के तिसरी व चंदौरी मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। मौके पर भाजपाइयों ने नामांकन और चुनाव को लेकर चर्चा - परिचर्चा की। बताया गया कि नामांकन कार्यक्रम में तिसरी प्रखंड से भारी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिसके लिए पंचायतवार ब्योरा भी तैयार किया गया है। वहीं चुनाव के मद्देनजर कार्यकताओं को कमर कस लेने की भी बात कही गई।

### सारंडा में साल का फूल खिलेगा, ना कि कमल का फूल : मंगल सिंह

**किरीबुरु ।** सारंडा में साल का फूल खिलता है, ना कि कमल का फूल खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी देश वासियों से राम नाम जपवा रहे हैं लेकिन सारा माल अपना व आडानी के नाम करवा रहे हैं. उक्त बातें पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने जेएमएमयू कार्यालय में सिंहभूम संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा माझी के समर्थन में आयोजित कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुये कहा. उन्होंने कहा कि सारंडा की वन व खनिज संपदाओं को भाजपा सरकार लूटने की तैयारी में है. वह चाहती है कि यहां की भाजपा प्रत्याशी को जिताकर खदानों, जंगलों व जमीन को अडानी, अंबानी के हाथों सौंप लूटा जाये. ऐसा होने नहीं देना है.उन्होंने कहा कि अगर आज हम चूक गये तो आने वाला समय काफी खराब होगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाईबासा आयेंगे और अपने आपको चाईबासा व चायवाला में समानता दिखाकर आपको बरगलाने की कोशिश करेंगे, लेकिन इसमें फंसना नहीं है।

# झामुमो और कांग्रेस ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन को कुचलने का काम किया : बाबूलाल

## एनडीए उम्मीदवार गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। सिंहभूम**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेतृत्व में सरकार चल रही है। ये सभी झारखंड के विरोधी हैं। झारखंड के विकास के विरोधी हैं। इनसे झारखंड का विकास कभी नहीं हो सकता। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से ही चल रहा था। कांग्रेस पार्टी की सरकार केंद्र में थी। कभी उन्होंने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। मरांडी सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आने पर अलग झारखंड



राज्य का निर्माण हुआ। यदि हम अपने आप को झारखंड के वासी कहते हैं तो यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। झारखंड अलग राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नहीं बनाया। कांग्रेस ने नहीं बनाया। इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को कुचलने का काम किया। उन्होंने सिंहभूम से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजय बनाने की भी अपील की।

मरांडी ने कहा कि सूचना मिली कि जनसभा में आने से लोगों को मना किया जा रहा था लेकिन इस चिलचिलाते धूप में आए लोगों को देखने से एक बात स्पष्ट हो गया इस क्षेत्र की जनता एनडीए उम्मीदवार को वोट देकर विजयी बनाने का मन बना चुकी है। चम्पाई सोरेन कितना ही रोकने का प्रयास क्यों ना कर लें, क्षेत्र की जनता अब नहीं रुकेगी और 13 मई को कमल निशान में ही बटन दबाएगी।

### टेनिस प्रतियोगिता में माइनिंग ने जनरल रेड को हरा खिताब जीता

**किरीबुरु ।** सेल, किरीबुरु प्रबंधन के तत्वाधान में आयोजित अंतर विभागीय इंडोर गेम्स टेबल टेनिस के फाईनल मुकाबले में माइनिंग ने जनरल रेड को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. माइनिंग की तरफ से सूरज कुमार लाल, विश्वजीत मुखर्जी, संजीत मिश्रा, दीवाकर पासवान एवं ईशान सिंह कठोते शामिल थे. जबकि जनरल रेड से टी एस बनर्जी, आलोक रंजन, उदय भान सिंह राठौर, सुमित झा एवं कुमार धीरेन्द्र शामिल थे. कैरम प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में क्रसिंग प्लांट के खिलाड़ी गणपत शर्मा एवं जाहिद इकबाल की जोडी।

### मेंटेनेंस ऑफिस का ताला तोड़ चोरों ने तीसरी बार की चोरी

**किरीबुरु।** सेल, मेघाहातुबुरु के सिविल विभाग के अधीन संचालित मेंटेनेंस ऑफिस का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने सामान की चोरी कर ली. 15 दिनों के अंदर चोरों ने इस कार्यालय में तीसरी बार ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. सूत्रों के अनुसार चोर लोहे व अन्य मेटल के सामान की चोरी की है. इस कार्यालय के विभिन्न कमरों के कई ताला को तोड़ा गया है.चोरी की बढ़ती घटना से सेल प्रबंधन व शहरवासी परेशान हैं. सेल प्रबंधन भी चोरी की घटनाओं की शिकायत थाना में दर्ज कराने से हमेशा कतराता है।

## न्यूज बॉक्स

### वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में तीन भाई-बहन की शॉर्ट फिल्म सेलेक्ट, मिला पुरस्कार



**जमशेदपुर।** वोटर जागरुकता को लेकर शहर के तीन भाई-बहन द्वारा बनाई शॉर्ट फिल्म एक वोट की कीमत को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड की ओर से सोमवार को रांची स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पुरस्कृत और सम्मानित किया गया. तीनों बच्चों में रुचिका नारायण (हिलटॉप स्कूल, कक्षा 2), राघव श्रीवास्तव (कैंडी फ्लोस स्कूल, कक्षा 5) और चिराग श्रीवास्तव (विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, कक्षा 9) शामिल है. तीनों बच्चों ने भविष्य में आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए एक-एक रुपए की बचत को केंद्र बिंदु में रखते हुए उन्होंने एक-एक वोट के महत्व को फिल्म में दिखाने का प्रयास किया है. इस फिल्म को उन्होंने वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट में इंट्री कराया था।

### सारंडा के कुंबिया गांव में एक साल से राशन नहीं मिला, अब भाजपा को देंगे वोट



**किरीबुरु।** सारंडा के कुंबिया गांव में ग्रामीणों की विशेष बैठक मुंडा सोमा चाम्पिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से एनडीए प्रत्याशी सांसद गीता कोड़ा को चुनाव में पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई. इस दौरान मुंडा सोमा चाम्पिया, गोमा चाम्पिया, गंगाराम चेरवा, सुखराम सुरीन, सेलाय सुरीन आदि ने बताया कि झामुमो की यह झारखण्ड सरकार ने पिछले लगभग एक वर्ष से हम ग्रामीणों को सरकारी राशन देना बंद कर दिया है. इसके खिलाफ कई बार शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई अधिकारी सुनता ही नहीं है। जब सरकार हम गरीबों का राशन खा सकती है तो वह आगे और खराब हाल करेगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने भ्रष्टाचार व लूट की सारी सीमायें पार कर गई है।

कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।
सदर अस्पताल परिसर, रॉची, email id – csofficeranchi@yahoo.com
Tender No. : 1627 Date 29-4-2024

अति अल्पकालीन निविदा

लोक–सभा आम चुनाव 2024 के लिए First Aid Medical Kit , On call Basis Life saving Medicine & others के आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म /स्थानीय दुकानदारों से दिनांक 7.5.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता था। निर्धारित तिथि तक निविदा हाथो–हाथ अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website www.sadarhospital.com पर दिनांक 30.4.2024 से देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र www.sadarhospital.com पर ही देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR 324197 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
झारखण्ड सरकार

प्रेस विज्ञाप्ति
आम सूचना

अत्याधिक गर्मी को देखते हुए राँची जिला में अवस्थित सभी प्रतिष्ठानों, बिल्डरों/निर्माणकर्त्ता, नियोजकों एवं संवेदकों के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में आवश्यक निर्देश–

1. कामगारों के कार्य के घंटे/समय को पुनर्निर्धारित करना है।
2. कामगारों का लगातार स्वास्थ्य जाँच कराना है।
3. कार्यस्थल पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करवाएं। सभी श्रमिकों को आराम करने के लिए छायादार स्थान, साफ पानी, छाछ, आइस–पैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) प्रदान करें।
4. कार्यस्थल पर कामगारों के लिए दवा एवं आपातकाल के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था रखवाऐं।
5. कार्यस्थल को हवादार रखें।
6. हीट वेब (लू) से बचने के लिए बाहरी गतिविधि के लिए विश्राम अवकाश की आवृत्ति और अवधि बढ़ाएँ।
7. लू से पीड़ित कामगार को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ले जायें।
8. गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकीय स्थिति वाले श्रमिकों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।
9. कर्मचारियों को लू की चेतावनी के बारे में सूचित करें।

साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार के Do's & Don'ts for Heat Wave का भी अनुपालन किया जाना है।
आदेशानुसार।

PR 324188 Labour Employment and Traning (24-25)_D
श्रम अधीक्षक, राँची

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त–का कार्यालय, गुमला
(प्रशिक्षण कोषांग)
E-Mail – karmikakosaga@gmail.com

सूचना

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला के आदेश ज्ञाप संख्या 17/प्र0को0 दिनांक 04.04.2024 द्वारा निर्गत प्रशिक्षण कैलेण्डर के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण प्रति दिन पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :–

| समय/स्थान | दिनांक | विधानसभा | पार्टी नंबर | |
|---|---|---|---|---|
| महिला महाविद्यालय, पुग्गू, करमडीपा, गुमला। | 03.05.2024 | 67–सिसई | पुरूष | 24 से 273 |
| | 04.05.2024 | 67–सिसई | महिला | 1 से 42 |
| | | | | 1F से 28 F |
| | | | पुरूष | 1 से 23 |
| | | 68–गुमला | महिला | 1 से 64 |
| | | | | 1 F से 42 F |
| | | | पुरूष | 1 से 36 |
| | | 69-बिशुनपुर | महिला | 1 से 20 |
| | | | | 1 F से 20 F |
| | | | पुरूष | 1 से 16 |
| | | 69-बिशुनपुर | पुरूष | 17 से 66 |
| | 05.05.2024 | 68–गुमला | पुरूष | 37 से 284 |
| | 06.05.2024 | 69–बिशुनपुर | पुरूष | 67 से 316 |
| | 07.05.2024 | 67–सिसई | पुरूष | 274 से 328 |
| | | 69–बिशुनपुर | पुरूष | 317 से 366 |
| | | 67–सिसई | महिला | 1 से 42 |
| | | 68–गुमला | | 1 से 64 |
| | | 69–बिशुनपुर | | 1 से 20 |

सभी संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय निर्धारित स्थल में प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगें।

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग
–सह– जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।

PR.NO.324198 Election(24-25):D

# नीति नहीं लाभ हानि की राजनीति

यह राजनीति में अवसरवाद का उदाहरण है, इस तरह का बढ़ता दौर चिंताजनक है। भारत की राजनीति में दलबदल की विसंगति एवं विडम्बना आजादी के बाद से लगातार देखने को मिलती रही है। पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं। दलबदल के बढ़ते दौर ने अनेक सवाल खड़े किये हैं। कल तक विपक्ष में जो नेता दागी होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद ऐसा क्या हो जाता है कि उनके दाग दाग नहीं रहते। राजनीति में निष्ठाएं बदलने की स्थितियां आम नागरिकों को उद्वेलित कर रही हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है।हर बार चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों में ह्यआयाराम-गयारामह्ण का खेल शुरू हो जाता है। विभिन्न दलों के प्रभावी नेताओं को अपने दल में शामिल कराने की होड़ मची है, कभी कोई एक दल बाजी मारती हैं तो कभी कोई दूसरा दल। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हो, पूर्व अधिकारी हो, अभिनेता हो या खिलाड़ी राजनीति में अपना भविष्य आजमाते रहे हैं। अगर भाजपा की विचारधारा किसी विजेंदर, गौरव या अनिल शर्मा जैसे लोगों हो क्यों अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इनदिनों भाजपा में जो विभिन्न दलों के तीस के लगभग राजनेता शामिल हुए हैं उनमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। क्या यह भाजपा के निश्चित जीत की संभावनाओं का परिणाम है या केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के डर का परिणाम है। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती।देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि दलबदल का बढ़ता दौर कैसे रूके। राजनीति एवं राजनेताओं में नीति एवं सिद्धान्तों की बात प्रमुख होनी चाहिए लेकिन ऐसा न होना लोकतंत्र की बड़ी विसंगति है। राजनीति में सबकुछ जायज है वाली सोच एवं स्वार्थ की नीति दुर्भाग्यपूर्ण है। चुनाव का समय हर राजनेता के लिये अपने हित एवं स्वार्थ को चुनने का समय होता है, लेकिन उनके सामने लोकतंत्र के हिताहित का प्रश्न बहुत गौण हो जाता है। चुनावों में आचार संहिता के चलते कई प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, लेकिन राजनीति में में दल-बदल पर नियंत्रण का कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है, जबकि यह लोकतंत्र की जीवंतता एवं पवित्रता के लिये प्राथमिकता होनी चाहिए। सत्ता का स्वाद ही ऐसा होता है कि कोई भी राजनेता इससे अछूता नहीं रहता। इसीलिए आजकल दल बदलने का दौर खूब हो रहा है। यह बात दूसरी है कि ज्यादातर नेताओं में भाजपा का दामन थामने की होड़ मची है। एक दिन पहले भाजपा पर निशाना साधने एवं जीभर कर कोसने वाले नेताओं को एकाएक भाजपा इतनी अच्छी क्यों लगने लगती है? भाजपा को भी सोचना चाहिए कि आखिर ये अवसरवादी नेता जबभी उनके अनुकूल नहीं हुआ तो उसे भी बाय-बाय कर देंगे? भाजपा को यह भी देखना चाहिए कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं की अनदेखी कर चंद घंटों पहले पार्टी में शामिल होने वाले को टिकट देना कहां तक उचित है। दलों को विचार करना ही होगा कि राजनीति के मायने चुनाव जीतना भर ही है या फिर वे विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकताओं को मौका देकर राजनीति को स्वस्थ रखना चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों एवं नेताओं ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल एवं नेता सही रूप में नहीं निभा रहा है। ह्वसारे ही दल एवं नेता एक जैसे हैंह्ल यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं। झारखंड में तो हद ही हो गई भाजपा से चार दशकों से जुड़े कई बार सांसद रहे रामटहल चौधरी धूमधाम से कांग्रेस में गए और वापस आ गए ।

जल संकट

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में


ललित गर्ग



**मानवीय** गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है। वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है। लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिये जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भू-जल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### क्या यह जुमला नहीं है कि देश एवं संविधान खतरे में है?


डॉ. मनमोहन प्रकाश

**पिछले** कुछ दिनों से विशेष लोगों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है कि 'देश को बचाना है, संविधान को बचाना है'। इसका मतलब तो यही हुआ कि न सिर्फ देश खतरे में है अपितु उसका संविधान भी खतरे में है। देश खतरे में तभी कहलाता है जब देश की सीमाएं सुरक्षित न हो। किसी ताकतवर देश द्वारा आक्रमण कर दिया हो। देश में भुखमरी, अराजकता, लूटपाट, अपराध अपने चरम पर हो। सत्ता को हासिल करने के उद्देश्य से देश में इमरजेंसी लागू कर दी गई हो। आतंकवाद की घटनाएं अपने चरम पर हों। देश की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान देश जैसी हो गई हो, फौजी या अन्य ताकतों के हस्तक्षेप से तख्तापलट की संभावना निर्मित हो गई हो। नियम कानून का राज शून्य पर पहुंच गया हो। न्याय पालिका की स्वतंत्रता खत्म हो गई हो। बोलने और लिखने की आजादी छीन गई हो। मेरी दृष्टि में उपरोक्त स्थितियों से हमारा देश अभी कोसों दूर है। अपितु देश पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है, सुरक्षित हुआ है, विकसित हुआ है। हमारे देश की सेनाएं पहले से ज्यादा सशक्त हुई हैं, पहले से ज्यादा आधुनिक और खतरनाक अस्त्र-शस्त्र (परमाणु) से सुसज्जित हुई हैं। पड़ोसी देशों में भी हमारे सैन्य बल का खौफ पहले से ज्यादा है। इतना ही नहीं आज भारतीय सेना के पास अपने आपको आधुनिक बनाने के लिए न तो पैसों की कमी है,न ही संसाधन का टोटा है ,न ही सेना को राष्ट्र हित में निर्णय लेने के लंबा इंतजार करना होता है। भारतीय सेना धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। कई राष्ट्र भारत द्वारा निर्मित अस्त्र-शस्त्र को खरीद रहे हैं। यह तभी संभव है जब हमारे अस्त्र-शस्त्र दुनिया के अस्त्र-शस्त्र भंडार में विशेष पहचान रखते हों। भारत की विदेश नीति भी पहले ज्यादा सशक्त,दवाब रहित और प्रेक्टिकल दिखाई देती है। भारत में भुखमरी तथा अराजकता जैसी स्थिति कभी भी नहीं रही है- कोरोना काल में भी नहीं। करोड़ों साधनहीन गरीब जनता को आज भी सरकार मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है, खातों में विभिन्न योजना के अंतर्गत सीधे राशि पहुंच रही है। देश में नियम-कानून का पालन हो रहा है और न्यायलय स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं। न्यायपालिकाओं द्वारा भी संविधान सम्मत,नियम-कानून सम्मत निर्णय सुनायें जा रहे हैं हैं - यहां तक कि सरकार की गलती होने पर उसके विरुद्ध भी निर्णय सुनाने में कोई परहेज नहीं।

दुष्प्रभाव

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन


डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा

**सोशल** मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्स ऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगा जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक-दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है।

> **दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।**

## फेसबुक वॉल से

**Madhukar Ranchi**
28 m ·

अब कांके डैम की सफाई में बगुले भी जुट गए हैं



1

Like Comment Send Share

## X - से

**Jayshree Soren**
@jayshreesorenn

जब वे आपको हरा नहीं सकते, तो ये घटिया हथकंडे हैं जिनका वे उपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं। यह स्वीकार्य नही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए । हम ऐसे समाज में नहीं रह सकते जहां हमारी सुरक्षा से समझौता किया जाए।

@SitaSorenMLA @soren_rajshree @Vijayshree_S_

Translate post

**Babulal Marandi (Modi Ka Pariv...** · 16h
तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला कर के अपने कायराना कृत्य का परिचय दिया है।

घुसपैठियों और अपराधियों के दम पर अपनी राजनीति बचाने का प्रयास कर रहीं ममता बनर्जी ने हताशा में महिला कार्यकर्ता के उपर हमले करा के लोकलाज की सारी सीमाएं लांघ दी... Show more



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# ईरान-इजराइल संघर्ष व भारतीय अर्थव्यवस्था


डॉ. अनिल कुमार निगम

**क्या** आप जानते हैं कि ईरान और इजराइल के बीच होने वाले संघर्ष सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने वाला है। अगर इन दोनों देशों के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है तो डॉलर में मजबूती आएगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। इससे विश्व में तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन भारत में न केवल महंगाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी बल्कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव तो उसी समय बढ़ गया था जब हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इजराइल ने गाजा पटटी पर हमास ने तबाड़तोड़ हमले किए। लेकिन जिस तरीके से इजराइल ने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया, उससे पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया। ईरान ने इसकी प्रतिक्रिया इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से सीधा हमला कर दिया। उसके बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। इस संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में तो जबरदस्त तनाव तो है लेकिन इस संघर्ष का असर भारत सहित संपूर्ण विश्व पर पड़ना तय है। हम यह भलीभांति जानते हैं कि आज अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन जैसे देश अपने हथियारों के व्यापार को चमकाने के लिए किसी न किसी के साथ खड़े हैं। इन देशों की विदेश और रक्षा नीति में यह रणनीति और मंशा होती है कि विश्व में कहीं न कहीं युद्ध चलता रहने चाहिए ताकि उनके हथियारों की आपूर्ति ऐसे देशों में होती रहे और उनके देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहे। इजराइल व ईरान के बीच युद्ध का इन दोनों देशों पर तो विपरीत असर पड़ेगा लेकिन इन दोनों देशों के बाद इसका सबसे प्रतिकूल असर भारत में कच्चे तेल की कीमतों पर वृद्धि के तौर पर पड़ेगा। आज भारत कच्चे तेल का विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। विश्व को कुल कच्चे तेल का एक-तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से ही मिलता है। ईरान और इजराइल के बीच चलने वाले संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन महंगा हो जाता है और इसका सीधा असर अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ने लगता है। अगर यह संघर्ष लंबा चला तो डॉलर की स्थिति मजबूत होगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है। इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# त्रेता युग में निर्मित विष्णु मंदिर

**बिहार** के औरंगाबाद जिले के मदनपुर के पास अवस्थित उमगा या उमंग गढ़ का भ्रमण आपको कदम कदम पर चौंका देगा। वैसे तो, मैं इस मंदिर और पर्वत पर पर बचपन में कई बार गया हूं । लेकिन तब 'समझने' की समझ विकसित नहीं थी। इस बार अल्प समय के लिए, अचानक ही मंदिर का रूख कर लिया तो? इतिहास, पुराण और आख्यान की बहुत सारी कहानियां फिर से ताजा हो गयीं। इस इलाके में एक प्रचलित किवदंती यह है कि देवों के महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने एक ही रात में तीन अद्भुत मंदिरों का निर्माण किया था- देव, देवकुंड और उमगा सूर्य मंदिर का। कहते हैं कि उमगा मंदिर के उपर कलश बैठाया जाता, इसके पूर्व ही चांदनी रात का सवेरा हो गया था और भगवान विश्वकर्मा वह कार्य अधूरा छोड़कर चले गये थे।



**त्रेता युग का श्रीहरि विष्णु मंदिर कैसे बना सूर्य मंदिर ?** इतिहासकारों और पुरातत्ववेत्ताओं का कहना है कि वर्तमान में सूर्य मंदिर के रूप में विख्यात उमगा का यह मंदिर कभी श्रीहरि विष्णु मंदिर था । मंदिर का निर्माण त्रेता युग में किया गया था। मंदिर के शिलालेख बताते हैं कि पहले यह श्री जगन्नाथ मंदिर था।? मुगलों का अत्याचार जब चरम पर था और पूरे भारत में लाखों मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा था, उसी काल में यह मंदिर भी मुगलों के क्रूरता और अत्याचार का शिकार हुआ।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# फेसबुक- इंस्टाग्राम यूज करना हो सकता है पेड

फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अब तक अपने उपयोगकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने विज्ञापनों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास किया है। अब, यह प्लेटफार्म उपयोगकर्ताओं से सीधे भुगतान करने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए उन्हें बदलाव कर रहे हैं। फेसबुक की मात्र रूप में सोशल मीडिया नहीं, अब एक व्यापारिक यंत्र के रूप में उभर चुका है। इसके संग इंस्टाग्राम भी इस बदलाव का हिस्सा बन गया है। मेटा कॉर्पोरेशन, जो पूर्व में फेसबुक नाम से जाना जाता था, ने हाल ही में एक बड़ा फैसला किया है - फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ताओं से फीस लेने का। यह निर्णय सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इस नये अद्यतन को लेकर है, जिसमें उपयोगकर्ताओं को उनकी सेवाओं के लिए भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अब तक अपने उपयोगकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने विज्ञापनों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास किया है। अब, यह प्लेटफार्म उपयोगकर्ताओं से सीधे भुगतान करने के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग करने के लिए उन्हें बदलाव कर रहे हैं।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

भाजपा ने चुनाव आयोग से की कांग्रेस की शिकायत

# फेक वीडियो व बच्चों से प्रचार कराने पर कार्रवाई की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से सोमवार को मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले की शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा ने इसके साथ ही कांग्रेस पर अपने चुनाव प्रचार में बच्चों की वीडियो और तस्वीरों को भी इस्तेमाल करने की शिकायत की है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी के रवैये पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कदम उठाने की मांग की। चुनाव आयोग से कांग्रेस और टीएमसी की शिकायत करने के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी डीप फेक, मॉर्फ और नकली वीडियो के जरिए चुनाव की पूरी प्रक्रिया को डिरेल करना चाहती है।

आज भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है कि किस तरह से कांग्रेस पार्टी ने अपने ऑफिशियल हैंडल से डीप फेक मैसेज डालकर जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश की है। उन्होंने चुनाव आयोग से कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। अश्विनी वैष्णव ने आगे बताया कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने हिंसा को अपनी आदत और चुनावी हथियार बना लिया है।



### गृह मंत्री के वीडियो के मामले में पुलिस ने एक्स व दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को लिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटीजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) इकाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किये गये वीडियो के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए एक्स और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को लिखा है। जांच की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया, हमने वीडियो के बारे में एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को लिखा है। हम वीडियो के स्रोत और इसके व्यापक प्रसार के लिए जिम्मेदार लोगों, दोनों की जांच कर रहे हैं। वास्तव में, गृह मंत्री ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई थी, लेकिन वीडियो से छेड़छाड़ कर यह जताने की कोशिश की गई कि वह सभी वर्गों के लिए आरक्षण समाप्त करने की बात कर रहे हैं।

## अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की वैधता की समीक्षा करेगा सुप्रीम कोर्ट




**नई दिल्ली।** आर्टिकल 370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के साल 2019 के फैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय समीक्षा के लिए राजी हो गया है। कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर 1 मई को विचार करेगी। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने को संवैधानिक रूप से वैध ठहराया था।अपने फैसले में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र के फैसले को वैध ठहराते हुए कहा था कि यह अस्थाई प्रावधान था और राष्ट्रपति के पास इसे हटाने का पूरा अधिकार है। इस फैसले को सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करने का आरोप लगाया।

सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां उनकी सारी गारंटी बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार आती है, वहां हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है, जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद हैं।

### संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शीशगंज गुरुद्वारे में माथा टेका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को दिल्ली के शीशगंज गुरुद्वारे में जाकर माथा टेका। सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर जी महाराज का आज प्रकाश पर्व है। इस अवसर पर सरकार्यवाह होसबाले ने कहा, गुरुद्वारा शीशगंज का इतिहास में प्रेरणादायी स्वर्णिम पृष्ठ है। भारत के धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए अपने अनुयायियों की शहीदी होने के पश्चात भी हिम्मत से डटे रहे।

### मोतिहारी बालिका गृह से 9 लड़कियां फरार

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के बरियारपुर स्थित बालिका गृह से नौ लड़कियां फरार हो गईं है। घटना की जानकारी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। वही इसकी सूचना पर एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर छतौनी थाना पुलिस ने सदर एएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बच्चियों को बरामद किया है। जबकि अन्य सात की तलाश जारी है। एक साथ 9 बच्चियों के बालिका गृह से फरार होने के बाद बालिक गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। इस बाबत छतौनी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एएसपी सदर के नेतृत्व में दो लड़कियों को बरामद किया है।

## अमित शाह फर्जी वीडियो मामले में असम से एक गिरफ्तार

**एजेंसी। गुवाहाटी**



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि असम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े एक वीडियो में छेड़छाड़ के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रीतम सिंह के रूप में हुई है। असम के मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, असम पुलिस ने माननीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े फर्जी वीडियो के मामले में रीतम सिंह नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह गिरफ्तारी सोमवार को की गई। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ किए गए वीडियो के संबंध में पान बाजार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद सिंह को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया गया।

## 'अनसेफ' आई तो मैकडॉनल्ड्स पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी। नोएडा**



नोएडा में स्थित एक मैकडॉनल्ड्स शॉप के खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। यदि रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों में किसी प्रकार की कमी या खराबी पाई जाती है तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। अगर रिपोर्ट में अनसेफ मेंशन होकर आता है तो 10 लाख तक का जुमार्ना और आजीवन कारावास तक का प्रावधान है।

गौतमबुद्ध नगर की सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अर्चना धीरान ने बताया है कि कंप्लेंट के बाद मैकडॉनल्ड्स से फूड डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने पामोलिव ऑयल, चीज, मेयोनीज के सैंपल कलेक्ट किए थे। जिन्हें परीक्षण के लिए लखनऊ भेजा गया है। इसकी रिपोर्ट आने में थोड़ा वक्त लगता है। रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में कार्रवाई होगी।

दरअसल, नोएडा निवासी युवक ने सेक्टर-18 स्थित मैकडॉनल्ड्स से ऑनलाइन बर्गर मंगाया था। उनका आरोप है कि बर्गर बासी था। उन्होंने इसकी शिकायत एफएसएसएआई के पोर्टल फोसकस पर की थी। जिसके बाद फूड डिपार्टमेंट की टीम ने सैंपल कलेक्ट किए थे। इसके साथ ही एक और ग्राहक की कंप्लेंट पर नोएडा के ही सेक्टर-104 स्थित थियोब्रोमा बेकरी एंड केक शॉप की शिकायत मिली थी। जिसके बाद बेकरी से केक के सैंपल लिए गए थे। नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है।

यह कार्रवाई विभाग ने ग्राहकों की शिकायत पर की है। शिकायतकर्ता ग्राहकों की बर्गर और केक खाने से तबीयत खराब हो गई थी।

## हमास संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण का दावा राफा में इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए



**गाजा।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। क्षेत्र के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह दावा किया। अधिकारियों ने कहा कि रात के दौरान विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए। सोमवार सुबह गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई। जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निदेशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते। इजरायल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा। इजरायल के सहयोगियों ने बार-बार सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि सैकड़ों हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक शहर में शरण ले रहे हैं। नियोजित सैन्य अभियान को अभी भी टाला जा सकता है, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल फि लिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई पर बातचीत करने के लिए सोमवार को मिस्त्र पहुंच रहा है।

### चीन अब बांग्लादेश में भारतीया कार- इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बाजार पर कब्जा करने की जुगत में

**ढाका।** भारत-बांग्लादेश के बीच खून के रिश्ते के साथ व्यापारिक संबंध भी सबसे प्रगाढ़ हैं। इन संबंधों पर अब चीन बुरी नजर डाल रहा है । यहां भारतीय कंपनियों के कार और इलेक्ट्रॉनिक बाजार पर कब्जा करने के लिए चीन डोरे डालने लगा है। तीन कंपनियां बांग्लादेशी कंपनियों के साथ मिलकर कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तैयार करना चाहती हैं। अकीज ग्रुप और एसीआई मोटर्स सहित कई बांग्लादेशी कंपनियां संयुक्त कारखाने स्थापित करने के लिए आगे आई हैं। हालांकि बांग्लादेश में इन कारों का निर्माण नहीं होगा बल्कि सब कुछ चीन में बनेगा और बांग्लादेश में केवल असेंबलिंग होगी।

## द. नेपाल में भीषण गर्मी और लू का कहर

**एजेंसी। काठमांडू**



नेपाल के तराई क्षेत्र में अप्रैल के आखिरी सप्ताह में पड़ रही भीषण गर्मी आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़ाने वाली है। बढ़ते तापमान के कारण कई स्थानों पर स्कूलों को बन्द करना पड़ा है। लोगों के रोजमर्रा के कामकाज पर भी असर पड़ा है। अप्रैल के अन्तिम हफ्ते में जहां आमतौर पर नेपाल के दक्षिणी हिस्से का तापमान 32-35 डिग्री सेल्सियस रहा करता था, इस बार इसी समय कई स्थानों का तापमान 40 डिग्री के पार हो गया है। इतना ही नहीं, काठमांडू के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। सामान्य तौर पर काठमांडू में अप्रैल में तापमान 25-28 डिग्री हुआ करता था लेकिन इस समय काठमांडू का भी तापमान 33 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक गर्मी अपना प्रचण्ड रूप दिखा रही है । तराई में लगातार तापमान बढ़ रहा है। पिछले डेढ़ सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तराई में गर्म हवा और लू चल रही है। इसके कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। रविवार को तराई के पांच क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे भी अधिक दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान भैरहवा में 42.48 डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को भी यहां 42.24 डिग्री ही था। इसी तरह रविवार को धरान में 40, विराटनगर में 40.2, सिमरा में 40.3 और जनकपुर में 41.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया है। धनगढ़ी और नेपालगंज का तापमान भी वैसे तो 40 डिग्री पहुंचा है लेकिन लू चलने की वजह से भीषण गर्मी है। नतीजतन, स्थानीय प्रशासन ने विद्यालयों को बन्द करने का आदेश दिया है। मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार कम से कम इस हफ्ते तक तराई के अधिकांश जिलों में गर्म हवा चलने के कारण भयंकर लू वाला मौसम रहने वाला है। इधर, काठमांडू में भी दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ रहा है। सामान्य तौर पर जहां गर्मी के चरम पर भी काठमांडू का तापमान 30 डिग्री के पार नहीं होता था, वहीं इस बार अप्रैल में ही तापमान 33 डिग्री के पार जा चुका है।

## न्यूज बॉक्स

### यूपी में बहन की शादी में डांस करते समय लड़की की मौत

**मेरठ (यूपी)।** मेरठ से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां अपनी बहन की शादी में डांस करते समय 18 साल की एक लड़की की मौत हो गई। लड़की की पहचान रिमशा के रूप में की गई है। वह शुक्रवार शाम को अपनी बहन के 'हल्दी समारोह' में डांस कर रही थी। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लड़की को कई और लोगों के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की को डांस करते हुए अचानक से घबराहट होती है। वह अपने सीने पर हाथ रखती है,और देखते ही देखते गिर जाती है। आनन-फानन में रिमशा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशंका है कि उसे दिल का दौरा पड़ा है। इस घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया, और बहन की शादी केवल करीबी परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

### नागपुर एयरपोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नागपुर।** नागपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक ईमेल सोमवार सुबह 10 बजे के करीब भेजा गया, जिसके बाद एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल एयरपोर्ट डायरेक्टर के मेल आईडी पर भेजा गया है, जिसके बाद इसकी शिकायत एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारियों को की गई। नागपुर के सोनेगांव पुलिस स्टेशन में भी इसकी शिकायत की जाएगी। ई मेल से धमकी मिलने की पुष्टि एयरपोर्ट डायरेक्टर आबिद रुई ने की और कहा कि सुबह ऑफिस समय में ही ये मेल भेजा गया। कई एयरपोर्ट को इस तरह के मेल किए गए हैं। ई मेल मिलने के बाद नागपुर एयरपोर्ट जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही एयरपोर्ट पार्किंग स्थल पर सभी वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है।

### पर्यटकों से भारी गाड़ी खाई में गिरी, तीन की मौत

**देहरादून।** देहरादून-मसूरी मार्ग पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हरियाणा से आए पर्यटकों की गाड़ी मसूरी हाथीपांव के पास 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन पर्यटकों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने बताया कि सोमवार को हरियाणा के पर्यटकों की कार (एचआर 42 एफ 2676) के खाई में गिरने की सूचना मिली। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बताया कि हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई।

### पंजाब पुलिस ने ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़, 48 किलो हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं 48 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया, "यह सिंडिकेट सीमा पार और अंतरराज्यीय नशीली दवाओं की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल था। जम्मू-कश्मीर और गुजरात तक फैले घरेलू नेटवर्क के साथ-साथ यह पांच देशों - ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला हुआ था। तीनों के पास से 21 लाख रुपये की अवैध धनराशि जब्त की गई। एक नकदी गिनने की मशीन और तीन महंगे वाहन भी जब्त किए गए। डीजीपी ने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करना है।

### भीषण आग से हड़कंप, 22 झोपड़ियां जलकर राख



**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून से सोमवार सुबह एक बड़ी घटना सामने आई, जहां एक भीषण अग्निकांड में 22 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। खुड़बुड़ा मोहल्ला में भीषण अग्निकांड से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक मजदूर यहां तांबा जला रहे थे, तभी, यह हादसा हुआ। गनीमत यह रही कि आग से पहले ही सभी बच्चे और यहां रहने वाले लोग बाहर चले गए। आग से यहां रखे छोटे सिलिंडर भी फट गए। करीब एक घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। यहां एक प्लॉट में टिन शेड में बनी 22 झुग्गी झोपड़ियां जलकर राख हो गई।

### चीन के लिए जासूसी के संदेह में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लंदन में दो लोगों को चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। इससे कुछ दिन पहले ही जर्मनी में चार व्यक्तियों को इसी आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। खुफिया विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि गहराई तक समा चुकी समस्या का यह सिर्फ एक बानगी है। निक्की एशिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि लंदन में आरोप का सामना करने वाला एक व्यक्ति संसदीय शोधकर्ता था और उसका कई राजनेताओं से संपर्क था। वह व्यक्ति चीन के विरुद्ध ब्रिटेन की नीति को प्रभावित कर सकता था। दक्षिणपंथी राजनीतिक पार्टी से संबंधित यूरोपीय संसद के सदस्य का सहायक था। हाल के वर्षों में चीनी जासूसी के दावों ने यूरोप में ब्रिटेन से लेकर जर्मनी, नीदरलैंड और यूरोपीय संघ के केंद्र बेल्जियम तक को परेशान कर दिया है। इनमें से कुछ संचालक ऊंचे पदों पर पहुंच गए हैं।

### केरल के पलक्कड़ में लू के कारण सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सोमवार को पलक्कड़ जिला कलेक्टर को आदेश दिया कि भीषण गर्मी के मद्देनजर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को 2 मई तक बंद करें। तमिलनाडु के कोवई की सीमा से लगे पलक्कड़ में पिछले कुछ समय से तापमान काफी अधिक है और शनिवार को आईएमडी ने अलर्ट जारी कर कहा कि पारा 41 डिग्री तक बढ़ जाएगा। निर्देश के चलते सभी शैक्षणिक संस्थानों को 2 मई तक बंद रखने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, सभी निवासियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बाहर नहीं निकलने के लिए कहा गया है। पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए काउंटर खोले जाएंगे।

### कनाडा में फिर लगे खालिस्तान समर्थक नारे

**नई दिल्ली।** कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डसेगा। सोमवार को भाजपा नेता आरपी सिंह ने ट्वीट में कहा कि कनाडा में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय राजनीतिक हस्तियों पर निज्जर की मौत में शामिल होने के आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए। रैलियों में खालिस्तान प्रचार और भारत विरोधी पोस्टर दिखाए गए। आरपी सिंह ने कहा कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है, उसके संबंध में तीन प्रमुख चिंताएं हैं।

## आज का राशिफल

**मेष:** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृषभ:** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मिथुन:** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

**कर्क:** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**सिंह:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या:** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

**तुला:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मकर:** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुम्भ:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**मीन:** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यो का म्लान रहेगा।

## इजरायल से बातचीत के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल पहुंचा काहिरा

**एजेंसी। काहिरा**



इजरायल के साथ युद्धविराम और कैदी विनिमय समझौते के लिए नए सिरे से बातचीत को लेकर हमास का एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंच गया है। सूत्रों ने कहा कि तीन सदस्यीय हमास प्रतिनिधिमंडल ने युद्धविराम के नवीनतम प्रस्ताव और इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों के लिए बंधकों की अदला-बदली पर चर्चा करने के लिए दोहा से उड़ान भरी। इजरायली समाचार वेबसाइट येनेट ने सोमवार को बताया कि प्रस्ताव में कई सौ फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 बंधकों की रिहाई की बात कही गई है। इनमें महिलाएं, महिला सैनिक, बुजुर्ग लोग, घायल और मानसिक रूप से विकलांग शामिल हैं। इजरायल सरकार के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि का हवाला देते हुए येनेट ने बताया कि युद्धविराम की अवधि रिहा किए गए बंधकों की संख्या पर निर्भर करेगी। समाचार आउटलेट के अनुसार, हमास प्रत्येक सैनिक के लिए 50 कैदियों और प्रत्येक नागरिक के लिए 30 कैदियों की रिहाई की मांग कर रहा है। प्रस्ताव के तहत, इजरायल उस सड़क से भी हट जाएगा जो गाजा पट्टी को दो भागों - उत्तर और दक्षिण - में विभाजित करती है। उत्तरी भाग के निवासियों को अपने घरों में लौटने की अनुमति दी जाएगी। गाजा पट्टी के लगभग 2.2 मिलियन निवासियों में से अधिकांश युद्ध के दौरान दक्षिण की ओर भाग गए हैं।

### नेपाल पुलिस का मोस्ट वांटेड भारतीय अपराधी शूट आउट में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल भारतीय अपराधी बबलू पासवान को पुलिस ने एक शूटआउट के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। काठमांडू में डेढ़ साल पहले एक आईएसआई एजेंट की हुई हत्या में संलग्न होने के आरोप में बीरगंज पुलिस को उसकी तलाश थी। पर्सा जिला के एसपी होमेन्द्र बोगटी ने बताया कि बबलू पासवान के भारत से रक्सौल सीमा पार कर बीरगंज आने की सूचना के बाद पुलिस की कई टीम को लगाया गया था। पुलिस की घेराबन्दी किए जाने की आशंका में बबलू पासवान ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे नियंत्रण में लेने के लिए फायरिंग करनी पड़ी।

## राष्ट्रपति शी चिनफिंग फ्रांस, सर्बिया और हंगरी की करेंगे यात्रा



**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, हंगरी के राष्ट्रपति सुलयोक तमस और प्रधानमंत्री ओर्बन विक्टर के निमंत्रण पर, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग 5 से 10 मई तक इन तीनों देशों की राजकीय यात्रा करेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन च्येन के अनुसार, यह यात्रा पिछले पांच वर्षों में किसी चीनी राष्ट्रपति की पहली यूरोप यात्रा होगी। यह चीन-फ्रांस, चीन-सर्बिया, चीन-हंगरी और चीन-यूरोप संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और साथ ही, विश्व शांति के विकास में नई गतिज ऊर्जा का संचार भी होगा।

प्रवक्ता ने सोमवार को पेइचिंग में आयोजित नियमित संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि फ्रांस चीन लोक गणराज्य के साथ राजदूत स्तरीय राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला प्रमुख पश्चिमी देश है। हाल के वर्षों में, राष्ट्रपति शी और राष्ट्रपति मैक्रों के नेतृत्व में, चीन-फ्रांस संबंध विकास का अच्छा रुझान बनाए रखते हैं। चीन को आशा है कि राष्ट्रपति शी की मौजूदा फ्रांस यात्रा से राजनीतिक आपसी विश्वास, एकता और सहयोग को मजबूत किया जाएगा और चीन-फ्रांस व्यापक रणनीतिक साझेदारी को एक नए स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा, चीन-यूरोप संबंध के स्वस्थ और स्थिर विकास में नई प्रेरित शक्ति डाली जाएगी और वैश्विक शांति, स्थिरता व विकास को बढ़ावा देने में नया योगदान दिया जाएगा।





# थॉमस कप बैडमिंटन : भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



**किरण जॉर्ज ने चोलन कायन को 21-18, 21-12 से हराकर भारत को 5-0 से जीत दिला दी**

**एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने बीटी रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गत चैंपियन भारत ने सोमवार को ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड पर 5-0 की आसान जीत के साथ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम, अब अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इंडोनेशिया से भिड़ेगी।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय महिलाओं ने भी लगातार दो जीत के साथ उबेर कप 2024 के अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का कर लिया है और अपने आखिरी ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को चीन से भिड़ेंगी।

पुरुषों के ग्रुप सी मुकाबले में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर टीम को विजयी शुरूआत दी।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इसके बाद बेन लेन और सीन वेंडी की अंग्रेजी जोड़ी को एक घंटे और पांच मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से शिकस्त दी और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। टीम प्रबंधन ने अगले एकल मुकाबले के लिए लक्ष्य सेन को आराम देने का फैसला किया, किदांबी श्रीकांत ने नदीम दल्वी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। इसके बाद एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने बीटी रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया और किरण जॉर्ज ने चोलन कायन को 21-18, 21-12 से हराकर भारत को 5-0 से जीत दिला दी। इसके साथ ही भारत ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल में झारखंड की बालिका टीम बनी द्वितीय उपविजेता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंजाब के जालंधर में आयोजित 14वीं जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम द्वितीय उपविजेता बनी। जूनियर राष्ट्रीय चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड बालक एवं बालिका दोनों की जूनियर चॉकबॉल टीमों ने भाग लिया था। द्वितीय उपविजेता बनने पर संघ के पदाधिकारी दीपक वर्मा, अंश वर्मा एवं सभी खिलाड़ियों के अभिभावकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। जूनियर बालिका टीम की खिलाड़ियों में अमिका मिंज (कप्तान), तन्नू केरकेट्टा (उप कप्तान), ऋषिका लकड़ा, अमीषा तिर्की, अंकिता तिर्की, श्रुति सपना टूटी, प्रिया पलक, सैफाली सिमरन नायक, रागिनी कुमारी, अंजली कच्छप, भुनेश्वरी कुमारी, दीप्ति कुमारी, जेनिस टोप्पो, सुधा गुप्ता, कृति रानी भगत, कोच रेशमा कुमारी, मैनेजर ब्रजेश गुप्ता शामिल हैं।

# लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में राहुल पर होंगी सबकी नजरें

**एजेंसी। लखनऊ**

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी 20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है।



ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। लखनऊ को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट से हराया था। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। उनके सामने मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने रविवार को मैदान के चारों ओर धुना था। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो काफी महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी।

## बेबी आने वाला है', धोनी की पत्नी साक्षी ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की पत्नी साक्षी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। रविवार को सीएसके और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच साक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट करते हुए मैच जल्दी खत्म करने का आग्रह किया क्योंकि वह मौसी बनने वाली थीं। मैच के बाद यह पोस्ट तुरंत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। धोनी की विकेटकीपिंग की एक छोटी सी क्लिप शेयर करते हुए साक्षी ने लिखा, 'कृपया आज मैच जल्दी खत्म करें चन्नई, बेबी आने वाला है...कंट्रेक्शन शुरू हो गया है। अनुरोध है- 'होने वाली बुआ का!' गौर हो कि सीजन में तीन बार 250 से ज्यादा स्कोर बनाने वाली हैदराबाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए बिखरती हुई नजर आ रही है। रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई ने पहले खेलते हुए ऋतुराज गायकवड़ के 98, डेरिल मिचेल के 52 और शिवम दुबे के 39 रनों की बदौलत 212 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी हैदराबाद की टीम 134 रन ही बना पाई। चेन्नई के लिए तुषार देशपांडे ने 27 रन देकर 4, मुस्तिफिजुर ने 19 रन देकर 2 तो पथिराना ने 17 रन देकर 2 विकेट लीं।



## वेलवन सेंथिलकुमार ने जीता बैच ओपन स्क्वैश का खिताब

**पेरिस।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार ने बैच ओपन स्क्वैश चैलेंजर इवेंट का खिताब जीत लिया है, जो उनका आठवां प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) टूर खिताब है। सेंथिलकुमार ने रविवार देर रात खिताबी मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी मेल्विल साइनिमैनिको को शिकस्त दी। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को 35 मिनट में 11-6, 11-9, 11-6 से हराया।

# तीरंदाज दीपिका कुमारी को टॉप्स योजना में फिर से किया गया शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 133वीं बैठक के दौरान तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में फिर से शामिल किया है, ताकि उन्हें लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद मिल सके, जो वर्ष 2028 में होगा।



दीपिका, जिन्होंने मातृत्व अवकाश लिया था, ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है और इस साल की शुरूआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, तीरंदाज प्रवीण जाधव को डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में और पैरा-पावरलिफ्टर अशोक को टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। इससे पहले रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्टार भारतीय निशानेबाज दीपिका कुमारी ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को 6-0 से हराकर महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक अर्जित किया।

## मुंबई सिटी एफसी के प्रहार से घायल एफसी गोवा पलटवार को तैयार

**मुंबई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में दूसरे सेमीफाइनल का पहला चरण बेहद रोमांचक रहा था, जिसमें मुंबई सिटी एफसी ने दो गोल पिछड़ने के बाद अंतिम समय में वापसी करते हुए एफसी गोवा को 3-2 से मात दी। लिहाजा, अब सभी फुटबॉल प्रेमियों की निगाहें वेस्ट कोस्ट के इन दो पावर-हाउसों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे चरण पर रहेंगी, जो आज शाम मुंबई फुटबॉल एरेना में खेला जाएगा।

## भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित जीते पांच पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने रविवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दक्षिण कोरिया के चांगवोन में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स (डब्ल्यूएसपीएस) विश्व कप में दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। भारतीय पैरा-निशानेबाजों ने 22 अप्रैल को कोरियाई शहर में शुरू हुए और 1 मई तक चलने वाले वर्ष के दूसरे विश्व कप में रविवार को कुल मिलाकर दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत के लिए स्वर्ण पदक मिक्स 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निहाल सिंह और भक्ति शर्मा और पी1 पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में संजीव कुमार गिरी ने जीते। पी2 महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भक्ति शर्मा और पी5 10 मीटर एयर स्टैंडर्ड पिस्टल मिक्स्ड एसएच1 में भाटीवाल विकास और संदीप कुमार के साथ आकाश कुमार की जोड़ी ने भारत के लिए दो रजत पदक जीते। आकाश कुमार ने रविवार को पी5 10 मीटर एयर स्टैंडर्ड पिस्टल मिक्स्ड एसएच1 व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। बता दें कि 27 देशों के लगभग 125 निशानेबाज सीजन के दूसरे विश्व कप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए एक बिल्ड-अप इवेंट है। कई यूरोपीय एथलीटों के लिए, यह विश्व कप मई में यूरोपीय चैंपियनशिप से पहले एक अभ्यास कार्यक्रम के रूप में भी काम कर रहा है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने पद संभालने के चार महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी सूत्रों ने दी। कंपनी को एक पुनर्गठन प्रक्रिया से गुजरने की भी उम्मीद है जो कम से कम 10 प्रतिशत कार्यबल को प्रभावित करेगी। जनवरी में ओला की मूल कंपनी, एएनआई टेक्नोलॉजीज ने यूनिलीवर के पूर्व कार्यकारी बख्शी को कंपनी के दिन-प्रतिदिन के संचालन की देखभाल के लिए नया सीईओ नियुक्त किया। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ की नियुक्ति होने तक कंपनी के संस्थापक भाविश अग्रवाल कार्यभार संभालेंगे। यह विकास ओला कैब्स द्वारा आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए निवेश बैंकों के साथ प्रारंभिक चर्चा शुरू करने के कुछ ही हफ्तों बाद आया है। इस महीने की शुरूआत में ओला ने घोषणा की थी कि वह बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यूके, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अपने सभी मौजूदा वैश्विक बाजारों को बंद कर रही है। समें कहा गया है कि वह भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी, क्योंकि उसे देश में विस्तार का अपार अवसर दिख रहा है। पिछले साल ओला ने पुनर्गठन अभ्यास के हिस्से के रूप में अपने ओला कैब्स, ओला इलेक्ट्रिक और ओला फाइनेंशियल सर्विसेज वर्टिकल से लगभग 200 कर्मचारियों को निकाल दिया था।

## वैश्विक भुगतान को आसान बनाने के लिए पेयू ने किया ब्रिस्कपे में निवेश

**नई दिल्ली।** डिजिटल फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर पेयू ने सोमवार को भारतीय एमएसएमई व्यापारियों के लिए वैश्विक भुगतान को आसान बनाने को लेकर सीमा पार भुगतान प्लेटफॉर्म ब्रिस्कपे में सीड राउंड में 5 मिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह निवेश अंतरराष्ट्रीय भुगतान के लिए पेयू इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और इसके मौजूदा निर्यात और आयात की पेशकश को पूरा करता है। पेयू के मुख्य निवेश अधिकारी विजय अगिचा ने कहा, ब्रिस्कपे की टॉप मैनेजमेंट टीम, डिजिटल-फर्स्ट बिजनेस मॉडल और बैंकिंग सिस्टम में विशेषज्ञता के साथ, हम उनके भविष्य के विकास को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उत्साहित हैं।" उन्होंने कहा, हम सीमा पार से भुगतान की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं और भारत में आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी के अनुसार, ब्रिस्कपे की स्थापना भारतीय व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाने के लिए दक्षता, पारदर्शिता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए की गई है। ब्रिस्कपे के सह-संस्थापक और सीईओ संजय त्रिपाठी ने कहा, यह पार्टनरशिप एमएसएमई के लिए सीमा पार लेनदेन को सरल बनाने, उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, ब्रिस्कपे में, हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार को घरेलू लेनदेन जितना आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अभिनव समाधान स्थानीय व्यवसायों को वैश्विक बाजार में पनपने के लिए सशक्त बनाते हैं। इसके अतिरिक्त, पेयू ने कहा कि वह नए नियामक लाइसेंसों का पालन कर अंतरराष्ट्रीय भुगतान को सरल बनाने में निवेश करना जारी रखेगा। पिछले सप्ताह, पेयू को भुगतान निपटान अधिनियम, 2007 के तहत पेमेंट्स एग्रीगेटर (पीए) के रूप में काम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से सैद्धांतिक मंजूरी मिली।




# मैं चीन का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, मेरे भी यहां काफी फैन हैं : एलन मस्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इन दिनों चीन का दौरा कर रहे टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि वह चीन के बहुत बड़े फैन हैं और उनके यहां कई प्रशंसक हैं। चीन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्द्धन परिषद के अध्यक्ष रेन हॉन्गबिन के साथ रविवार को एक बैठक के दौरान अरबपति कारोबारी ने यह बात कही। मस्क ने इस बारे एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी जिसे काफी लोगों ने साझा किया है। उन्होंने कहा, मैं चीन का बहुत बड़ फैन हूं। मुझे यह कहना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, चीन में मेरे भी बहुत सारे फैन हैं। दोनों तरफ से भावनाएं एक सी हैं।



मस्क रविवार को अचानक चीन पहुंच गये जहां उन्होंने प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात की। एक्स पर एक पोस्ट में इस मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए उन्होंने लिखा, ₹हम एक-दूसरे को कई साल से जानते हैं, शंघाई के शुरूआती दिनों से। सीसीटीवी न्यूज ने लि कियांग को उद्धृत किया, चीन में टेस्ला का कारोबार चीनी-अमेरिकी आर्थिक एवं व्यापार सहयोग का सफल उदाहरण है। चीन के लोगों के कठिन परिश्रम और सोच की तारीफ करते हुए मस्क ने कहा, टेस्ला की शंघाई गीगीफैक्ट्री कंपनी की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली इकाइयों में है। टेस्ला चीन में सहयोग बढ़ाना चाहती है ताकि दोनों पक्षों को और ज्यादा लाभ मिल सके। मस्क के इस दौरे से देश में टेस्ला के ऑटोपायलट और सुपरवाइज्ड फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) टेक्नोलॉजी के आने की उम्मीद बंधी है। इलेक्ट्रिक कार निमार्ता अमेरिकी कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। मस्क के इस महीने की शुरूआत में भारत आने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की उम्मीद थी, हालांकि उन्होंने वह दौरा रद्द कर दिया और अब उनके बाद में यहां आने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि हुई : सीतारमण

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व ने देश के तेज विकास का मार्ग प्रशस्त किया है, जो आने वाले कुछ वर्षों में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है। विशाखापत्तनम के गांधी प्रौद्योगिकी एवं प्रबन्धन संस्थान (गीतम) विश्वविद्यालय में विकसित भारत एंबेसडर कैंपस संवाद को संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत 2014 में यूपीए के कार्यकाल में 10वें स्थान पर था, अब 2024 में सिर्फ. 10 वर्षों के भीतर 5वें स्थान पर आ गया है। उन्होंने जोर दिया कि भारत सरकार ने अनुसंधान कोष के लिए लगभग एक लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस निवेश का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में भारत के अनुसंधान बजट को बढ़ावा देना है, जिससे देश में समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में भारत को दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में देखे जाने के पीछे कुछ कारणों में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई, लालफीताशाही को कम करना और व्यापार करने में सहूलियत जैसी सुविधाओं को मिलना बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसकी जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है।

## एक मई से वनप्लस की बिक्री हो सकती है बंद!

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वनप्लस जल्द ही 1 मई 2024 की तारीख को फैंस के लिए एक बड़ा सदमा लेकर आने वाला है। अगर आप वनप्लस का नया स्मार्टफोन खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। 1 मई के बाद भारत में करीब 2 लाख दुकानों पर वनप्लस स्मार्टफोन और अन्य वनप्लस डिवाइस की बिक्री पर रोक लग सकती है।

अगर आप वनप्लस फोन खरीदना चाहते हैं तो 30 अप्रैल से पहले खरीदारी कर लें। 1 मई 2024 से वनप्लस स्मार्टफोन और कंपनी के अन्य गैजेट भारत के ज्यादातर ऑफलाइन और रिटेल स्टोर्स पर मिलना बंद हो जाएंगे। इसलिए, अगर आपको या आपके किसी जानने वाले को वनप्लस डिवाइस चाहिए तो आप रिटेल स्टोर पर जाकर 30 अप्रैल 2024 से पहले इसे खरीद सकते हैं।



**▶▶ इस कारण बिक्री बंद कर दी जायेगी**

आपको बता दें कि वनप्लस पर इस वक्त भारत में अपनी बिक्री बंद होने का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। देश में ऑफलाइन स्टोर्स पर बिक्री रोकने के पीछे रिटेल स्टोर्स एसोसिएशन यानी ORA द्वारा लिया गया फैसला है। ORA की ओर से कहा गया है कि कंपनी ने भारत में बिक्री के लिए एसोसिएशन से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं, इसलिए वनप्लस स्मार्टफोन और अन्य डिवाइस की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है।

**▶▶ AIMRA ने ORA का समर्थन किया**

आपको बता दें कि ORA साउथ इंडियन रिटेलर्स ऑर्गनाइजेशन है। उसने 1 मई से दक्षिण भारत में ऑफलाइन स्टोर्स पर वनप्लस स्मार्टफोन की बिक्री बंद करने का फैसला किया है। अब डफ्अ के साथ-साथ ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने भी अपने रिटेलर्स की ओर से वनप्लस स्मार्टफोन की बिक्री बंद करने के संकेत दिए हैं। ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन की ओर से इस संबंध में स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी को पत्र भी लिखा गया है।

## टोयोटा किर्लोस्कर जी-एटी वेरिएंट लांच

### 11 हजार रुपये देकर करा सकते हैं बुकिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में ऑटोमैटिक कारों की बढ़ती मांग को देखते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी किफायती 7 सीटर कार रूमियन का नया ऑटोमैटिक वेरिएंट लॉन्च किया है। न्यू ग्रेड टोयोटा रूमियन जी-एटी वेरिएंट को 13 लाख रुपये की एक्स शोरूम प्राइस के साथ पेश किया गया है। आप 11 हजार रुपये टोकन अमाउंट के साथ रूमियन जी-एटी को बुक करा सकते हैं और 5 मई से इसकी डिलीवरी शुरू हो जाएगी। इस एमपीवी में नियो ड्राइव (इंटिग्रेटेड स्टार्टर जेनरेटर-आईएसजी) टेक्नॉलजी दी गई है, जो कि परफॉर्मेंस के मामले में जबरदस्त है। नया ऑटोमैटिक वेरिएंट लॉन्च करने के साथ ही टोयोटा ने रूमियन ई-सीएनजी की बुकिंग फिर से शुरू कर दी है।




टोयोटा किर्लोस्कर मोटर इंडिया ने अपनी नई रूमियन को कंफर्ट, स्टाइल, प्रीमियम एक्सटीरियर डिजाइन और जबरदस्त माइलेज क्षमता के साथ पेश किया है। देश में सबसे ज्यादा बिकने वाली एमपीवी मारुति सुजुकी अर्टिगा के री-बैज्ड वर्जन के रूप में आई रूमियन के इससे पहले काफी सारे मैनुअल और ऑटोमैटिक वेरिएंट्स की बिक्री होती है और कंपनी ने अब जी-एटी के रूप में नया वेरिएंट पेश किया है। पावर और माइलेज

नई टोयोटा रूमियन जी ऑटोमैटिक में 1.5 लीटर का के-सीरीज पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो कि 103 एचपी की मैक्सिमम पावर और 137 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरकेट करता है। इसके साथ 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प मिलता है।

## एक नजर

### कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच भीम चूल्हा रेलवे टनल के पास डाउन ट्रैक से सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति(45 वर्ष) का शव को पुलिस ने बरामद किया है। अब तक शव की शिनाख्त नहीं पाई है। मृतक आसमानी शर्ट और पैंट पहने हुए था। घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज थाना से एसआई शेख अमानुल्लाह घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आसपास के लोगो को बुलाकर पहचान कराया लेकिन मृतक की शिनाख्त किसी ने नहीं की। एसआई शेख अमानुल्लाह के बताया की प्रथम दृष्टया रेल से कटकर मौत होना प्रतीत होता है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी संतोष कुमार साव के पुत्र छोटू कुमार और उसी गांव के राजनाथ कुमार सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर से से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी छोटू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही राजनाथ कुमार को सीने में गंभीर चोट लगी है उसका भी हालत नाजुक है। वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में दोनों घायलों का इलाज करवा रहे है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** रविवार की देर शाम को जपला छतरपुर मुख्य रोड में नागबाबा के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में अभिमन्यु पाल, ग्राम सोनबरसा और बीरेंद्र पाल ग्राम बैरांव के निवासी हैं। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए दोनों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है।

## झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक में लिया गया निर्णय

# केएन त्रिपाठी के नामांकन में बड़ी संख्या में शामिल होंगे झामुमो नेता व कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक सोमवार को जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शितमोहन मुंडा ने की जबकि बैठक का संचालन प्रखंड सचिव मो इजहार कर रहे थे। बैठक में महागठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए चतरा चलने,चुनाव में साझा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने,पार्टी का संदेश जन जन तक पहुंचाने आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के नामांकन प्रक्रिया में प्रत्येक पंचायत से सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए शितमोहन मुंडा ने कहा कि झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्रों में महागठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। यह चुनाव केंद्र में बैठी तानाशाही सरकार के खिलाफ है। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। जिस प्रकार से केंद्र में बैठी भाजपा नीत मोदी सरकार ने जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है।

# पुलिस ने जंगल से की 150 किलो अवैध गीला कत्था बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगल से 150 किलोग्राम अवैध गिला कत्था सहित अन्य सामान बरामद किया है। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केसरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम चोपे टोला पारडाढी महनेईया नदी किनारे कुछ व्यक्तियों के द्वारा खैर पेड़ काटकर कत्था बनाकर अवैध व्यापार किया जा रहा है। इस संदर्भ में सूचना के सत्याप करते हुए शीला ओपी प्रभारी विष्णु चरण भोक्ता के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। उसके बाद एसडीपीओ के दिशा निर्देशन में छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जंगल से लगभग 150 किलोग्राम गिला कत्था, बर्तन सहित कत्था बनाने वाले उपकरण, खेर की लकड़ी, तराजू एवं जैक जब्त किया। इस संबंध में छह अभियुक्तों के विरुद्ध सिमरिया थाना (शिलाओपी) कांड संख्या 80/2024 दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में शिला ओपी प्रभारी के साथ पुअनि रामानुज सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग समारोह



**पांकी।** द कराटे एकेडमी के साक्षी वर्मा और विकाश कुमार को ब्लैक बेल्ट की डिग्री देकर सम्मानित किए - डॉ प्रवीण सिद्धार्थ संवाद रेड़मा पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में बेल्ट ग्रेडिंग समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ उपस्थित होकर खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि इन बच्चों ने कराटे को सिर्फ अपना जुनून ही नहीं बनाया बल्कि इसे अपने जीवन जीने के तरीके के रूप में भी अपनाया है जो कि आज कल की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।

### मिशन समृद्धि ने किया पूड़ी-सब्जी का वितरण



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था का कार्य सदस्यों के द्वारा बहुत ही निष्ठा पूर्वक सभी कार्यों का सम्पादन होता ही रहता है। इतना ही नहीं लोगों को अपनी खुशियाँ भी यहाँ मनाना अच्छा लगता है। सदस्य शीला गोस्वामी जी की निष्ठा कुछ अधिक ही है। हमेशा वे जरूरतमंदों के बीच बहुत ही श्रद्धा से उनके लिए कुछ न कुछ करती ही रहती हैं। ईश्वर की कृपा से उनका घुटने का आ?परेशन सफल रहा इसका पूरा श्रेय वे जरूरतमंदों के द्वारा मिला आशीर्वाद को देती हैं।उन्होंने अपनी तरफ से अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर परिसर में पूरी सब्जी केला का वितरण किया। इस कार्य में अन्य सदस्यों विशेष रूप से अहिल्या गिरि बैजंती गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

### भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बारी में जनसंपर्क अभियान चलाया



**सतबरवा।** पलामू लोकसभा के भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीत एवं भाजपा 400 पार को लेकर सिमरिया के विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास बारी पंचायत के साथ कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर बिष्णु दयाल राम के पक्ष में वोट देने की बात कही। और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पुरे भारत देश में विकास ही विकास हो रहा है । तिसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाना है । इसलिए तिसरी बार सांसद बनाकर बिष्णु दयाल राम को दिल्ली भेजकर पलामू का सर्वांगीण विकास कार्य को आगे बढ़ाने में मदद करें।

### परशुराम जन्मोत्सव पर हर घर, मंदिर व शिवालय पर जलाएं दीप : देवेंद्र तिवारी



**पलामू ।** परशुराम जन्मोत्सव से पहले विकास दूबे ने संभाली युवा वाहिनी की कमान, दुबारा बने पलामू के जिलाध्यक्ष। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पलामू में अक्षय तृतीया के दिन फिर से इतिहास लिखने को बेकरार है। पिछले दशक से शुरू हुई भगवान श्री परशुराम की जयंती मनाने की परंपरा को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। गांव-गांव से परशुराम वंशज युवा वाहिनी के बैनर तले भव्य एवं दिव्य श्री परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन की प्रतिक्षा में हैं, जिसे भव्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, एवं विषय प्रवेश प्रवक्ता संजय मिश्रा ने कराया। आगामी कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश कमिटी के विस्तार के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पलामू जिला की कमान दूसरी बार पूर्वडीहा निवासी विकास दूबे को सौंपी है।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र का महापर्व चुनाव हमारे पलामू जिले में 13 मई को होना है।प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारियां की जा रही हैं। पर एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने स्तर से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें ताकि हमारे क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढे।इसी बात को ध्यान में रखकर 'वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट' के सदस्यों ने कल भुईंया टोली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की सलाह दी।

# सीपीआई के पलामू से सांसद प्रत्याशी अभय भुइयां ने नाम लिया वापस



### अभय भुइयां नहीं लड़ेंगे चुनाव, गठबंधन धर्म निभाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कचहरी प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूंइया, किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी, नसीम राइन ने संयुक्त रूप से ब्यान प्रकाशित कर कहा कि पार्टी ने पार्टी के महासचिव के हस्ताक्षर से पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से अभय कुमार को उम्मीदवार बनाया और नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो एवं राज्य सचिव महेंद्र पाठक भी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू प्रशासन जोर-शोर से कर रहा तैयारी



### पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में 55 हेलीपैड बनाए गए हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पलामू प्रशासन की तैयारियां जोर-शोर से हैं। विधि व्यवस्था के ध्यान में रखते हुए पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में 55 हेलीपैड बनाए गए हैं। ये हेलीपैड कुछ अस्थाई है और कुछ स्थाई है, स्थाई हेलीपैड या हवाई अड्डा चियांकी का है। इस 55 हेलीपैड में करीब 20 ऐसे हेलीपैड है जहां छोटी-मोटी परेशानियों को दूर करने का प्रयास पेश कर दिया गया है। जैसे रामगढ़ प्रखंड में दीप्ति हाई स्कूल के मैदान में हेलीपैड है लेकिन इस हेलीपैड पर कुछ बड़े पेड़ पौधे हैं जिन्हें हटना हटाना आवश्यक होगा। इसी तरह से पांकी प्रखंड के रणेभइ में एक हेलीपैड है लेकिन जिस मैदान में यह हेलीपैड है वहां फसल लगी हुई है। ठीक यही स्थिति तेतरई में है। जहां जिस जगह हेलीपैड था वहां इस समय फसल लगी हुई है।, नावा बाजार में भी एक हेलीपैड है जिसे ढलान है और इस ढलान से हेलीपैड के मजबूती पर असर पड़ा है। उटारी रोड के एक हेलीपैड में मैदान को समतल करने की आवश्यकता है। इसी तरह से चेतना में बने हेलीपैड का पक्की करण की आवश्यकता है। मनातू प्रखंड के नेतार में एक हेलीपैड है जिसमें मिट्टी को और दाबने या धुरमुस करने की आवश्यकता है। सबसे अच्छी बात ये है कि 35 ऐसे हेलीपैड हैं जो बहुत ही उचित योग्य और कारगर है।

# छात्रों के भविष्य के साथ खेल रहा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छात्र नेता अभिषेक राज का कहना है छात्रों के भविष्य के साथ खेल रहा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग, एक बार फिर नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग कटघरे में खड़ा हो चूका है ।

नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा वोकेशनल कोर्स सत्र 2022 - 25 जिसकी प्रथम साल की परीक्षा अक्टूबर महीने में हुई थी उसका रिजल्ट अभी दो दिन पूर्व में दिया गया है । जिसमें फिजिक्स विषय में 76 छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया है। इतने समय लेने के बाद भी परीक्षा परिणाम में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के बीसीए के 76 छात्र-छात्राओं को फिजिक्स के विषय में फेल कर दिया गया है । जिससे छात्र असंतुष्ट है उनका कहना है की विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गयी है जिसके कारण हमारा रिजल्ट खराब किया गया है ।

# रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सोमवार को थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज कोसियारा रेलवे स्टेशन ने बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी एक युवक शव बरामद किया गया है। युवक की पहचान माली गांव निवासी नितेश कुमार उम्र 26 वर्ष पिता राजेश्वर पासवान के रूप में हुई है। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को ट्रैक के पास शव की सूचना दी। मृत युवक का घर घटना स्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मोहम्मदगंज थाना से एएसआई बिपिन ठाकुर मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है।

# सांस्कृतिक पाठशाला की 40वीं कड़ी में उमेश नजीर की याद में परिचर्चा



### हम जिस भूखंड पर रहते हैं वहीं राष्ट्र खोजें

### छोटी-छोटी राष्ट्रीयताओं के ध्वंसावशेष पर होता है जन्म राष्ट्र का

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उमेश नजीर मेरा प्रोफेशनल छोटा भाई था। उसने पत्रकारिता की शुरूआत मेरी देखरेख में शुरू किया। उसकी भाषा अच्छी थी। उसकी भाषा में क्लिस्टता का समावेश होता था। उसकी भाषा को सरल बनाने की सुझाव मैं निरंतर देता रहा। उनके निधन की खबर से मैं काफी दुखी था। आज उनकी याद में आयोजित परिचर्चा में राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद विषय पर चर्चा कर रहे हैं। हम जहां रहते हैं वहीं राष्ट्र को खोजें और और उस भूखंड को अपने कार्यों से विकसित करने का काम करें वही राष्ट्रवाद है। मैंने अपने पुस्तक लेखन में इसी बात का ख्याल रखा। उक्त बातें संस्कृतिक पाठशाला की 40 वीं के तहत उमेश नजीर की याद में आयोजित परिचर्चा में राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद विषय पर अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रभात सुमन मिश्र ने कही। इस कड़ी में इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा उमेश नजीर में पढ़ने का एक उत्साह था। इस उत्साह का संचरण सभी में हो तो बेहतर है।

# सुरक्षा बीमा के तहत दो लाख रुपये का चेक दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पिपरा शाखा के द्वारा बीडीओ परितोष प्रियदर्शी ने नामित अरुण मिस्त्री को बीमा राशि के दो लाख का चेक प्रदान किया. अरुण मिस्त्री के पत्नी सुनीता देवी की आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी, जिन्होंने पिपरा शाखा में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करवाया था. पिपरा प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पीएमजेजेबीवाई के तहत जो लोग बीमा करवाते है. उनकी आकस्मिक मृत्यु हो जाती है, तो नामित को दो लाख रुपया दिया जाता है. मौके पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डु, बीपीएम मनीषा कुमारी, सरजुन राम आदि उपस्थित थें।

### अनियंत्रित होकर टेंपो पलटा, एक की मौत, दो व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बलथरवा रामगढ़ रोड में सीमेंट और छड़ लदा ट्रैक्टर सोमवार की शाम अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे ट्रैक्टर पर सवार तीन व्यक्ति पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम उताकी निवासी ट्रैक्टर चालक पप्पू सिंह उम्र 30 वर्ष, नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेनुआ निवासी विजय सिंह उम्र 45 वर्ष और नेनुआ गांव के लखन लाल सिंह उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को ट्रैक्टर से बाहर निकाल कर उन्हे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।

# पलामू टाइगर रिजर्व में चल रही वन्य प्राणियों की गणना अपने अंतिम चरण में





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में चल रहे हैं मानसून ऋतु से पहले के वन्य प्राणियों की गणना अपने अंतिम चरण में है। यह एक सप्ताह के वन प्राणी की गणना की समाप्ति 30 अप्रैल को होने जा रही है। इस गणना के अंतिम दिन यानी 30 अप्रैल को पलामू टाइगर रिजर्व के दोनों प्रमंडलों उत्तरी और दक्षिणी में गिद्ध के देखने और पाने गणना की संभावना है। गिद्ध के साथ-साथ बड़ी चिड़िया भी देखी जानी है और उनकी उपस्थिति को एप के माध्यम से लिए जाने का प्रयास होगा। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी जो बारेसाड रेंज के हैं उन्होंने प्रेस को बताया कि मानसून ऋतु पहले की इस एक सप्ताह की वन्य प्राणियों की गणना में उन्हें और उनकी टीम को काफी कुछ आंख से देखने को मिला।

श्री तिवारी ने बताया कि उनकी और उनके टीम का सामना एक 7 से 8 फीट लंबे मोटे अजगर सांप से हुई, यह अजगर सांप उनसे और उनके टीम से मात्र दो या तीन मीटर की दूरी पर ही था। यह पूछे जाने पर के क्या सांप से उन्हें कोई खतरा हुआ या फिर आप या आपके टीम से इस अजगर सांप को कोई खतरा महसूस हुआ। तो श्री तिवारी ने बताया कि हम लोगों ने अपने रास्ते को इस सांप से कुछ और दूर कर लिया ताकि अजगर को उसकी अपनी गति में चलने में कोई रुकावट नहीं हो। प्रभारी वनपाल ने बताया के जहां उन्हें और उनकी टीम में यह भरी भरकम अजगर सांप को देखा वही इस गणना के करने के दौरान उन्हें नजदीक से तेंदुआ की आवाज मिली ये आवाज बहुत गहरी थी। श्री तिवारी बताते हैं कि तेंदुआ की आवाज यदि व्यक्ति सतर्क हो तो बहुत आसानी से पकड़ सकता है उन्होंने बताया कि तेंदुआ एक बहुत ही तेज दौड़ने वाला मांसाहारी जीव हैं। इस लिए उन्होंने और उनकी टीम ने यह मुनासिब समझा कि जिस दिशा से तेंदुआ की आवाज आई है उस दिशा की ओर नहीं जाया जाए यह एक बुद्धिमान फैसला था।

# शिक्षकों की लापरवाही से स्कूल में 6 घंटा बंद रहा मासूम बच्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदुरिया में शनिवार को छठी क्लास का एक छात्र अपने कमरे में सो गया था।स्कूल के शिक्षक सभी कमरों को बंद कर अपने घर चले गए थे. स्कूल के बगल से ग्रामीण गुजर रहे थे।इसी क्रम में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी. बाद में ग्रामीणों ने पूरे मामले की जानकारी सदर प्रखंड विकास प्राधिकारी को दी और स्कूल के दरवाजे को तोड़कर बच्चे को बाहर निकाला।ग्रामीणों ने मामले में शिक्षकों से संपर्क किया था, लेकिन शिक्षक अपने-अपने घर चले गए थे. सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी रंधीर कुजूर स्कूल में जांच करने गए थे. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बच्चा कमरे में सो गया था, ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला था।उन्होंने बताया कि सभी शिक्षकों को शोकॉज किया गया है और उनका वेतन भी रोका गया है।

## पेज एक के शेष

### भाजपा की फितरत हक...

पर गठबंधन के उम्मीदवार को जीतना होगा। कल्पना ने कहा कि इस भारी भीड़ में एक जन की कमी है, वह जन है हेमंत सोरेन की। हेमंत सोरेन जेल में हैं। लेकिन उनकी सोच को चार दीवारी में बंद नहीं किया जा सकता। कल्पना ने कहा कि जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। इस राज्य के लिए सब कुछ बलिदान करने वाले शिबू सोरेन का प्रतिबिम्ब हेमंत सोरेन में दिखता है। उन्होंने पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। कहा कि गांडेय झारखंड मुक्ति मोर्चा का ताज है और गिरिडीह दिशोम गुरु का कर्मभूमि रहा है।

### सत्ता पाने के लिए देश को...

मुझे धन, दौलत नहीं चाहिए। मुझे सफलता प्रसिद्धि नहीं चाहिए। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए। इस साल के चुनाव में आप अगले 5 साल के विकास की गारंटी के लिए वोट करने जा रहे हैं। दूसरी ओर वे लोग हैं जिन्होंने 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन की ओर अग्रसर किया। अपने दागदार इतिहास के बावजूद कांग्रेस देश की सत्ता दोबारा हासिल करने का सपना देख रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए पिछले 10 साल में जितना काम हुआ है, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए एससी, एसटी, ओबीसी के हर अधिकार को रोकने की कोशिश की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने तय कर लिया है कि अब गरीब बच्चों को डॉक्टर बनाना है। हर किसी की किस्मत में अंग्रेजी पढ़ना नहीं लिखा होता। अब आप मराठी में पढ़ाई कर के भी डॉक्टर, इंजीनियर बन सकते हैं। अगर आपको अंग्रेजी नहीं आती तो भी आप देश चला सकते हैं।



# कांग्रेस ने पंजाब की चार लोकसभा सीटों पर किया उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार को पंजाब में चार सीटों पर अपने प्रत्याशी के नामों की सूची जारी की। कांग्रेस ने गुरदासपुर से सुखजिंदर सिंह रंधावा को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने खडूर साहिब से कुलबीर सिंह जीरा को चुनाव मैदान में उतरा है। इसके अलावा आनंदपुर साहिब से विजय इंदर सिंगला और लुधियाना से पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष



अमरिंदर सिंह बराड़ (राजा वड़िंग) को टिकट दिया गया है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने 22 अप्रैल को एक और लिस्ट जारी की थी, जिसमें पंजाब की दो सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा की थी। पार्टी ने होशियारपुर से यामिनी गोमर और फरीदकोट सीट से अमरजीत कौर को टिकट दिया था। कांग्रेस पंजाब में लोकसभा की 13 में 12 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। पंजाब में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने जा रही है, जहां उसका मुकाबला आप, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल से होगा। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर सातवें और आखिरी फेज में 1 जून को वोटिंग होनी है। चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

# मध्य प्रदेश के चुनाव प्रचार से चर्चित चेहरे क्यों हैं गायब ?

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव का प्रचार जोरों पर है। दो चरणों का मतदान हो भी चुका है, मगर राज्य के कुछ चर्चित चेहरे प्रचार करते नजर नहीं आ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या इन नेताओं ने अपने को प्रचार से दूर रखा है या पार्टी उनसे प्रचार कराने में रुचि नहीं दिखा रही है।

राज्य में लोकसभा की कुल 29 सीटें हैं, जहां चार चरणों में मतदान हो रहा है। पहले दो चरण का मतदान 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 12 सीटों पर हो चुका



है। आगे दो चरणों में 17 संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। राज्य की सियासत पर गौर करें तो बीते लगभग ढाई दशक में संभवत यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व मंत्री और सिंधिया राजघराने से नाता रखने वाली यशोधरा राजे सिंधिया और भोपाल से सांसद प्रज्ञा ठाकुर प्रचार करते नजर नहीं आ रही हैं।

इन तीनों महिला नेताओं के सियासी सफर पर गौर करें तो उमा भारती और प्रज्ञा ठाकुर की पहचान कट्टर हिंदूवादी नेता की रही है, वहीं यशोधरा राजे सिंधिया का नाता सिंधिया राजघराने से है। उमा भारती की बात करें तो वे केंद्रीय मंत्री रही हैं और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की भी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। उनकी पिछड़े वर्ग में गहरी पैठ है और वह स्वयं लोधी वर्ग से आती हैं। राम मंदिर के आंदोलन में उनकी बड़ी भूमिका रही, वहीं वे हिंदूवादी राजनीति का बड़ा चेहरा भी हैं। उनका राज्य के कई हिस्सों में प्रभाव रहा है।

इसी तरह भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर भी हिंदूवादी चेहरा हैं और वह हमेशा अपने बयानों के कारण चर्चा में रहती हैं। उधर, पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का प्रभाव ग्वालियर तथा चंबल क्षेत्र के कई स्थानों पर है। भाजपा चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंके हुए है और राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के नेताओं को अलग-अलग हिस्सों के प्रचार की कमान सौंपी गई है। लेकिन भाजपा के ये तीन बड़े चेहरे चुनाव प्रचार में नजर नहीं आ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या इन नेताओं की उम्मीदवारों की ओर से मांग नहीं आई या पार्टी इनका उपयोग नहीं करना चाहती। इन नेताओं ने भी अपनी ओर से प्रचार में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

## पीएम पर 6 साल के लिए चुनाव लड़ने का प्रतिबंध लगाने की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रधानमंत्री को 6 साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का मानना है कि यह आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन का मामला है लेकिन मात्र शिकायत से कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश नहीं दे सकता है। सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से कहा गया कि वो याचिकाकर्ता की शिकायत पर विचार कर रहा है। वकील आनंद एस जोंधाले ने दायर याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में विपक्ष को मुसलमानों से जोड़कर बोला जबकि चुनाव में धर्म का प्रयोग करना जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन है। याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी।

# हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है : अमित शाह

### अमित शाह ने मजबूर नहीं मजबूत नेता को नेतृत्व सौंपने की अपील की

### जनसमूह ने हाथ उठाकर गिरिराज को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताने का किया जयघोष

**एजेंसी। बेगूसराय (बिहार)**

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को झंझारपुर के बाद बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में इनके विभाग ने प्रधानमंत्री मोदी की सोच, सेवा, सुरक्षा और गरीब के कल्याण को धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी यदि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो इस बार तीन करोड़ लखपति दीदियां बनेंगी। हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है।

अमित शाह ने कहा कि देश को मजबूर नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व



की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए में पीएम प्रत्याशी कौन होगा, इसका अब तक कोई अता-पता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मुझे तो लगता है कि लालू, ममता, स्टालिन, केजरीवाल और अन्य बारी-बारी से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि क्या आप ऐसे लोगों को देश का नेतृत्व सौंपना चाहेंगे? उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हुआ है। राष्ट्रीय आपदा कोरोना में उनके प्रयासों का न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी भी कायल रहे हैं।

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और लालू जैसे लोगों ने भगवान राम के साथ क्या सुलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी के दृढ़ निश्चय से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त हुआ। धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा ने कहा था कि यदि धारा 370 हटाई जाएगी तो देश में खून की नदियां बहेंगी लेकिन आज मैं पूछता हूं कि खून की तो बात ही छोड़ो एक कंकड़ भी कहीं नहीं गिरा।

अमित शाह ने कहा कि ये लोग फिर कह रहे हैं कि यदि हम सत्ता में आएंगे तो धारा 370 को हटा देंगे। आप लोग हाथ उठाकर बोलिए कि क्या आप ऐसा होने देंगे? उन्होंने कहा कि बिहार का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। जब तक भाजपा का एक कार्यकर्ता जिंदा है तब तक किसी की मजाल नहीं है कि धारा 370 को खत्म कर सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उग्रवाद और नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। यदि आप उन्हें तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो हमारा देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी और उनके कुशल नेतृत्व में हम भारत को नंबर वन बनाकर रहेंगे।

### गिरिराज सिंह को विजयी बनाने की अपील की

गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल केंद्र और राज्य सरकार, बल्कि गिरिराज सिंह की उपलब्धियों को भी गिनाया और उन्हें अजेय बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 3.75 हजार गरीबों का आयुष्मान कार्ड बना है, 5.75 हजार गरीबों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मिल रहा है, 4.20 हजार महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर मिला है, 4.75 हजार लोगों को नल से जल मिला है, 1.20 हजार किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये मिला है। शाह ने कहा कि गिरिराज सिंह के कुशल नेतृत्व में इन लाभों के अलावा सिमरिया में सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। मंसूरचक और बछवाड़ा में अस्पताल बना है। विकलांगों के लिए ढेर सारी कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अंत में उन्होंने जनसमूह से गिरिराज सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए बिहार की सभी सीटों पर एनडीए की जीत के प्रति लोगों को आश्वस्त भी किया।

# यह संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने का चुनाव है : राहुल गांधी

**एजेंसी। बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को बचाने का चुनाव है। यह लड़ाई विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी, इंडिया गठबंधन है तो दूसरी तरफ भाजपा है। अब लोग यह जान गए हैं कि यह चुनाव संविधान का चुनाव, संविधान को बचाने का चुनाव है। भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं, बदलना चाहते हैं, एक तरफ वे लोग हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस इसको बचाने की कोशिश कर रही है। यह 2024 का चुनाव एक प्रकार से संविधान का चुनाव है। यह संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है।

हाथ में संविधान की पुस्तिका लिए राहुल गांधी ने कहा कि लोग कहते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है, यह किताब नहीं है। यह इस देश में गरीबों को अधिकार देता है, यह गरीबों की रक्षा करता है, संरक्षण देता है,



पाटन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एक तरफ भाजपा और आरएसएस हमारे संविधान को खत्म करना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक इसकी रक्षा कर रहे हैं।' कांग्रेस नेता ने हाल के वर्षों में बढ़ी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के लिए भी सत्तारूढ़ सरकार को दोषी ठहराया।

उनके भविष्य की देखभाल करता है और देश में उनके जीने के तरीके की रक्षा करता है। भाजपा चाहती है कि इसे फाड़कर फेंक दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने कहा है कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो संविधान को खत्म कर देंगे, दूसरे नेता कहते हैं आरक्षण को खत्म कर देंगे। संविधान से आरक्षण निकला, संविधान से पब्लिक सेक्टर निकला, संविधान से ही आपका अधिकार आया। यह सब संविधान ने दिया है, अगर यह चला जाएगा तो आदिवासी का जल, जंगल, जमीन, जीने का तरीका, भाषाएं गायब हो जाएंगी।

उन्होंने आगे कहा कि संविधान के बिना देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचने वाला है। वह कहते हैं कि हम रिजर्वेशन के खिलाफ नहीं हैं, आरक्षण एक सोच है।

### राहुल एक को अमेठी से तो प्रियंका दो को रायबरेली से कर सकती हैं नामांकन

**रायबरेली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के सोमवार देर शाम रायबरेली पहुंचने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि वह दो मई को रायबरेली से नामांकन कर सकती हैं। कांग्रेसी अपनी नेता के स्वागत में पार्टी कार्यालय के इर्द गिर्द चहलकदमी करने लगे हैं। वहीं राहुल गांधी के पहली मई को अमेठी से नामांकन करने की उम्मीद है। बताया जा रहा है नामांकन के पूर्व दोनों भाई-बहन अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन कर सकते हैं।

# रैली, रोड शो में मोदी ले रहे बढ़त, राहुल की रफ्तार धीमी

### मोदी रोज कई रैलियां, रोड शो कर रहे, तो राहुल मात्र एक या दो रैली

### मोदी की रैली उन क्षेत्रों में होती है, जहां अगले चरण में चुनाव होना है, कांग्रेस में यह संयोजन नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान समाप्त हो चुका है और तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। इस सबके बीच सभी पार्टियां अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक चुकी है। भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के चुनाव प्रचार के तरीकों को देखें तो आपको इसमें खासा फर्क नजर आएगा। दोनों पार्टी के जो सबसे बड़े स्टार प्रचारक चेहरे हैं, उनके कार्यक्रमों को ही देख लें तो आपको इसका अंदाजा लग जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार इस भीषण गर्मी में भी एक दिन में कई चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी की बात करें तो वह एक दिन में एक या दो रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। वह भी हर दिन ऐसा नहीं कर रहे हैं। पीएम मोदी रैलियों के संबोधन के बाद रोड शो भी करते हैं। इसके



साथ ही सरकार के कई कार्यक्रमों में पीएम मोदी शिरकत भी करते रहते हैं। दूसरी एक और चीज गौर करने वाली है कि पीएम मोदी की रैली और रोड शो उन क्षेत्रों में होती है, जहां अगले चरण में चुनाव होना होता है। वहीं, राहुल गांधी की रैली को लेकर ऐसा कुछ ट्रेंड देखने को नहीं मिला है। इसका एक बेहतर उदाहरण ऐसे देख सकते हैं। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में राहुल गांधी की 28 अप्रैल को रैली हुई। जबकि, ओडिशा में 4 चरण से लोकसभा सीटों पर चुनाव होना शुरू होगा और इस केंद्रपाड़ा की सीट पर 7वें और अंतिम चरण में मतदान होना है। इस केंद्रपाड़ा सीट का चुनावी इतिहास भी देखें तो आपको समझ में आ जाएगा कि इस लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर कांग्रेस कितनी सीरियस है। दरअसल, इस सीट पर 17 आम चुनाव हो चुके हैं और इसमें से 1 बार कांग्रेस की झोली में यह सीट आई है। यह एक जीत कांग्रेस को यहां 1952 में मिली थी। इस सीट को वर्तमान में बीजद (बीजू जनता दल) का गढ़ माना जाता है। ऐसे में यहां राहुल गांधी की अभी सभा होना चौंकाने वाला ही है। पार्टी ने राहुल गांधी से यहां रैली कराने का निर्णय किन परिस्थितियों में लिया, यह तो कांग्रेस का आंतरिक विषय है। लेकिन, अगर राजनीति को समझने वालों की मानें तो यह पार्टी का बेहद ही खराब निर्णय है। क्योंकि एक पार्टी के तौर पर कोई कैसे यह निर्णय कर सकता है कि इतने लंबे समय तक चलने वाले आम चुनाव में कब और कहां प्रचार करना है, इसकी सही रणनीति ना हो।

# राजनाथ ने लखनऊ से किया नामांकन, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। इससे पहले भाजपा राज्य मुख्यालय से जिला कलेक्ट्रेट तक एक प्रभावशाली रोड शो निकाला गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य, राज्य भाजपा प्रमुख भूपेन्द्र चौधरी, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा और



सुधांशु त्रिवेदी भी 'लखनऊ विकास यात्रा' के रूप में डिजाइन किए गए रथ के ऊपर नजर आए। इस जुलूस में शामिल होने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा। इस मौके पर लोगों ने पुष्प की वर्षा की। नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की।

### अमेठी से स्मृति ईरानी ने किया नामांकन

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। स्मृति ईरानी ने कांग्रेस का गढ़ माने



जाने वाली अमेठी से 2019 में राहुल गांधी को हराया था, जबकि 2014 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। स्मृति के नामांकन के समय मध्य प्रदेश के सीएम भी मौजूद थे। इससे पहले ईरानी ने रोड शो भी किया। बीती रात स्मृति ईरानी हेलमेट लगा कर अमेठी में स्कूटी राइड करते हुए लोगों से मिलती नजर आई थीं। 48 वर्षीय स्मृति ईरानी लोगों के साथ सेल्फी और तस्वीरें लेते हुए दिखाई दीं।

### इंदौर में कांग्रेस को बड़ा झटका

# अक्षय कांति ने नामांकन वापस लिया

**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस तरह



अक्षय कांति बम ने एक तरह से सियासी बम फोड़ दिया है। इंदौर में कांग्रेस के अक्षय कांति बम और भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी के बीच मुकाबला था, मगर सोमवार को अक्षय ने निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन वापस ले लिया। संभावना जताई जा रही है कि वह भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर लिखा, इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है।

# सारण से रोहिणी, शिवहर से लवली ने भरा पर्चा

**एजेंसी। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य ने सारण से और पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने शिवहर से सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। सारण से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची और नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव भी उपस्थित रहे। इसके बाद वहां एक चुनावी सभा का आयोजन हुआ। इस जनसभा को लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी के मुकेश सहनी समेत तमाम नेताओं ने संबोधित किया। सारण लोकसभा सीट के



लिए पांचवें चरण यानी 20 मई को मतदान होने वाला है। इस सीट से भाजपा ने राजीव प्रताप रूडी को फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। इधर, शिवहर से लवली आनंद ने सोमवार को एनडीए समर्थित जदयू से नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर लवली आनंद ने जीत का दावा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काम की तारीफ हो रही है। इस बार देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लिया है।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com